Springboard ACADEMY

# समसामयिकी

विषय-वस्तु शोध, अनुसंधान एवं संपादकीय कार्य
स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी टीम

## अक्टूबर-2025

**CURRENT AFFAIRS (September-2025)**

**PUBLISHER**

**MAHECHA PUBLICATION**

**PLOT NO. 58, WEST WAY HEIGHTS, BHANKROTA, JAIPUR (RAJASTHAN), 302026**

**E-mail:** thenoteshub@gmail.com , **Website:** www.thenoteshub.com

***The Notes Hub***

**+91 7300134518, +91 7610010054**

MAHECHA PUBLICATION

# विषय-सूची

| विषय-वस्तु | पृष्ठ-संख्या |
|---|---|
| 1. राजस्थान | 3 - 20 |
| 2. राष्ट्रीय | 21 - 41 |
| 3. अंतर्राष्ट्रीय | 42 - 46 |
| 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 47 - 50 |
| 5. खेल-कूद | 51 - 53 |
| 6. महत्त्वपूर्ण-दिवस | 54 |
| 7. महत्त्वपूर्ण-पुस्तकें | 55 |
| 8. अति-महत्त्वपूर्ण वस्तुनिष्ठ-प्रश्न | 56 - 58 |
| 9. टॉपर्स-टॉक | 59 - 60 |

Springboard ACADEMY

मूल्य : 30/- रुपये

© *All Rights Reserved By Publisher*

***नोटः**-इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनःप्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके-इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम-से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरित नहीं किया जा सकता है। प्रकाशक ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्त्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं है।*

# 01 राजस्थान करेंट अफेयर्स

## चर्चित व्यक्तित्व

### वासुदेव देवनानी

- 16वीं राजस्थान विधानसभा के वर्तमान अध्यक्ष।
- कैरिबियन देश बारबाडोस में 5-12 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित 68वें राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन में भारतीय दल में राजस्थान विधान मंडल का प्रतिनिधित्व किया।

### न्यायाधीश अरूण मोंगा

- दिल्ली उच्च न्यायालय से राजस्थान उच्च न्यायालय में स्थानान्तरित होकर आए जिन्हें 29 अक्टूबर, 2025 को राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने शपथ दिलवाई।
- राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की कुल संख्या = 40 (29 अक्टूबर, 2025 तक)
- राजस्थान के दो न्यायाधीशों का दिल्ली स्थानांतरण (सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा पश्चात भारत सरकार द्वारा)
  i. जस्टिस दिनेश मेहता
  ii. जस्टिस अविनाश झिंगन

### एडमैन-पीयूष पाण्डे

- **जन्म** - 1955, जयपुर
- **निधन - 24 अक्टूबर, 2025**
- भारतीय विज्ञापन उद्योग के दिग्गज और ओगिल्वी इंडिया के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष।
- प्रथम 'कान्स लायंस फेस्टिवल' हेतु एशिया में पहले जूरी अध्यक्ष थे।
- **पुरस्कार** - पद्म श्री (2016)
- 2014 लोकसभा चुनाव भाजपा के प्रसिद्ध नारे: 'अब की बार, मोदी सरकार' के क्रिएटिव थे।

### नियुक्तियाँ

- राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किशनराव बागड़े ने **18 अक्टूबर, 2025** को अलग-अलग आदेश जारी कर राजस्थान के सात विश्वविद्यालयों में कुलगुरु नियुक्त किए।
- **नियुक्ति आदेश** - राज्य सरकार के परामर्श से जारी किए
- **कार्यकाल** - कार्यभार संभालने की तिथि से 3/70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक।

| क्र. सं. | विश्वविद्यालय का नाम | कुलगुरु |
|---|---|---|
| 1. | कृषि विश्वविद्यालय, कोटा | डॉ. बिमला डूंकवाल |
| 2. | कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर | डॉ. वीरेंद्र सिंह जेतावत |
| 3. | श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर | प्रो. पुष्पेंद्र सिंह चौहान |
| 4. | महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर | डॉ. प्रताप सिंह |
| 5. | जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर | प्रो. पवन कुमार शर्मा |
| 6. | डॉ. सर्वपल्ली राधकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर | प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला |
| 7. | राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा | प्रो. निमित रंजन चौधरी |

## चर्चित स्थान

### उदयपुर

#### राजस्थान का प्रथम कंगारू मदर केयर लाउंज

- **उद्घाटन** - जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने 11 अक्टूबर, 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उदयपुर में।
- **KMC लाउंज मॉडल** - नवजात एवं मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम संवर्द्धन विशेषकर उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान और उचित देखभाल हो सकेगी।

### जयपुर

#### राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा)

- **कार्यक्रम** - रालसा द्वारा 12 अक्टूबर, 2025 को राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर में
- **अध्यक्षता** - सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह
- **विषय** : "Strategizing and Monitoring, Outreach & Awareness at the Grassroots Level"
- **उद्देश्य** - सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण स्थानीय लोगों से संपर्क स्थापित करें तथा भारतीय संविधान के अनुरूप आवश्यक सहायता प्रदान करें।

## बीकानेर

### इन्द्र-2025 : भारत-रूस का संयुक्त सैन्य अभ्यास

- **आयोजन** - महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, बीकानेर में
- **अवधि** - 7-15 अक्टूबर, 2025 तक
- **लक्ष्य**- आतंकवाद रोधी ऑपरेशन

## जैसलमेर

### सैन्य कमांडर सम्मेलन

- **आयोजन** - 23-25 अक्टूबर, 2025 तक
- **रक्षा मंत्री का दौरा** - राजनाथ सिंह ने जैसलमेर में सेना कमांडरों के सम्मेलन और 24 अक्टूबर, 2025 को तनोट और लोंगेवाला।
- **उपस्थिति** - चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी।
- **उद्घाटन** - राजनाथ सिंह ने कोणार्क के एज डेटा सेंटर और भारतीय सेना की फायर एंड फ्यूरी कोर।
  - **'सैनिक यात्री मित्र'** ऐप का शुभारंभ।
  - **'शौर्य पार्क'** एवं **'कैक्टस पार्क'** का उद्घाटन।
  - आर्मी सर्विस कोर सेंटर एंड कॉलेज, बेंगलुरु द्वारा संकलित **'रक्षा बाजरा व्यंजन संग्रह'** का विमोचन।
  - **नमन केंद्र** - पूर्व सैनिकों एवं परिजनों की सुविधा के लिए।
  - **चाँदपुरी हॉल** - मेजर (बाद में ब्रिगेडियर) कुलदीप सिंह चांदपुरी की स्मृति में श्रव्य-दृश्य कक्ष का उद्घाटन किया, जिन्होंने 1971 में लोंगेवाला युद्ध का नेतृत्व किया था।

### ऑपरेशन थार शक्ति-2025

- **आयोजन** - भारत-पाक सीमा के समीप लोंगेवाला बॉर्डर पर भारतीय सेना की एलीट यूनिट भैरव कमांडोज।
- इन्फैंट्री, आर्टिलरी और आर्मी एयर डिफेंस यूनिट भी शामिल।
- **उद्देश्य** - भविष्य के युद्ध कौशल एवं आधुनिक तकनीक तथा कृत्रिम बुद्धिमता का उपयोग करना। (Ator N1200, रोबोट डॉग)

# चर्चित-पुस्तकें

### अन्हर्ड (Unheard)

- **लेखिका** - जयपुर निवासी भाविनी भार्गव।
- **अवॉर्ड विजेता** - 'अन्हर्ड' को ऑस्ट्रेलिया के **'वर्ल्ड बेस्ट बुक अवॉर्ड'** से सम्मानित किया गया।
- **विशेष** - अवॉर्ड हेतु 'अन्हर्ड' का मुकाबला 'एटॉमिक हैबिट्स,' 'वेन ब्रेथ बिकम एयर', 'मिल्क एंड हनी' जैसी प्रसिद्ध किताबों और भगवद्गीता से भी रहा।
- **विषय वस्तु** - अनकही कहानियों पर आधारित जिसमें साहस, चुप्पी और स्वयं को पहचानने, भावनाओं एवं अनुभवों को स्वर देती है, जिन्हें अक्सर अनसुना या अनकहा छोड़ दिया जाता है।




**ए व्यू फ्रॉम विदिन** - **लेखक** - राजेन्द्र भाणावत

**अग्निपथ नहीं जनपथ** - **लेखक** - डॉ. सतीश पूनिया

# चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

### पीएम-सेतु योजना

- **शुभारंभ** - प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई दिल्ली में 4 अक्टूबर, 2025 को।
- राजस्थान में भरतपुर ITI हब बनेगा चार अन्य ITI स्पोक संस्थान होंगे।
- भारत के ITI ईकोसिस्टम को **'सरकार-स्वामित्व, उद्योग-प्रबंधित'** मॉडल में बदलेगी।

- राजस्थान सरकार ने पीएम-सेतु योजना (ITI उन्नयन) के पायलट चरण के अंतर्गत दो प्रस्तावित उद्योग क्लस्टरों के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए थे। **क्लस्टर 1 में भरतपुर क्षेत्र के अंतर्गत भरतपुर, धौलपुर, करौली, कामां (डीग) और बयाना जिले शामिल किए गए।**

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना

- **कैबिनेट मंजूरी** - 16 जुलाई, 2025
- **शुभारंभ** - 11 अक्टूबर, 2025 (नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा)
- **योजना का राज्यस्तरीय कार्यक्रम-**
  - **दिनांक** - 11 अक्टूबर, 2025 को
  - **आयोजन** - कृषि अनुसंधान संस्थान, जयपुर में
  - **अध्यक्षता** - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा।
  - **कवरेज क्षेत्र** - प्रत्येक राज्य का कम से कम एक जिला जरूर शामिल होगा। देश के 100 जिलों को शामिल।
  - **जिनमें राजस्थान के आठ जिले शामिल** -

| | |
|---|---|
| 1. बाड़मेर | 2. जैसलमेर |
| 3. पाली | 4. नागौर |
| 5. जोधपुर | 6. बीकानेर |
| 7. चूरू | 8. जालौर |

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (PMMVY)

- **शुभारंभ** - 1 जनवरी, 2017 को।
- **मंत्रालय** - महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (भारत सरकार के 'मिशन शक्ति' का एक प्रमुख घटक)
  - **योजना के तहत् राजस्थान की सितम्बर माह 2025 में देशभर में प्रथम रैकिंग।**
  - समेकित बाल विकास सेवा विभाग ने लक्ष्य के मुकाबले 85.36% नामांकन किया और 74.12% लाभार्थियों को DBT भुगतान।

- **लाभ** - प्रथम बार गर्भवती हुई महिला को दो किस्तों में 5,000 रूपये तथा द्वितीय बार गर्भवती हुई महिला को बालिका के जन्म एवं टीकाकरण पूर्ण करने पर 6,000 रूपये की राशि आधार लिंक बैंक/ पोस्ट ऑफिस के खाते में एकमुश्त सशर्त लाभ अंतरण के रूप में हस्तांतरित की जाती है।

## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना

- **शुभारंभ** - 30 जून, 2024
- **चौथी किस्त - 18 अक्टूबर, 2025 को नदबई (भरतपुर)** में आयोजित राज्य-स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किसानों के खातों में हस्तांतरित की गई।
- चौथी किस्त के रूप में रु. 717.96 करोड़ की राशि किसानों के खातों में हस्तांतरित की गई।
- प्रत्येक किसान को रु. 1,000 प्रदान किए गए।
- वित्तीय वर्ष 2025-26 से इसे रु. 9,000 प्रतिवर्ष करने की घोषणा की गई है।

## राज्य सीवरेज एवं वेस्ट वाटर पॉलिसी-2025

- **लागू :** 31 अगस्त, 2025 को
- **समय सीमा :** प्रारंभिक 5 वर्षों की अवधि (वर्ष 2030) तक
- **संशोधन :** 2025 की पॉलिसी के माध्यम से 'राज्य सीवरेज एवं वेस्ट वाटर पॉलिसी-2016' में
- **समिति गठित :**
  - शहरी स्तरीय समिति अध्यक्षता - जिला कलक्टर
  - राज्य स्तरीय समिति (न्यूनतम पाँच सदस्य अनिवार्य)
    अध्यक्ष : अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव स्थानीय स्वशासन विभाग
- **विजन-**
  - राजस्थान के सभी शहरों को अपशिष्ट जल प्रबंधन सेवाओं से कवर किया जाएगा।
  - स्वास्थ्य, स्थिरता, चक्रीय अर्थव्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।
  - कृषि, औद्योगिक, शहरी उपयोग तथा प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्रों में उपचारित अपशिष्ट जल के पुनःउपयोग और पुनर्चक्रण के तहत् संसाधनों का अधिकतम उपयोग। सभी स्थानीय निकायों को 30 वर्षों हेतु 'सिटी सेनिटेशन प्लान' तैयार करना होगा।
- **उद्देश्य :** प्रत्येक परिवार, राज्य के सभी नगरों, शहरी/औद्योगिक क्षेत्रों का 100% कवरेज कर अपशिष्ट जल प्रबंध करके भू-जल में वृद्धि करना।





Fig: Circular Economy in Waste Water Management

## राजस्थान भू-राजस्व (संशोधन और विधिमान्यकरण), विधेयक, 2025

- **पारित** – राजस्थान विधानसभा द्वारा 10 सितम्बर, 2025
- **राज्यपाल द्वारा हस्ताक्षरित** – 3 अक्टूबर, 2025 को
- 'राजस्थान-भू-राजस्व अधिनियम, 1956' में संशोधन किया गया।
- **उद्देश्य**– RIICO के अधीन भूखंडों का प्रबंधन, विनियमन और भू-रूपांतरण की प्रक्रियाओं को सरल एवं न्यायसंगत/विधिमान्य बनाना।
- **<u>संशोधन जो RIICO के क्षेत्राधिकार में होंगे</u>**
  - प्रदत्त भूखंड RIICO के अधीन माने जाएंगे। सभी उद्देश्यों हेतु विधि मान्य।
  - औद्योगिक क्षेत्रों का विकास, भूमि व्ययन हेतु समस्त शक्तियों का प्रयोग कर सकेगा।
  - **अपवाद** – यह विधेयक उन भूखंडों पर लागू नहीं होगा जिनका पट्टा 18 सितम्बर, 1979 को या उससे पहले औद्योगिक उद्देश्यों के हेतु आवंटित किया गया जो और विधेयक पारित होने की तिथि से पूर्व निरस्त कर दिया गया हो।

## मोटर व्हीकल एग्रीगेटर पॉलिसी-2025

- **घोषणा :** उप-मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा द्वारा
- **आधार :** यह नीति केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 1 जुलाई, 2025 को जारी <u>'मोटर व्हीकल एग्रीगेटर गाइडलाइन 2025'</u> की अनुपालना में लाई जाएगी।

## हाइब्रिड एन्यूटी मॉडल (HAM)

- **उद्देश्य** – 'जल जीवन मिशन' की प्रगति के तहत् राजस्थान में प्रथम बार HAM मॉडल पर (PPP-Public Private Partnership) पाँच मेगा जलापूर्ति परियोजनाएँ शुरू की जाएगी।
- **निवेश**–
  - 40% = जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
  - 60% = निजी ठेकेदार (ठेकेदार को अपनी निवेश राशि 10 वर्षों में 20 किश्तों के माध्यम से एन्यूरी भुगतान के तहत वापस की जाएगी।)

| जलापूर्ति परियोजना | जिले | कवर क्षेत्र |
|---|---|---|
| चंबल नदी | करौली–सवाई माधोपुर | 1,426 गाँव |
| कालीतीर | अलवर–भरतपुर | 1,237 गाँव |
| कालीतीर | चंबल नदी से, धौलपुर–भरतपुर | 470 गाँव |
| जाखम बाँध | चित्तौडगढ़, प्रतापगढ़ राजसमंद, उदयपुर | 1,473 गाँव |
| इंदिरा गांधी नहर परियोजना से | सीकर–झुंझुनूं | सीकर–झुंझुनूं के बचे हुए गाँव |

## कंज्यूमर केयर अभियान

- **अवधि** – 13-19 अक्टूबर, 2025 तक सम्पूर्ण राज्य में
- **विभाग** – उपभोक्ता मामलात विभाग, राजस्थान सरकार।
- **उद्देश्य** – व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने हेतु प्रेरित करना तथा मूल अधिकारों के प्रति सूचित करना, उपभोक्ता हितों का संरक्षण करना।
- **राज्य उपभोक्ता हैल्पलाइन नं.** 18001806030 एवं 14435 एवं वाट्सएप नं. 7230086030 पर शिकायत
- **कानून** – 'विधिक मापविज्ञान अधिनियम - 2009 एवं डिब्बा बन्द वस्तुएँ नियम - 2011' के अन्तर्गत निरीक्षण कार्यवाही की गई।

## सहकार सदस्यता अभियान

- **शुभारंभ**– 02 अक्टूबर, 2025 को कॉस्टीट्यूशन क्लब, जयपुर से।
- **अवधि** – 2 अक्टूबर-15 अक्टूबर, 2025 तक
- **उद्देश्य** – महिलाओं एवं युवाओं को सहकारिता क्षेत्रों में नवाचार हेतु जोड़ा जाएगा।
- **लक्ष्य**– सहकारी समितियों की संख्या में 10% वृद्धि करना।
- सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)= गौतम कुमार दक

- केन्द्रीय सहकारिता विभाग के नवाचारों की सफलता से राजस्थान देश के शीर्ष पाँच राज्यों में शामिल है।
- राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित नवीन सहकारी अधिनियम वर्तमान में लागू राजस्थान सहकारिता अधिनियम, 2001 का स्थान लेगा।
- नवीन अधिनियम में **'सहकारी' शब्द** के दुरूपयोग पर 50,000 रुपये के अर्थदण्ड का प्रावधान प्रस्तावित।
- नवीन अधिनियम में सहकारी समितियों की आमसभा के आयोजन को सुगम बनाने के लिए सदस्यों को व्हाट्सएप एवं ई-मेल से भी सूचित किए जाने तथा आमसभा आयोजित न करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति पर 5,000 रुपये के अर्थदण्ड का प्रावधान प्रस्तावित।
- राजस्थान देश का एकमात्र राज्य है जहां गोदाम निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा 100% अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### ऑपरेशन खुशी

- **अवधि :** 01-31 अक्टूबर, 2025 तक
- **उद्देश्य :** गुमशुदा बच्चों को खोज कर उन्हें परिवारों तक पहुँचाना।

### सरदार पटेल @ 150 अभियान

1. **राज्य स्तरीय यूनिटी मार्च (पदयात्रा)**-
   - **कब :** 31 अक्टूबर,2025 को जयपुर में।
   - **मार्ग:** गाँधी सर्किल से अमर जवान ज्योति तक
2. **राष्ट्रीय पदयात्रा =** 26 नवम्बर- 6 दिसम्बर,2025 तक करमसद (गुजरात) से केवड़िया।

### 'गिव अप' अभियान की अवधि बढ़ाई गई

- **नई अंतिम तिथि: 31 अक्टूबर , 2025**
- **प्रारंभ तिथि:** 1 नवम्बर, 2024
- **पूर्व अंतिम तिथि:** 30 अगस्त , 2025
- **विभाग:** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग
- **उद्देश्य :** खाद्य सुरक्षा सूची में शामिल <u>**अपात्र परिवारों** को स्वेच्छा से नाम हटाने हेतु प्रेरित करना।</u>
- **अपात्र की श्रेणियाँ:**
  - सरकारी/अर्द्धसरकारी कर्मचारी
  - 1 लाख से अधिक वार्षिक आय/पेंशन
  - निजी चौपहिया वाहन धारक, आयकरदाता
- **दंड प्रावधान :** 27 प्रति किलोग्राम की दर से वसूली (मय ब्याज)= 31 अक्टूबर,2025 के पश्चात खाद्य सुरक्षा सूची में सम्मिलित रहने वाले अपात्र व्यक्तियों के विरुद्ध खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जुर्माना/शास्ति / दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।
- जयपुर जिले में अब तक लगभग 2,70,725 लोगों के नाम हटाए गए।

### सक्षम जयपुर अभियान-2025

- **आयोजन :** 01 अक्टूबर, 2025 (अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर)
- **स्थान :** सामाजिक न्याय संकुल, जामडोली, जयपुर।
- **उद्देश्य :** राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण वितरित करना।

## पुरस्कार/अवॉर्ड

### डॉ. अरुण चतुर्वेदी

- **चर्चा में** - राजस्थान राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष को दुबई में 13 अक्टूबर, 2025 को **<u>'राजस्थान रत्न अवॉर्ड-2025'</u>** से सम्मानित किया गया।
  - **योगदान** - समाजसेवा, लोककल्याण तथा राजस्थान के समग्र विकास के प्रति योगदान।

- राजस्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष, अमरा राम जांगिड़ के अनुसार दुबई में पिछले 75 वर्षों से राजस्थान मूल के लोगों की सहायता कर रहे वासु श्रॉफ, तथा BNW डेवलपर्स के मालिक एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट अंकुर अग्रवाल को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए **'प्रवासी सम्मान अवार्ड-2025'** से सम्मानित किया गया।

### कुंजी लाल मीणा

- **सम्मान** – राज्य के जनजाति विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुंजीलाल मीणा को <u>धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) में राजस्थान के देशभर में प्रथम रहने पर प्रदान किया।</u>
- **कब** – 17 अक्टूबर, 2025 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'आदि कर्मयोगी अभियान' के नेशनल कॉन्क्लेव में।
- **योगदान**– जनजाति बहुल क्षेत्रों में विकास कार्य, सरकारी सेवाओं की समयबद्ध डिलीवरी, शिकायत निवारण प्रणाली पूर्णत: प्रभावी बनाने, जनजाति वर्ग के अधिकारों की अक्षरश: पालना हेतु।

### डॉ. अनिता, जोधपुर

- **सम्मान** – <u>आयरन लेडी अवॉर्ड, 2025</u>
- **प्रदत्त संस्था** – अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच और इंडो नेपाल समरसता ऑर्गेनाइजेशन द्वारा।

## डॉ. रूमा देवी, बाड़मेर

- सामाजिक उद्यमी और हस्तशिल्प डिजाइनर।
- डाइनामाइट 'यंग इंडिया कंट्री अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किया गया।
- **पुरस्कार वितरण** – डाइनामाइट न्यूज द्वारा 10वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में केन्द्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा 16 अक्टूबर 2025 को प्रदान किया गया।

## 'माटी का लाल' पुरस्कार

- श्री यादे माटी कला बोर्ड द्वारा राज्य स्तरीय समारोह दिसम्बर, 2025 में आयोजित होगा।
- **बोर्ड अध्यक्ष** – प्रहलाद राय
- **उद्देश्य** – माटी कलाकारों को प्रोत्साहन, संरक्षण, संवर्द्धन वैश्विक मंच देना।
- **चयन** – प्रत्येक जिले से दो श्रेष्ठ माटी कला कलाकारों का चयन कर उनमें से राज्य स्तर पर I, II, III एवं सात सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे।

## योगेश भावरा (बयाना–भरतपुर)

- **विजेता** – वर्ष 2025 का 9वाँ श्रवण कुमार सुभाष लाखोटिया पुरस्कार 29 अक्टूबर, 2025 को नई दिल्ली में।

> - यह पुरस्कार अपने माता-पिता की श्रवण कुमार तुल्य सेवा योग्य सुयोग्य पुत्र-पुत्रियों को चयनित कर श्रवण कुमार का दर्जा देकर प्रदान किया जाता है।

## निधि सक्सेना, जयपुर

- लेखिका-निर्देशक निधि सक्सेना की फिल्म **'सीक्रेट ऑफ ए मांउटेन सर्पेन्ट'** (Secret of a mountain serpent) ने बैकांक इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का प्रतिष्ठित **'न्यू वॉयस'** अवॉर्ड जीता (ट्रॉफी + 10 हजार US डॉलर)

## डॉ. कालूखान देशवाली

- मेड़ता, नागौर निवासी देशवाली को राजस्थानी भाषा में उत्कृष्ट कार्य हेतु 'राजस्थानी भाषा साहित्यकार सम्मान' 16 अक्टूबर, 2025 को पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया द्वारा दिया गया।

## राष्ट्रीय चेतना अवॉर्ड

- ब्रह्मकुमारीज संस्थान (आबू रोड़, सिरोही) द्वारा राजस्थान पत्रिका के प्रधान संपादक **गुलाब कोठारी** तथा दैनिक भास्कर समूह के **ओम गौड़** को।
- **वैश्विक शिखर सम्मेलन :** 10-13 अक्टूबर, 2025 का आयोजन भी ब्रह्मकुमारीज संस्थान, सिरोही में किया गया।

## सवाई जयपुर अवॉर्ड

- **उपलक्ष्य** – ब्रिगेडयर सवाई भवानी सिंह की जयंती पर।
- **आयोजन** – सिटी पैलेस, जयपुर में 22 अक्टूबर को।
- महाराजा सवाईमानसिंह-II म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा 25 अलग-अलग श्रेणियों में व्यक्तियों तथा संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

| अवॉर्ड | विजेता | भूमिका |
|---|---|---|
| राजा दूल्हाराय | राजस्थान महिला कल्याण मंडल | उत्कृष्ट सामाजिक सेवाएँ |
| राजा काकिल देव | जून्हीहान | संस्कृति का संवर्द्धन |
| राजा पंजवन देव | डॉ. हेमंत मल्होत्रा | चिकित्सकीय सेवा में उत्कृष्टता |
| राजा भगवंत दास | मीनाक्षी राठौड़ | पारंपरिक शिल्पकला में |
| राजा मानसिंह– I | शहीद सूबेदार प्रभात गौड़ | साहस, बहादुरी हेतु |
| मिर्जा राजा जयसिंह–I | कर्नल देब चंदन दास | सशस्त्र बलों में विशिष्ट सेवा |
| मिर्जा राजा राम सिंह– I | सत्यभान सिंह | पर्यावरणीय संतुलन |
| महाराजा विशन सिंह | सीता | ट्रैवल एंड टूरिज्म उत्कृष्टता |
| महाराजा सवाई जय सिंह II | डॉ. वीरेन्द्र नाथ शर्मा | खगोल विज्ञान के क्षेत्र में |
| महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह | दैनिक भास्कर के धमेन्द्र झा | पत्रकारिता में उत्कृष्टता |
| महाराजा सवाई माधो सिंह–I | सेवानिवृत्त IAS सुनील अरोड़ा | समाज सेवा और परोपकार |
| महाराजा सवाई प्रताप सिंह | राजेन्द्र सिंह खंगारोत | साहित्य एवं शिक्षा में |
| महाराजा सवाई जगत सिंह | राजेन्द्र मिश्रा | कला, पेंटिंग एवं स्कल्पचर |
| महाराजा सवाई राम सिंह II | दिनेश डाबी | फोटोग्राफी |
| महाराजा सवाई माधो सिंह II | अभिषेक मुद्गल | थियेटर, फिल्म और टेलीविजन |

# विज्ञान & प्रौद्योगिकी

## स्वास्थ्य सेवाओं में राजस्थान रच रहा कीर्तिमान

- राजस्थान ने **<u>'पेलिएटिव केयर सेवाओं'</u>** में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं बेस्ट प्रेक्टिसेज के लिए **<u>राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान</u>** हासिल किया है।
- राजस्थान को भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।
- राज्य नोडल अधिकारी डॉ. निर्मला शर्मा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

## IIT जोधपुर का शोध

- **महत्व** – भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), जोधपुर के वैज्ञानिक ऐसी खोजों पर काम कर रहे हैं जो आने वाले समय में हमारी यात्रा, अंतरिक्ष की उड़ानें, सुरक्षा और जीवनशैली को बदल देंगी।
- **शोध** – डॉ. अरुण कुमार, सहायक प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग एवं स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च डिवीजन के मार्गदर्शन में, शॉक वेव्स और हाई-स्पीड फ्लो (SWAHS) लैब में किया जा रहा है।

  **1. हाइपरसोनिक प्रणोदन तकनीक** –
  - सामान्य रॉकेट भारी ऑक्सीजन टैंक लेकर चलते हैं, लेकिन (IIT), जोधपुर स्क्रैमजेट इंजन बना रही है, जो हवा से सीधे ऑक्सीजन लेकर उड़ान भरेंगे।
  - इससे रॉकेट हल्के, किफायती और ज्यादा गति से उड़ सकेंगे।
  - यह काम DRDO और ARDB द्वारा समर्थित।
  - भारत के हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल कार्यक्रम से जुड़ा हैं।

  **2. सौर ऊर्जा आधारित संयुक्त समुद्री जल शुद्धिकरण और शीतलन प्रणाली** –
  - यह प्रोजेक्ट ANRF और ARG द्वारा समर्थित।
  - इसमें एक ऐसी तकनीक विकसित की गई है, जो एक ही समय में शुद्ध पेयजल और शीतलन एक साथ उपलब्ध कराएगी।

## मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान ,जयपुर

- नई दिल्ली में दूरसंचार विभाग (DOT) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (COAI) द्वारा **'इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म'** थीम के तहत् 8-11 अक्टूबर, 2025 तक एशिया के सबसे बड़े दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम, <u>9वें इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC)</u> का आयोजन किया गया
- आयोजन में केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर द्वारा 5जी इनोवेशन हैकथॉन 2025 प्रतियोगिता की स्टार्टअप / MSME / R&D ऑर्गनाइजेशन श्रेणी में ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज के नेतृत्व में भारतीय वायु सेना के दल के साथ तैयार किए गए <u>मोबाइल सिक्योरिटी सॉल्यूशन के लिए सेकंड रनर-अप पुरस्कार</u> प्रदान किया गया।
- इस पुरस्कार के तहत दल को सर्टिफिकेट ऑफ एक्रेडिटेशन और 1.5 लाख रुपए प्रदान किए गए।

## राजस्थान में सौर ऊर्जा पहल

- सवाई माधोपुर जिले के कोलाड़ा एवं रामसिंहपुरा गाँव।
- **परियोजना:** पीएम-कुसुम योजना के अंतर्गत 2.94 मेगावॉट क्षमता के सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित।
- **लाभार्थी:**
  - 250 से अधिक कृषक परिवारों को लाभ।
  - किसानों को दिन के समय सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई हेतु बिजली उपलब्ध होगी।
- **उद्देश्य** – राजस्थान को सौर ऊर्जा का सिरमौर बनाना, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और कृषि क्षेत्र में हरित ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा देना।
- **सवाई माधोपुर का योगदान** –
  - जिले के बौंली उपखण्ड, कोलाड़ा (33/11 केवी सब-स्टेशन) क्षेत्र में 1.82 मेगावॉट क्षमता का सौर l ¡ak LFkkfir gqvk (**यह राज्य का 956वाँ सौर संयंत्र**)
  - रामसिंहपुरा (33/11 केवी सब-स्टेशन) क्षेत्र में 1.12 मेगावॉट क्षमता का संयंत्र प्रारंभ हुआ।
  - दोनों संयंत्र मिलाकर कुल 2.94 मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता विकसित हुई।

**राजस्थान की राष्ट्रीय स्थिति –**

- पीएम-कुसुम योजना के **कंपोनेंट-ए** (विकेन्द्रित सौर संयंत्र) में राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर।
- **कंपोनेंट-सी** (सौर पंप योजना) में महाराष्ट्र व गुजरात के बाद तीसरे स्थान पर।
- राज्य में अब तक 2,000 मेगावॉट से अधिक क्षमता के विकेन्द्रित सौर संयंत्र स्थापित।

### IIT जोधपुर + आइडिया फोर्ज के मध्य MoU

- **MoU :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर और भारत की अग्रणी मानवरहित हवाई प्रणाली कंपनी आइडिया फोर्ज टेक्नोलॉजी लिमिटेड के मध्य 24 अक्टूबर, 2025 को।
- **अवधि** – तीन वर्षों तक प्रभावी
- **उद्देश्य – मानव रहित हवाई वाहनों (UAV)** और उभरते कौशलों में स्वदेशी आत्मनिर्भर नवाचारों को बल देना।

### विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिक

- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी कैलीफॉर्निया द्वारा जारी
  विश्व के 2% वैज्ञानिकों की सूची में प्रदेश के 3 वैज्ञानिक शामिल है–
  1. प्रो. प्रियंका शर्मा
  2. प्रो. डॉ. पंकज दाधीच
  3. प्रो. पूरन कोली – रसायन शास्त्र विभाग, जोधपुर

### बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना – बीकानेर

- राजस्थान की सबसे बड़ी बैटरी ऊर्जा भंडारण परियोजना बीकानेर में।
- **क्षमता** = 2500 मेगावॉट/घंटा, **विस्तार** = 4000 एकड़

**बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (BESS)**

- सौर पैनलों/पवन टर्बाइनों से अतिरिक्त ऊर्जा को संग्रहित करती है।
- यह ऊर्जा बैटरी मॉड्यूल में (आमतौर पर लिथियम आयन बैटरीज) संग्रहित होती है।
- भंडारण प्रक्रिया को एक बैटरी प्रबंधन प्रणाली (BMS) द्वारा नियंत्रित किया जाता है,
- बैटरी के तापमान और वॉल्टेज को नियंत्रित करके उसकी सुरक्षा और जीवनकाल सुनिश्चित करती है। अंत में, एक इनवर्टर/कन्वर्टर संग्रहित DC बिजली को AC बिजली में परिवर्तित करता है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर ग्रिड को भेजा जा सकता है।

# खेल-गतिविधियाँ

### अदविका शर्मा, भीलवाड़ा

- अंडर-15 स्टेट बैडमिंटन में राजस्थान चैम्पियन का खिताब जीता।
- 10-15 अक्टूबर, 2025 तक जोधपुर में आयोजित प्रतिष्ठित योनेक्स-सनराइज राजस्थान स्टेट सब जूनियर अंडर-15 बैडमिंटन चैम्पियनशिप में दो स्वर्ण तथा एक कांस्य पदक जीता।
- भुवनेश्वर, ओडिशा में 1-6 दिसम्बर, 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी।

### कुकिवोन ताइक्वाडो कप

- **आयोजन** – 9-12 अक्टूबर, 2025 तक
- **स्थल** – इंदिरा गाँधी स्टेडियम, नई दिल्ली
- **राजस्थान का प्रदर्शन** –
  - पाँच पदक जीते (3 स्वर्ण + 2 कांस्य)
  - **स्वर्ण पदक** – रिया येनेंद्र, अनाय जसवानी, समायरा सिंह (U-17)
  - **कांस्य पदक** – शौर्य माहेश्वरी, स्यूरांश शर्मा (U-8)

### संभागीय T-20 क्रिकेट टूर्नामेंट

- **आयोजक :** राजस्थान होमगार्ड्स विभाग
- **अवधि :** 6-8 अक्टूबर, 2025
- **विजेता :** होमगार्ड्स, जयपुर
- **उपविजेता :** अलवर
- **मैन ऑफ द सीरीज** – बनवारी लाल कप्तान (जयपुर)

### विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप : राजस्थान

- **राजस्थान के पदक विजेता :**
  1. **सुंदर गुर्जर** ने भाला फेंक की F-46 स्पर्द्धा में 64.76 मी. भाला फेंक कर <u>रजत पदक</u> जीता।
  2. **संदीप** ने भाला फेंक की F-44 स्पर्द्धा में 62.76 मी. भाला फेंक कर <u>रजत पदक</u> जीता।

## 16वीं एशियाई शूटिंग चैम्पियनशिप

- **आयोजन :** शिमकेंट (कजाखस्तान)
- **राजस्थान के खिलाड़ियों प्रदर्शन – कुल 25 पदक**
  (स्वर्ण पदक-13, रजत पदक-8, कांस्य पदक-4)
- **सबसे सफल निशानेबाज –**
  - अभिनव चौधरी : 3 स्वर्ण एवं 1 रजत पदक
  - अनुष्का सिंह भाटी : 2 स्वर्ण पदक
  - गिरीश गुप्ता : 2 स्वर्ण पदक

| | |
|---|---|
| स्वर्ण पदक विजेता | |
| अनिभव चौधरी | 50 मी. फ्री पिस्टल जूनियर टीम + 25मी. स्पोर्ट्स पिस्टल जूनियर टीम + 25मी. रेपिड फायर पिस्टल जूनियर टीम |
| अनुष्का सिंह भाटी | शॉटगन डबल ट्रैप व्यक्तिगत + सीनियर टीम |
| गिरीश गुप्ता | 10 मी. एयर पिस्टल मिक्स्ड जूनियर टीम + व्यक्तिगत जूनियर |
| यशस्वी राठौड़ | स्कीट जूनियर मिक्स्ड टीम |
| उद्धव सिंह राठौड़ | ट्रैप जूनियर टीम |
| उमेश चौधरी | 50 मी. फ्री राइफल प्रोन जूनियर टीम |
| कुशाग्र सिंह राजावत | 50 मी राइफल प्रोन जूनियर टीम |
| धीरेन्द्र सिंह भाटी | 10 मी. एयर राइफल यूथ मैन |
| मोहिनी सिंह | 10 मी. एयर पिस्टल जूनियर टीम |
| रजत पदक विजेता | |
| यशस्वी राठौड़ | स्कीट व्यक्तिगत जूनियर |
| राजवीर राठौड़ | स्कीट व्यक्तिगत यूथ |
| योगेश कुमार | 50 मी. फ्री पिस्टल व्यक्तिगत सीनियर |
| अभिनव चौधरी | 25 मी. स्पोर्ट्स पिस्टल व्यक्तिगत जूनियर |
| मानिनी कौशिक | 50 मी. राइफल प्रोन सीनियर टीम |
| मो. हातिम खान | डबल ट्रैप व्यक्तिगत जूनियर |
| पंकज जाट | 10 मी. एयर पिस्टल जूनियर टीम |
| कांस्य पदक विजेता | |
| मानिनी कौशिक | 50 मी. राइफल प्रोन व्यक्तिगत सीनियर |
| हर्षवर्धन सिंह कविया | डबल ट्रैप सीनियर टीम |
| भानू प्रताप सिंह | डबल ट्रैप सीनियर टीम |
| यादवेन्द्र चूंडावत | डबल ट्रैप व्यक्तिगत जूनियर |

| राजस्थान के हालिया प्रसिद्ध खिलाड़ी | | |
|---|---|---|
| **खिलाड़ी** | **खेल** | **उपलब्धि** |
| लवण्या कंवर जयपुर | निशानेबाजी | देहरादून, उत्तराखण्ड में 3–17 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित 44वीं नॉर्थ जोन शूटिंग चैम्पियनशिप में 25 मी. पिस्टल स्पर्द्धा में रजत पदक जीता |
| विष्णु शर्मा (रजत)<br>यश यादव (कांस्य) | जूडो | नेशनल रैंकिंग जुडों टूर्नामेंट (29 सितम्बर–2 अक्टूबर, 2025 तक नई दिल्ली में राजस्थान के पदक जीते। |
| कृष्णा नागर | बैडमिंटन | सितम्बर, 2025 में चीन पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल में पुरुषों की SH-6 स्पर्द्धा में रजत पदक जीता) |
| सिंध्वी पंडित जयपुर | ताइक्वांडों | कोरियार्स अंतर्राष्ट्रीय ब्लैक बेल्ट हासिल |
| महावीर सैनी जयपुर | पैरा–कोच | 25 सितम्बर–5 अक्टूबर तक नई दिल्ली में आयोजित विश्व वैरा एथलेटिक्स के भारतीय टीम के चीफ कोच। |
| जंगजीत सिंह काजला | बैंडमिंटन | एशियाई जूनियर बैडमिटन (21–26 अक्टूबर, चीन) में मिश्रित युगल U-17 में राजस्थान के जंगजीत सिंह ने भारत के ही जे. रमेश साथ कांस्य पदक जीता। |
| दीपेन्द्र सिंह शेखावत | निशानेबाजी | भोपाल में आयोजित 34वीं ऑल इंडिया जीवी मावलंकर शूटिंग चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता। |
| कृष्ण वर्मा सीकर | बॉक्सिंग | पोखरा में आयोजित इंडो–नेपाल यूथ गेम्स चैम्पियनशिप की बॉक्सिग स्पर्द्धा में 60 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। |
| अर्केश्वर एवं रजत प्रकाश गुप्ता | वुशू | 10वीं विश्व वुशू कुंगफू चैम्पियनशिप का आयोजन इमिशान, चीन में 14–20 अक्टूबर, 2025 को हुआ जिसमें जयपुर के अर्केश्वर मेड़तवाल और रजत प्रकाश गुप्ता ने कांस्य पदक जीते। |
| पदमजा शेखावत जयपुर | ताइक्वांडो | तीसरी भारत राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप अक्टूबर, 2025 को जयपुर में आयोाजित जिसमें U-58 किग्रा भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता। |
| कुणाल भरतपुर | क्रिकेट | बाएं हाथ के स्पिनर ने राज्य स्तरीय U-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में सिर्फ 1 रन देकर 6 विकेट (4 मेडन ओवर) |

**नोट : 1. 22वीं सीनियर राष्ट्रीय रोलबॉल चैम्पियनशिप :**

- **आयोजन :** 3–6 अक्टूबर, 2025 को इंदौर, मध्यप्रदेश
- राजस्थान सीनियर महिला रोलबॉल टीम ने रजत पदक जीता

**2. 44वीं सब जूनियर नेशनल शूटिंगबॉल चैम्पियनशिप :**

- **आयोजन :** 22–24 अगस्त, 2025 को बोधगया, बिहार
- राजस्थान बॉयज टीम ने पंजाब को हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

# विविध

## प्रवासी राजस्थानी मीट

- **8 अक्टूबर** - सूरत, गुजरात
- **आयोजक** - कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII)
- **उद्देश्य** - प्रदेश में औद्योगिक निवेश 'फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल्स, सिरेमिक्स और पेट्रोकेमिकल्स' को बढ़ावा देना।
- **10 दिसंबर** - जयपुर में आयोजित **'प्रवासी राजस्थानी दिवस'** के मद्देनजर किया जा रहा है। पहला कार्यक्रम हैदराबाद में 26 सितम्बर को आयोजित किया गया था।
- राजस्थान की विकास यात्रा में **'कनेक्ट, कोलैबोरेट एंड कॉन्ट्रिब्यूट' (Connect, Collaborate and Contribute) के सिद्धांत** पर आगे बढ़ते हुए प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ाव को और मजबूत करना है।
- **प्रथम 'प्रवासी राजस्थानी दिवस' 10 दिसम्बर को जयपुर में मनाया जाएगा।**
  - राज्य के वैश्विक प्रवासी समुदाय से जुड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल।
  - **थीम :** 'प्रदेश की ऐतिहासिक व वैभवशाली धरोहर'
  - **आयोजित** - उद्योग विभाग और राजस्थान फाउंडेशन
  - **लक्ष्य** - प्रवासी राजस्थानी समुदाय से सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करना।

## राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट

- **आयोजन** - 4-6 जनवरी, 2026 को जयपुर में (समिट प्रथम बार किसी गैर-महानगरीय शहर में आयोजित होगी।)
- **थीम : 'एआई युग में सतत् उद्यमिता - नए विचार, प्रभाव और सबको साथ लेना'**
- **लक्षित क्षेत्र** - एआई, फिनटेक, एग्रीटेक, एआर/वीआर, मीडियाटेक, प्रॉपटेक, उच्च शिक्षा क्षेत्रों पर ।

## आपणी बस-राजस्थान रोडवेज

- **शुभारंभ** - 05 अक्टूबर, 2025 भजनलाल शर्मा ने अमर जवान ज्योति, जयपुर से।
- RSRTC आधुनिक एवं सुविधायुक्त 128 ब्लू लाइन बसों को साथ ही, ग्रामीण परिवहन सेवा तथा एसी बसों में केटरिंग सुविधा शुरू की।
- **RSRTC का 62 वाँ स्थापना दिवस :** 1 अक्टूबर, 2025 को मनाया गया। (स्थापना - 1 अक्टूबर, 1964)
- ये बसें प्रदेश भर के 23 आगारों को आवंटित की।
- आपणी बस-राजस्थान रोडवेज से 169 ग्राम पंचायतों को मिलेगी परिवहन सुविधा - बसों से 25 ग्रामीण मार्गों पर स्थित 169 ग्राम पंचायतों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।
- राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम अध्यक्ष = श्रीमती शुभ्रा सिंह

## नव विधान-न्याय की नई पहचान

- **उद्घाटन** - 13 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में।
- **स्थान** - जयपुर एग्जीबिशन एवं कन्वेंशन सेंटर (JECC) , सीतापुरा (जयपुर)
- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम। कानूनों की पूर्ण क्रियान्विति से आपराधिक न्याय प्रणाली में बड़ा बदलाव आएगा।
- नवीन आपराधिक कानूनों पर राज्य स्तरीय 6 दिवसीय (13-16 अक्टूबर) प्रदर्शनी **'नए विधान-न्याय की नई पहचान'**
  - केन्द्रीय गृहमंत्री ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत् प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपये के MoUs की ग्राउण्ड ब्रेकिंग की।
  - प्रदेश के लगभग 40 लाख विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए 240 करोड़ रुपये एवं दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये राशि का हस्तान्तरण की।
  - राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट,2024 के अन्तर्गत 35 लाख करोड़ रुपये के MoUs हस्ताक्षरित हुए, इतने कम समय में 7 लाख करोड़ रुपये MoUs जमीन पर उतरे हैं।
  - प्रदर्शनी का लेआउट न्याय प्रथम के सिद्धांत पर केंद्रित है, जिसने न्याय प्रणाली की जटिलताओं को सरल और सुलभ बना दिया।

- **न्यायिक प्रक्रिया को 3 चरणों के अन्तर्गत अपराध से न्याय तक के सिद्धांत का 10 मॉडल में लाइव डेमो**
- **चरण 1. शिकायत और जाँच का आरंभ**
  - **मॉडल 1: कंट्रोल रूम:** डायल 112 जैसे आपातकालीन नंबर पर कॉल कैसे प्राप्त होता है और पुलिस कैसे तुरंत प्रतिक्रिया देती है। यह पुलिस की तत्परता और संचार प्रणाली को दर्शाता है।
  - **मॉडल 2: सीन ऑफ क्राइम (SoC):** एक अपराध स्थल की प्रतिकृति बनाई गई थी। यहाँ फोरेंसिक साइंस टीमों को साक्ष्य एकत्र करते हुए लाइव दिखाया गया, जिसमें वीडियोग्राफी की अनिवार्यता पर जोर दिया गया।
  - **मॉडल 3: पुलिस स्टेशन :** यह जोन ई-एफआईआर और जीरो एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया को दर्शाता था, जिससे आम नागरिकों को यह समझने में मदद मिली कि शिकायत दर्ज करना अब कितना सरल और पारदर्शी हो गया है।
- **चरण 2: वैज्ञानिक और कानूनी सत्यापन**
  - **मॉडल 4: हॉस्पिटल :** चिकित्सा साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित किया। यहाँ पीड़ितों की मेडिकल जाँच और कानूनी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया
  - **मॉडल 5 एफएसएल :** वैज्ञानिक साक्ष्यों के विश्लेषण की प्रक्रिया को समझाया गया। अनिवार्य एफएसएल जांच वैज्ञानिक प्रमाण पर आधारित दोषसिद्धि दर को बढ़ाने में मदद करती है।
  - **मॉडल 6: पब्लिक प्रॉसिक्यूशन ऑफिस:** एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद यहाँ यह दिखाया गया कि अभियोजन विभाग कैसे सबूतों और चार्जशीट की समीक्षा करता है और उन्हें कोर्ट में पेश करने के लिए तैयार करता है।
- **चरण 3: न्याय और सुधार**
  - **मॉडल 7: डिस्ट्रिक्ट कोर्ट :** एक अदालत की कार्यवाही का डेमो दिया गया। यहाँ पर समयबद्ध ट्रायल, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य प्रस्तुति जो त्वरित न्याय सुनिश्चित का मुख्य आधार है।
  - **मॉडल 8: प्रिजन :** जेल सुधारों पर ध्यान केंद्रित किया। जेल प्रबंधन के डिजिटलीकरण और कैदियों के पुनर्वास के कार्यक्रमों को दिखाया गया, जो दंड के बजाय सुधार पर जोर देते हैं।
  - **मॉडल 9: हाई कोर्ट :** उच्च न्यायिक अपील और समीक्षा की प्रक्रिया को दर्शाता है जो मामले के अंतिम चरण की ओर ले जाता है।
  - **मॉडल 10: नए आपराधिक कानूनों का संक्षिप्त विवरण :** अंतिम जोन में तीनों नए कानूनों के प्रमुख प्रावधानों जैसे कि e&FIR, सामुदायिक सेवा और भगोड़े अपराधियों के ट्रायल को सरल भाषा में समझाती हुई जानकारी दी गई।

## केन्द्रीय गृहमंत्री रु. 9,300 करोड़ का विकास कार्य

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्य के लगभग रु. 9,300 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण 13 अक्टूबर, 2025 को किया।

| लोकार्पण | शिलान्यास |
|---|---|
| • खारा पानी एक्वाकल्चर प्रयोगशाला, चुरू<br>• लव कुश वाटिका, जोरमा (उदयपुर)<br>• लघुवन उपज प्रशिक्षण केन्द्र, उदयपुर<br>• राजकीय जनजाति बालिका आश्रम छात्रावास, बिलिया बड़गामा (सागवाड़ा)<br>• बायोगैस प्लांट स्थापना – उदयपुर एवं पाली (गोशाला) | • राजस्थान ग्रामीण जल प्रदाय एवं फ्लोरोसिस मिटिगेशन परियोजना फेज–2 नर्मदा नहर आधारित वृहद पेयजल परियोजना।<br>• जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नागौर लिफ्ट परियोजना प्रथम चरण में पम्पिंग मशीनरी तथा 179 ग्रामों एवं 1001 ढाणियों को घर–घर पेयजल उपलब्ध कराने हेतु। |

## वन स्टेट–वन ग्लोबल ट्यूरिज्म डेस्टिनेशन

- **आयोजन** – 14-15 अक्टूबर को उदयपुर में राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस का।
- **आयोजक** – पर्यटन मंत्रालय के तत्वावधान में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत।
- **'एक राज्य: एक वैश्विक गंतव्य'** प्रत्येक राज्य में कम से कम एक ग्लोबल पर्यटन डेस्टिनेशन विकसित करना।
- वर्तमान में वैश्विक पर्यटन सूचकांक (WTI) में भारत 39वें नंबर है। WTI के पैरामीटर्स में 18-20% केंद्र सरकार के स्तर के हैं, शेष राज्यों पर आधारित हैं।

- भारत का लक्ष्य =
  - WTI में टॉप 10 देशों में जगह बनाना
  - GDP में पर्यटन के योगदान को भी 5-6% से बढ़ाकर 10% तक करना

- **राजस्थान** = पर्यटन सचिव राजेश यादव एवं राजस्थान पर्यटन आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने शौर्य, संस्कृति और **आध्यात्म की त्रिवेणी के रूप में प्रसिद्ध**
  1. महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट उदयपुर,
  2. जैसलमेर
  3. पुष्कर, उपर्युक्त तीनों स्थानों को ग्लोबल डेस्टिनेशन विकसित करने के लिए प्रस्तुतिकरण दिया।

## काजरी, जोधपुर 67वाँ स्थापना दिवस

- **कब** – 01 अक्टूबर, 2025 केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (CAZRI) (**स्थापना** = 01 अक्टूबर,1959)
- **मुख्य अतिथि** – भारतीय मौसम विभाग के पूर्व महानिदेशक डॉ. लक्ष्मण सिंह राठौड़।
  - 'बेस्ट रिसर्च पेपर' सम्मान–डॉ. वी.एस. राठौड़
  - 'बेस्ट एम्प्लॉयी ऑफ द ईयर'–बहादुर सिंह खींची, अरविंद एस. तेतरवाल, प्रवीण कुमार।
- काजरी ने मेहंदी की दो नई किस्में विकसित की है–

  1. CZ-RSPH8 2. CZ-RSPH9

## विकसित राजस्थान विजन @2047

- **विमोचन** – केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 13 अक्टूबर, 2025 को जयपुर में।
- **जारी** – 15 अक्टूबर, 2025 को राज्य सरकार द्वारा।
- **अनुमोदित** – राज्य मंत्रिमंडल द्वारा 23 अगस्त, 2025
- **चार प्रमुख थीम एवं 13 सेक्टर्स पर आधारित है** – जनकल्याण, त्वरित विकास, भविष्य उन्मुख राजस्थान, संबर्धक नीति एवं शासन।
- **प्रारूप तैयार** – राजस्थान इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसफार्मेशन एण्ड इनोवेशन (RITI) एवं नीति आयोग द्वारा।
- **प्रमुख स्तंभ** – GYAN (गरीबी, युवा, अन्नदाता, नारी शक्ति)
- कृषि, उद्योग, पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा को प्रमुख आधार बनाते हुए **राजस्थान की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर** बनाने की परिकल्पना की गई है।
- विजन डॉक्यूमेंट में राज्य के विकास लक्ष्य का आधार दुनिया के विकसित देशों के विभिन्न क्षेत्रों में हासिल पैरामीटर्स को माना गया है।
  - **उदाहरण** – जर्मनी का क्षेत्रफल और वहां की जनसंख्या राजस्थान के लगभग बराबर है।
  - यदि जर्मनी के सकल राज्य मूल्य वर्धन में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी देखी जाए तो 2024 में वहां यह 19.7% रही।

**विकसित राजस्थान @2047 में महत्वपूर्ण लक्ष्य**

| क्र. सं. | क्षेत्र | लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1. | अर्थव्यवस्था | 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना। |
| 2. | रोजगार | 1 करोड़ से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित करना। |
| 3. | ऊर्जा | नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन को 290 गीगावॉट तक बढ़ाना (33 गीगावॉट से)। |
| 4. | विनिर्माण | सकल राज्य मूल्य वर्धन में हिस्सेदारी 20% करना। |
| 5. | शिक्षा | शत–प्रतिशत स्कूली नामांकन। |
| 6. | स्वास्थ्य | मातृ मृत्यु दर को 15 तक लाना, जीवन प्रत्याशा को 77 वर्ष तक पहुँचाना। |
| 7. | महिला सशक्तिकरण | महिलाओं की कार्यबल भागीदारी 60% से अधिक करना। |

## राष्ट्रीय पोषण माह-2025

- **आयोजन** – 17 सितम्बर-16 अक्टूबर, 2025 तक
- राजस्थान ने देशभर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया
- **उपलब्धि दर** – राजस्थान ने निर्धारित 81,01,730 लक्ष्यों के मुकाबले 88,93,346 उपलब्धियाँ दर्ज कीं, जिससे उपलब्धि दर 114.12% रही।

- **बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले** - जोधपुर जिले ने 134.9% की उपलब्धि दर के साथ प्रथम स्थान जबकि कोटा, बीकानेर, चूरू और हनुमानगढ़ जिलों ने 125% से अधिक का लक्ष्य पूरा किया।
- **राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग**
  1. गुजरात 115.74%,
  2. <u>राजस्थान 114.12%</u>
  3. छत्तीसगढ़ 108.30%

## नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (NCISM) द्वारा जारी रैंकिंग

- राजस्थान आयुर्वेद संस्थान (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) ने ग्रेड 'ए' श्रेणी में लगातार दूसरे वर्ष प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

| शीर्ष संस्थान (ग्रेड 'ए') | अन्य प्रमख संस्थान (ग्रेड 'बी') |
|---|---|
| • राजस्थान आयुर्वेद संस्थान (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जिसने शिक्षा की गुणवत्ता, रोगी सुरक्षा और अनुसंधान जैसे कठोर मानकों पर आधरित मूल्यांकन में प्रथम स्थान प्राप्त किया।<br>• यह मूल्यांकन NCISM और क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (QCI) के संयुक्त प्रयासों से किया गया। | • NCISM की ग्रेड 'बी' श्रेणी में राजस्थान के दो संस्थानों को स्थान मिला है:<br>▪ ज्योतिराव फुले आयुर्वेद कॉलेज, चौमू : 88वीं रैंक<br>▪ सरकारी आयुर्वेद कॉलेज, उदयपुरः 93वीं रैंक |

## विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)कार्यक्रम

- **अवधि** : 28 अक्टूबर, 2025 -7 फरवरी, 2026 तक
- **उद्देश्य** : राज्य मतदाता सूची का व्यापक सत्यापन, अद्यतन और पारदर्शी पुनरीक्षण करना।
- फेज-2 में 12 राज्यों में SIR प्रारंभ जिसमें राजस्थान भी शामिल है।
- **डिजिटल सुविधा और नागरिक सहभागिता**
  - ECI Net ऐप/वेबसाइट (https://voters.eci.gov.in) पर सभी राज्यवार मतदाता सूचियाँ उपलब्ध।
  - 'बुक ए कॉल विद BLO (**Booth Level Officers**)' फीचर से सीधे BLO से संपर्क संभव।
- **राजस्थान में मतदाताओं की स्थिति** : 2025
  - **लगभग कुल मतदाता** : 5,48,84,827
  - **40 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता** : लगभग 2.61 करोड़ (77% मैपिंग पूर्ण)
  - **40 वर्ष से कम आयु के मतदाता** : लगभग 2.88 करोड़ (मैपिंग जारी)
  - **BLO की संख्या** : 52,469

## बीज उत्पादन में अनियमितता पर कार्रवाई

- कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल द्वारा बीज उत्पादन में अनियमितता पाए जाने पर दो संस्थाओं का पंजीकरण रद्द।
- **संस्थाएँ:**
  1. **मैसर्स स्टार एग्री सीड्स प्रा. लि.** = श्रीगंगानगर
  2. **सूरज एग्रो कॉपरेटिव सोसायटी लि.** = हनुमानगढ़
- **कारण:**
  - पिछले एक वर्ष में (खरीफ 2024, रबी 2024-25, खरीफ 2025) में कोई प्रमाणित बीज उत्पादन कार्यक्रम नहीं लिया गया।
  - **बीज प्रमाणीकरण के नियमानुसार**
    - एक सीजन में 40 हेक्टेयर
    - एक वर्ष में 100 हेक्टेयर बीज उत्पादन कार्यक्रम अनिवार्य है।

## भारतीय सामग्री प्रबंधन संस्थान (IIMM) की कार्यशाला

- **आयोजन** : अजमेर (25 अक्टूबर, 2025)
- **विषय** : 'लागत में कमी और बेहतर लॉजिस्टिक प्रबंधन'
- स्वदेशी अपनाकर और लागत में कमी करके भारत आर्थिक महाशक्ति बन सकता है।
- भारत सरकार की <u>'पीएम गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान'</u> और <u>राष्ट्रीय लॉजिस्टिक पॉलिसी</u> से देश की लॉजिस्टिक लागत 13-14% से घटाकर 8-9% तक लाने का लक्ष्य।


## ऑर्गेनिक फूड मार्केट और कृषि ज्ञान धारा 2.0

- कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने 16 अक्टूबर, 2025 को दुर्गापुरा, जयपुर में उद्घाटन किया।

- ऑर्गेनिक फूड मार्केट (जैविक उत्पादों का प्रचार-प्रसार)
- कृषि ज्ञान धारा 2.0 (आधुनिक सूचना तकनीक से कृषि समस्याओं का समाधान
- **हरित दर्पण पत्रिका** – अंतर्राष्ट्रीय बागवानी अभिनव और प्रशिक्षण केन्द्र।

## राणा बाघजी पशु मेला–2025

- **आयोजन :** कोटड़ा गाँव, शिव (बाड़मेर)
- **अवधि :** 9-15 अक्टूबर 2025 तक
- **आयोजक :** राणा बाघजी अनुसंधान एवं सेवा समिति
- **उपलक्ष्य :** ये मेला राणा बाघजी की स्मृति में आयोजित किया जाता है। (**बाघा भारमली रा दूहा–कवि आशानन्द**)
- **घुडदौड़ प्रतियोगिता :** बड़ी रेवाल चाल, माधरी चाल दौड़ में खारा निवासी रूपसिंह राठौड़ के घोड़े **'बाज'** ने प्रथम स्थान हासिल कर 25000 रु. का नकद ईनाम जीता।



## पुलिस विभाग–दो नवीन पदों का सृजन

- **स्पेशल पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स** – जयपुर रेंज IG राहुल प्रकाश
- **डीजी ऑपरेशन** – आनंद श्री वास्तव
- **नोट – सचिन मित्तल** – 1996 बैच के IPS अधिकारी को जयपुर पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया।

## दो अध्यादेश लागू : 27 अक्टूबर, 2025 को

### 1. राजस्थान दुकान एवं वाणिज्य संस्थान (संशोधन) अध्यादेश: 2025

| विषय | 1958 का प्रावधान | 2025 के संशोधन में नया प्रावधान |
|---|---|---|
| बाल श्रम (न्यूनतम आयु) | • 12 वर्ष से कम बच्चों को नियोजित नहीं किया जा सकता था। | • 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को नियोजित नहीं किया जा सकेगा। |
| प्रशिक्षु की न्यूनतम आयु | • 12 वर्ष | • 14 वर्ष |
| किशोर की परिभाषा | • 12 से 15 वर्ष तक के किशोर | • 14–18 वर्ष तक के किशोर |
| किशोरों के कार्य घंटे | • अधिकतम 3 घंटे प्रतिदिन | • नए संशोधन में स्पष्ट रूप से 14–18 वर्ष के लिए कार्य समय में प्रतिबंध व रात्रिकालीन कार्य निषेध |
| रात्रिकालीन कार्य | • 12–15 वर्ष तक के किशोर रात्रि में कार्य नहीं कर सकते थे। | • अब 14 से 18 वर्ष तक के किशोर रात्रि में कार्य नहीं कर सकेगे। |
| दैनिक कार्य अवधि | • अधिकतम 9 घंटे प्रतिदिन | • अधिकतम 10 घंटे प्रतिदिन |
| ओवरटाइम सीमा | • तिमाही में 90 घंटे (औसतन) | • तिमाही में 144 घंटे तक |
| उद्देश्य | • श्रमिकों के अधिकारों की सामान्य सुरक्षा | • बच्चों व किशोरों की सुरक्षा के साथ–साथ कार्यस्थलों की उत्पादकता में वृद्धि |

### 2. राजस्थान कारखाना (संशोधन) नियम: 2025

- **निम्न संशोधन :** भारत सरकार के कप्लायंस रिडक्शन एण्ड डिरेगुलेशन डॉकेट के तहत्-
  - विशिष्ट प्रकृति के कारखानों में महिलाओं को कार्यअनुमति।
  - गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के अलावा अन्य महिलाओं हेतु सुरक्षा उपकरण अनिवार्य।
  - कार्यस्थल पर गुणवत्ता और सुरक्षा प्रशिक्षण सुनिश्चित।

| राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा अक्टूबर, 2025 में किए गए विभिन्न MoUs | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | संस्थान | हस्ताक्षर | मुख्य उद्देश्य | प्रमुख प्रावधान |
| 1. | **ARCH** कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस | 8 अक्टूबर, 2025 | ग्रामीण कलाकारों, SHG महिला सदस्यों हेतु उत्पाद डिजाइन, विकास एवं बाजार उपयुक्तता को सुदृढ़ करना। | 'उन्नति इन्क्यूबेशन हब' अनुसंधान, डिजाइन अवधारणा प्रोटोटाइप निर्माण, ब्रांडिंग एवं क्षमता निर्माण में संयुक्त कार्य। |
| 2. | रूमा देवी फाउंडेशन | 8 अक्टूबर, 2025 | ग्रामीण एवं आदिवासी महिलाओं के कौशल विकास, उद्यमिता संवर्धन। | 'उन्नति इन्क्यूबेशन हब' कौशल उन्नयन, उद्यमिता प्रोत्साहन और बाजार तक पहुँच सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त कार्य। |
| 3. | सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज (C3) | 9 अक्टूबर, 2025 | जेंडर एकीकरण सुदृढ़ करना, संस्थागत तंत्र को मजबूत बनाना (DAY-NRLM के तहत्) | C3 द्वारा ब्लॉक स्तर पर जेंडर रिसोर्स सेंटर के संचालन हेतु तकनीकी एवं संस्थागत सहयोग। |

4. नोट :– राजीविका और भारतीय शिल्प एवं डिजाइन संस्थान
- **MoU** – 14 अक्टूबर 2025 राजीविका ने अपनी नई पहल 'उन्नति 'इन्क्यूबेशन हब' के तहत् भारतीय शिल्प एवं डिजाइन संस्थान, जयपुर (IICD) के साथ
- **उद्देश्य** – डिजाइन आधारित हस्तक्षेपों एवं क्षमता निर्माण के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के कौशल विकास, नवाचार, उत्पाद विविधीकरण एवं विपणन सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है।

# महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

### राजस्थान का प्रथम 'नमो बायोडायवर्सिटी पार्क'

- **उद्घाटन** – 05 अक्टूबर, 2025 को प्रताप बांध, अलवर में। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा।

### राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, राजस्थान

- हाल ही में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा देश के आपराधिक आंकड़े जारी किए गए। आंकड़े वर्ष 2021, 2022 तथा 2023 तक के हैं।
- विगत 2 वर्षों में राजस्थान में अपराधों में दो साल में 19.45% की गिरावट
- महिला अत्याचार प्रकरण में 9.24% की कमी।

### सिंदूर स्मारिका वाटिका

- **लोकार्पण** - 13 अक्टूबर 2025, को वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कोटपूतली स्थित श्रीमती पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में।

### स्टैकहोल्डर कॉन्क्लेव, चित्तौड़गढ़

- विश्व मानक दिवस (14 अक्टूबर, 2025) के अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), जयपुर शाखा कार्यालय द्वारा चित्तौड़गढ़ में 9 अक्टूबर, 2025 को स्टैकहोल्डर कॉन्क्लेव का आयोजन।
- **वर्ष 2025 थीम** : "Shared Vision for a Better World% Spotlight on SDG 17-Partnerships for the Goals"

### प्रदेश का पहला ई-बस मेन्यूफैक्चरिंग प्लांट

- कोटपूतली-बहरोड़ जिले में स्थापित होगा।

### 19वाँ जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026

- साहित्य और कला का यह महाकुंभ 15-19 जनवरी, 2026 तक आमेर, जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

### थार महोत्सव

- **आयोजन** : 8-9 अक्टूबर 2025 को बाड़मेर में।
- **आयोजक** : राजस्थान पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से **'रंग रेगिस्तान के'** थीम पर आयोजन हुआ।
- नक्षत्री चौधरी को **थार सुंदरी** और धर्मेंद्र डाबी को **थार श्री** चुना गया।

## दीपावली सेलिब्रेशन के लिए देश के 10 बेस्ट शहरों की सूची में राजस्थान के तीन शहर

- ट्रेवल पोर्टल स्टे विस्टा द्वारा देश के उन 10 शहरों की सूची अक्टूबर 2025 में जारी की है, जहाँ दिवाली का उत्सव देखने लायक होता है।
- **राजस्थान के तीन शहर**- जयपुर, उदयपुर, पुष्कर को शामिल किया गया।
- जयपुर को दूसरा, उदयपुर को 5वाँ, पुष्कर को 9वाँ स्थान दिया गया है।

## पुष्कर मेला-2025

- **आयोजन** - पुष्कर, अजमेर
- **अवधि** - 30 अक्टूबर - 5 नवम्बर 2025
- **थीम** - "Experience the Saga of Culture, Color and Spirituality"

## रक्तकोष फाउंडेशन

- राजस्थान 'रक्तकोष फाउंडेशन' को रक्तदान और मानव सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स - इंडिया द्वारा 'भारत एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025' से सम्मानित किया गया।
- सम्मान संस्था को देशभर में आयोजित सबसे बड़े रक्तदान अभियान के लिए मिला, जिसमें 1.5 लाख यूनिट से अधिक रक्त एकत्र कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया गया।

## द पैलेस स्कूल

- जयपुर के 'द पैलेस स्कूल' को एजुकेशनल वर्ल्ड इंडिया स्कूल ग्रैंड ज्यूरी रैंकिंग 2025-26 में डिजाइन थिंकिंग एवं अनुभवात्मक शिक्षा नेतृत्व श्रेणी में सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसी स्कूल को 'डे को-एड स्कूल' श्रेणी में जयपुर व राजस्थान में तीसरा स्थान मिला है।

## राज्य का प्रथम फ्लेटेड फैक्ट्री कॉम्पलेक्स

- राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (RIICO) ने जयपुर के सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यमों के लिए राज्य का पहला फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स (Plug & Play) बनाया है।

## जैन सीपीआर ट्रेनिंग सेंटर

- **उद्देश्य** - सड़क दुर्घटनाओं और अचानक हृदय गति रुकने से होने वाली मौतों की रोकथाम हेतु जयपुर में अक्टूबर 2025 में शुरू किया गया।
- देश के प्रथम नि:शुल्क जनसेवा आधारित केन्द्र में आमजन, डॉक्टरों और पैरामेडिक्स को नि:शुल्क सीपीआर (Cardiopulmonary resuscitation) प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- संस्थापक - डॉ. वी.के. जैन

## जूनियर मॉडल यूनाईटेड नेशंस

- राजस्थान विधानसभा (कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब) में 13 अक्टूबर, 2025 को 7-10 वर्ष के बच्चों हेतु विशेष रूप से प्रथम 'जूनियर मॉडल यूनाईटेड नेशंस (Junior MUN)' आयोजित किया गया।
- बच्चों में कूटनीति, नेतृत्व और वैश्विक दृष्टिकोण जैसे महत्वपूर्ण कौशल विकसित करना।

## धुवाला, भीलवाड़ा

- मांडल तहसील के धुवाला गाँव में नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने रीको को 82.60 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने की मंजूरी दी है।

## मयूर स्कूल, जयपुर

- एजुकेशन वर्ल्ड भारत विद्यालय रैंकिंग 2025-26 में जयपुर के मयूर स्कूल ने 'स्टूडेंट लीडरशिप एंड लाइफ स्किल डेवलपमेंट' श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर 5वाँ स्थान हासिल किया है।
- जयपुर और राजस्थान में यह स्कूल प्रथम रहा।

## *संभावित वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी*

- राजस्थान का प्रथम इलैक्ट्रिक बस संयंत्र-घिलोठ (नीमराणा)
- राजस्थान का प्रथम कछुआ (Tortoise) संरक्षण केन्द्र कहाँ खोला जाना प्रस्तावित है-धौलपुर
- **चुना पत्थर (लाइम स्टोन)** - केन्द्र सरकार के खान मंत्रालय ने हाल ही में एक अधिसूचना जारी कर चूना पत्थर को प्रमुख खनिज (Major Minerals) श्रेणी में वर्गीकृत किया है। राजस्थान में चूना पत्थर देश का सर्वाधिक (29%) उत्पादित होता है।

- **पहली ई-लाइब्रेरी :** 17 अक्टूबर, 2025 को जयपुर ग्रेटर निगम द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय के सामने ई लाइब्रेरी का उद्घाटन। यह नगरीय निकायों की ओर से संचालित प्रथम लाइब्रेरी है।
- **नॉलेज एन्हेन्समेंट प्रोग्राम** – राजस्थान सरकार के तीन मंत्रियों क्रमश: ओटाराम देवासी, जवाहरसिंह बेढ़म और जोराराम कुमावत सहित 38 प्रगतिशील किसानों ने डेनमार्क जाकर वहाँ कृषि और पशुपालन की नवीन तकनीकों एवं नवाचारों को जाना।
- **रामबाग पैलेस** – जयपुर का रामबाग पैलेस कॉन्डे नाइट ट्रैवलर यूके रीर्डस चॉइस अवॉर्ड 2025 में भारत का सर्वश्रेष्ठ होटल।
- विश्व का प्रथम गौ व गोपाल कॉरिडोर की आधारशिला 29 अक्टूबर, 2025 को सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने कहाँ रखी – **नंदगाँव, सिरोही**
- इन्टरनेशनल डेयरी फेडरेशन की ओर से किस डेयरी का चयन 'डेयरी इनोवेशन अवॉर्ड-2025' हेतु किया गया जो भारत का पहला डेयरी सेक्टर प्लांट है जो प्रतिदिन 6.6 लाख लीटर पानी का पुन:चक्रण कर रहा है –
  **सरस डेयरी, जयपुर**
- 'अमोघ फ्यूरी' नामक इंटीग्रेटेड फायर पावर अभ्यास का आयोजन भारतीय सेना की सप्तशक्ति कमान ने 19-20 सितम्बर, 2025 तक कहाँ किया –
  **महाजन फील्ड फायरिंग रेंज बीकानेर**
- 132वाँ राष्ट्रीय दशहरा मेला 2025 **:** कोटा में स्थापित 222 फीट का ऊँचा रावण का पुतला जिसने 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' दोनों में नाम दर्ज करवाया।
- **केन्द्रीय विद्यालय (KV) :** केन्द्र सरकार ने देश भर में 57 नवीन केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी है। जिनमें से राजस्थान में दो केन्द्रीय विद्यालय खोले जाएँगे। **(सिरोही, डीडवाना)**
- भारतीय हृदय एवं फेफड़े प्रत्यारोपण सोसायटी का छठाँ वार्षिक सम्मेलन 3-5 अक्टूबर, 2025 तक कहाँ आयोजित किया गया? **राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर**
- सोसायटी ऑफ पेट्रोलियम जियोफिजिसिस्ट्स (SPG-इंडिया) की अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का आयोजन अक्टूबर, 2025 में JECC जयपुर में हुआ जिसका विषय क्या था? **''चट्टान से बादल तक: भू-अन्वेषण ऊर्जा विकास को सशक्त बनाता है।''**
- राष्ट्रीय वास्तुकला छात्र संघ (NASA) सम्मेलन का आयोजन विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर द्वारा

  9-12 अक्टूबर, 2025 तक किया गया जिसका विषय क्या था? **''उत्प्रेरक-वास्तुकला के माध्यम से परिवर्तन का मार्ग''**

❑❑❑

# 02 राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

## चर्चित व्यक्तित्व

### न्यायमूर्ति सूर्यकांत

- CJI बी.आर. गवई ने वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को भारत का 53वाँ मुख्य न्यायाधीश नियुक्त करने हेतु सिफारिश की।
- वर्तमान CJI गवई 24 नवंबर,2025 को सेवानिवृत्त होंगे।
- न्यायमूर्ति सूर्यकांत का कार्यकाल 9 फरवरी, 2027 तक होगा।
- **प्रमुख न्यायिक योगदान:** संविधान के **अनुच्छेद 370** को निरस्त करने, **चुनावी बॉन्ड योजना** को असंवैधानिक ठहराने, **पेगासस स्पाइवेयर और राजद्रोह कानून निलंबन** से जुड़े मामलों की पीठों के सदस्य रहे।

### लेफ्टिनेंट जनरल वीरेन्द्र वत्स

- राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) के महानिदेशक नियुक्त किया।

### न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह

- दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति प्रतिभा एम.सिंह को विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) के न्यायाधीश सलाहकार बोर्ड का अध्यक्ष वर्ष 2025-27 तक नियुक्त किया गया।

### श्री शिरीष चंद्र मुर्मू

- 9 अक्टूबर, 2025 को भारतीय रिजर्व बैंक के उप-गवर्नर कार्यभार ग्रहण किया।

### पद्मविभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र

- बनारस शास्त्रीय संगीत घराने के प्रतिष्ठित गायक का निधन 02 अक्टूबर, 2025 हो गया।
- वह ठुमरी, चौती और कजरी जैसी अर्द्ध-शास्त्रीय शैलियों से जुड़े थें।
- वह **पूरब अंग ठुमरी** की विशेष शैली हेतु प्रसिद्ध थे।
- वर्ष 2010 में पद्म भूषण तथा 2020 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

### रानी चेन्नम्मा

- रानी चेन्नम्मा की ब्रिटिश सेना के प्रति 1824 की कित्तूर विजय की 200वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में वर्ष भर चलने वाला राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम 24 अक्टूबर को **नई दिल्ली** में समापन हुआ।
- केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रु. **200 स्मारक सिक्का** जारी।
- जन्म : 23 अक्टूबर, 1778 को कागती गाँव (बेलगावी, कर्नाटक)में एक लिंगायत परिवार में ।
- उनका विवाह कित्तूर के राजा मल्लसरजा से हुआ था।

## चर्चित योजनाएँ/कार्यक्रम/अभियान

### राष्ट्रीय दलहन आत्मनिर्भरता मिशन

- **शुभारंभ** - 11 अक्टूबर, 2025 को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली से।
- **घोषणा :** केन्द्रीय बजट 2025-26 में।
- **बजट :** 11,440 करोड़।
- **समयावधि :** 6 वर्ष (2025-26 से 2030-31 तक)
- **उद्देश्य :** देश को दालों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना, पोषण व किसानों की आय बढ़ाना, आयात निर्भरता घटाना
- **लक्ष्य :** 2030-31 तक दलहन उत्पादन को 350 लाख टन बढ़ाना।
  - दलहन क्षेत्रफल को 310 लाख हेक्टेयर तक विस्तृत करना।
  - उपज को 1130 किलोग्राम/हेक्टेयर तक बढ़ाना।
- **विशेषताएं:**
  - कटाई-बाद नुकसान घटाने व मूल्य संवर्धन के लिए 1,000 प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जाएगी
  - प्रोसेसिंग/पैकेजिंग यूनिट की स्थापना के लिए अधिकतम रु. 25 लाख सब्सिडी दी।
  - पीएम-आशा की मूल्य समर्थन योजना (PSS) के तहत अरहर, उड़द, मसूर की अगले 4 वर्षों तक 100% MSP पर खरीद।

- धान की परती व विविधीकरण-योग्य भूमि पर अतिरिक्त 35 लाख हेक्टेयर में दलहन खेती का विस्तार ।
- इसके तहत् 126 लाख क्विंटल प्रमाणित बीजों का उत्पादन और वितरण किया जायेगा।
- किसानों को नि:शुल्क 88 लाख बीज किट वितरित किए जाएंगे ।
- 416 जिलों में विशेष उत्पादन एवं वृद्धि कार्यक्रम लागू । (क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण )

- **नोट :** भारत दुनिया में दालों का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता देश है।

## पीएम-सेतु योजना

- **PM-SETU** = Pradhan Mantri Skilling and Employability Transformation through Upgraded ITIs
- **शुभारंभ :** 4 अक्टूबर, 2025 को प्रधानमंत्री द्वारा।
- **उद्देश्य :** भारत में 1,000 सरकारी ITI को आधुनिक, उद्योग-अनुरूप प्रशिक्षण संस्थानों में बदलना ।
- **बजट:** रु. 60,000 करोड़
- केंद्र प्रायोजित योजना।
- **कार्यान्वयन मॉडल:** हब-एंड-स्पोक तहत् 200 ITI हब व 800 ITI स्पोक से जुड़ेंगे।
  - प्रत्येक हब औसतन चार स्पोक से जुड़ा होगा।
- **विशेषताएँ** –
  - उद्योग के सहयोग से नए, मांग-आधारित पाठ्यक्रम शुरू और मौजूदा पाठ्यक्रमों में सुधार करना ।
  - क्लस्टरों के प्रबंधन और परिणामोन्मुख प्रशिक्षण सुनिश्चित करने हेतु विश्वसनीय एंकर उद्योग भागीदारों के साथ विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) स्थापित करना।
  - **5 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों** को वैश्विक साझेदारी के साथ उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करना।

    1. भुवनेश्वर-ओडिशा
    2. चेन्नई-तमिलनाडु
    3. हैदराबाद-तेलंगाना
    4. कानपुर-उत्तर प्रदेश
    5. लुधियाना-पंजाब

- **प्रथम चरण** :- 15 हब-एंड-स्पोक ITI समूहों की पहचान की गई है।

## प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना (PM -DDKY)

- **शुभारंभ :** 11 अक्टूबर, 2025 को प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नई दिल्ली से।
- **घोषणा :** केंद्रीय बजट 2025-26 में
- **अवधि :** 6 वर्ष (2025-26 से 2030-31)
- **मंत्रालय :** कृषि और किसान कल्याण, भारत सरकार
- **व्यय:** प्रति वर्ष रु. 24,000 करोड़
- योजना नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम (2018) की सफलता से प्रेरित।
- **उद्देश्य:** कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देना, सिंचाई व भंडारण क्षमता सुधारना और किसानों को ऋण सुविधा सुनिश्चित करना।
- **विशेषताएँ**
  - 11 मंत्रालयों की 36 केंद्रीय योजनाओं को एकीकृत कर कृषि विकास के लिए समन्वित मॉडल का निर्माण।
  - राज्य एवं निजी क्षेत्र के सहयोग से क्रियान्वयन
  - 100 निम्न प्रदर्शन वाले कृषि जिलों को शामिल किया गया।
  - **लक्षित जिलो के चयन का आधार:** कम कृषि उत्पादकता, कम फसल सघनता, ऋण भुगतान की निम्न दर।
    - ➢ प्रत्येक राज्य से कम से कम एक जिला चयन ।
  - योजनाओं की प्रगति केंद्रीय डैशबोर्ड पर 117 प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों के माध्यम से ट्रैक होगी।
  - योजना के प्रभावी नियोजन कार्यान्वयन और निगरानी के लिए जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर समितियों का गठन किया।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (PMFME) योजना

- **शुभारंभ** – 29 जून, 2020
- **मंत्रालय** – खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (MoFPI)
- **प्रकृति** – केंद्र प्रायोजित योजना (60:40-केंद्र:राज्य)
- इस योजना के अंतर्गत राजस्थान के 33 जिलों के लिए निम्नलिखित ODOP की पहचान की गई है।

- (**नोट** – 137 विशिष्ट उत्पादों के साथ 35 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 713 जिलों के लिए ODOP स्वीकृत)
- **विशेषताएँ** –
  - व्यक्तिगत/समूह श्रेणी के सूक्ष्म उद्यमों को सहायता: पात्र परियोजना लागत का 35% ऋण-लिंक्ड पूंजीगत सब्सिडी, अधिकतम 10 लाख रुपये प्रति इकाई
  - स्वयं सहायता समूहों को प्रारंभिक पूंजी के लिए सहायता: प्रारंभिक पूंजी 40,000 रुपये (अधिकतम 4 लाख रुपये)
  - सामान्य अवसंरचना के लिए सहायता: 35% ऋण-लिंक्ड पूंजीगत सब्सिडी (अधिकतम 3 करोड़ रुपये)
  - ब्रांडिंग और विपणन सहायता: 50% तक अनुदान क्षमता निर्माण: प्रशिक्षण और उत्पाद-विशिष्ट कौशल विकास में सहायता।

| राजस्थान | | |
|---|---|---|
| क्रम सं. | जिला | एक जिला–एक उत्पाद (ODOP) |
| 1. | अलवर | प्याज आधारित उत्पाद |
| 2. | अजमेर | गुलाब आधारित उत्पाद |
| 3. | बांसवाड़ा | आम आधारित उत्पाद |
| 4. | बारां | लहसुन आधारित उत्पाद |
| 5. | भरतपुर | सरसों आधारित उत्पाद |
| 6. | बाड़मेर | अनार आधारित उत्पाद |
| 7. | भीलवाड़ा | मक्का आधारित उत्पाद |
| 8. | बीकानेर | मोठ (भुजिया, नमकीन, पापड़) |
| 9. | बूंदी | चावल आधारित उत्पाद |
| 10. | चित्तौड़गढ़ | गुड़ |
| 11. | चुरू | मूंगफली उत्पाद |
| 12. | दौसा | गेहूँ आधारित उत्पाद |
| 13. | धौलपुर | आलू आधारित उत्पाद |
| 14. | डूंगरपुर | आम आधारित उत्पाद |
| 15. | गंगानगर | किन्नू आधारित उत्पाद |
| 16. | हनुमानगढ़ | गेहूँ आधारित उत्पाद |
| 17. | जालौर | इसबगोल |
| 18. | जयपुर | टमाटर आधारित उत्पाद |
| 19. | जैसलमेर | पोषक मरूद्भिद फल (कैर सांगरी) |
| 20. | झालावाड़ | संतरा आधारित उत्पाद |
| 21. | झुंझुनूं | फल आधारित उत्पाद (नींबू) |
| 22. | जोधपुर | जीरा आधारित उत्पाद |
| 23. | करौली | तिल आधारित उत्पाद |
| 24. | कोटा | धनिया आधारित उत्पाद |
| 25. | नागौर | मेथी आधारित उत्पाद |
| 26. | पाली | दूध आधारित उत्पाद |
| 27. | प्रतापगढ़ | लहसुन आधारित उत्पाद |
| 28. | राजसमंद | लघु वन उपज (आँवला, जामुन, शरीफा आदि) |
| 29. | सवाई माधोपुर | अमरूद आधारित उत्पाद |
| 30. | सीकर | प्याज आधारित उत्पाद |
| 31. | सिरोही | सौंफ आधारित उत्पाद |
| 32. | टोंक | सरसों आधारित उत्पाद |
| 33. | उदयपुर | लघु वन उपज (आँवला, जामुन, शरीफा आदि) |
| कुल | | **33** |

## पीएम गतिशक्ति योजना की चौथी वर्षगांठ

- योजना की चौथी वर्षगांठ 13 अक्टूबर, 2025 को मनाई गई।

  इस अवसर पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग, संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा विभिन्न पहलों का शुभारंभ ।

## लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस, एडवांसमेंट एंड परफॉर्मेंस शील्ड (LEAPS)-2025

- **उद्देश्य :** भारत में लॉजिस्टिक्स उत्कृष्टता को मानक रूप में स्थापित करना, देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करना, राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (NLP) व पीएम गतिशक्ति के समग्र दृष्टिकोण के साथ संरेखण करना।
- इसमें हवाई, सड़क, समुद्री और रेल मालवाहक ऑपरेटर, वेयरहाउसिंग सेवा प्रदात्ता,मल्टीमॉड ट्रांसपोर्टर्स, MSME, स्टार्टअप्स, एवं शैक्षणिक संस्थान की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल ।
- पहल स्थिरता, ESG (पर्यावरण, सामाजिक एवं शासन) प्रणालियों और हरित लॉजिस्टिक्स पर विशेष बल देती है।

### पीएम गतिशक्ति पब्लिक प्लेटफॉर्म

- एकीकृत भू-स्थानिक इंटरफेस (UGI) के माध्यम संचालित query-based web platform।
- **उद्देश्य** – NMP से चयनित गैर-संवेदनशील डेटासेट तक नियंत्रित पहुंच प्रदान करना।
- **प्लेटफॉर्म का विकास** – भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग और भू-सूचना विज्ञान संस्थान (BISAG-N) द्वारा।
- **संचालन की जिम्मेदारी** – राष्ट्रीय भू-स्थानिक डेटा रजिस्ट्री (NGDR)।

### पीएम गतिशक्ति – ऑफशोर पहल

- **उद्देश्य :** अपतटीय (Offshore) विकास की एकीकृत योजना और प्रबंधन को सक्षम बनाना।
- प्लेटफॉर्म एकीकृत भू-स्थानिक इंटरफेस (Integrated Geospatial Interface) प्रदान करता है।
- प्लेटफॉर्म विभिन्न मंत्रालयों के डेटासेट को एकीकृत करता जैसे – नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय , पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, मत्स्य पालन विभाग, खान मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय आदि।

*पीएम गतिशक्ति पहल*

- **शुरुआत :** 13 अक्टूबर 2021
- **उद्देश्य:** भारत में बुनियादी ढाँचे की योजना, समन्वय और क्रियान्वयन को एकीकृत करना।
- **भागीदार संस्थाएँ :** 57 से अधिक केंद्रीय मंत्रालय, विभाग, राज्य व केंद्रशासित प्रदेश।

### एकीकृत ओम्बड्समैन योजना, 2021

- RBI ने राज्य सहकारी बैंकों और केंद्रीय सहकारी बैंकों को योजना के दायरे में लाने का निर्णय लिया ।
- यह निर्णय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (RBI) ने बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35, के तहत लिया।
- **योजना में शामिल विनियमित संस्थाएं :**
  - सभी वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राज्य सहकारी बैंक, केंद्रीय सहकारी बैंक, अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक, और गैर-अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंक (जमा राशि रु. 50 करोड़ और उससे अधिक)
  - सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (**आवास, वित्त कंपनियों को छोड़कर**)- जमाराशियाँ स्वीकार करते, ग्राहक इंटरफेस (जमा राशि रु. 100 करोड़ और उससे अधिक)

### ज्ञान भारतम पहल

- संस्कृति मंत्रालय ने पहल के तहत् 25 अक्टूबर को 17 प्रमुख संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए ।
- **शामिल संस्थान:** एशियाटिक सोसाइटी (कोलकाता), कश्मीर विश्वविद्यालय (श्रीनगर), हिंदी साहित्य सम्मेलन (प्रयागराज), सरकारी ओरिएंटल पांडुलिपि पुस्तकालय (चेन्नई) आदि।

### ज्ञान भारतम पहल

- **उद्देश्य :** भारत की पांडुलिपि विरासत की पहचान, दस्तावेजीकरण, संरक्षण, डिजिटलीकरण और संवर्धन करना।
- **नोडल मंत्रालय :** संस्कृति मंत्रालय
- **घोषणा :** केंद्रीय बजट 2025-26।
- **पांडुलिपि ज्ञान को राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी (NDR)** में संग्रह और डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से वैश्विक स्तर पर साझा करना।
- संस्थानों को क्लस्टर केंद्र तथा स्वतंत्र केंद्र के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।
- **ज्ञान भारतम् प्रकोष्ठ :** प्रत्येक केंद्र में एक प्रकोष्ठ का गठन, यह प्रकोष्ठ सहयोग, समन्वय और सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगा ।

### एमनेस्टी योजना 2025

- **जारीकर्ता :** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC)।
- **अवधि :** 1 अक्टूबर 2025 से 30 सितंबर 2026 तक
- **मुख्य उद्देश्य :** अदालतों में लंबित मामलों के बैकलॉग को कम करना और ईएसआई अधिनियम के तहत अनुपालन को सरल बनाना है ।

### गोवा के ड्राइवरों के लिए राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS)

- **शुभारंभ**- 30 सितंबर 2025
- **उद्देश्य :** अनौपचारिक श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करना।

- पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) ने गोवामाइल्स और एचडीएफसी पेंशन फंड (POP) के साथ मिलकर शुरू की।
- पहल PFRDA के **"हर पेशा, एक पेंशन"** को वास्तविकता में बदलने और **"एनपीएस जरूरी है"** के संदेश को फैलाने के मिशन को मजबूत करती है।

### राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM)

- नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने NGHM के तहत 3 प्रमुख बंदरगाहों को ग्रीन हाइड्रोजन हब के रूप में मान्यता दी
  - **दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण** (गुजरात)
  - **वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह प्राधिकरण** (तमिलनाडु)
  - **पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण** (ओडिशा)

***राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन (NGHM) :***

- **लक्ष्य :** वर्ष 2030 तक प्रति वर्ष 5 MMT ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन करना।
- **उद्देश्य :** भारत को ग्रीन हाइड्रोजन व उसके व्युत्पन्नों के उत्पादन, उपयोग और निर्यात का वैश्विक केंद्र बनाना।

### 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' – प्रति बूंद अधिक फसल योजना

- **उद्देश्य :** जल के महत्तम उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा किसानों की उत्पादकता व आय बढ़ाना।
- **मुख्य संशोधन**
  - 'अन्य पहल' (Other Interventions) के अंतर्गत राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर सूक्ष्म स्तर पर जल प्रबंधन गतिविधियाँ – जैसे डिग्गी निर्माण और जल संचयन प्रणाली की योजना तैयार कर सकते हैं।
  - जल संचयन प्रणालियों को किसानों के लाभ के साथ **सामुदायिक उपयोग** के लिए भी विकसित किया जा सकता है ।
  - पहले प्रत्येक राज्य/UTs के लिए कुल आवंटन का 20% (सामान्य) और 40% (पूर्वोत्तर, हिमालयी राज्य तथा J&K व लद्दाख) तक सीमित था।
  - राज्यों/UTs को इन सीमाओं से अधिक धनराशि व्यय करने की छूट दी गई है ।

### आधार के साथ नवाचार और प्रौद्योगिकी संबद्ध (SITAA) योजना

- **शुरूआत :** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) द्वारा।
- **उद्देश्य:** स्टार्टअप्स, शिक्षाविदों और उद्योग को UIDAI के साथ सह-विकास हेतु सक्षम बनाकर भारत के ID-टेक पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना।
- **मुख्य फोकस क्षेत्र :** बायोमेट्रिक उपकरण, प्रमाणीकरण फ्रेमवर्क, डेटा गोपनीयता, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सुरक्षित पहचान ऐप्लिकेशन।

- **इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय स्टार्टअप हब और नैस्कॉम (NASSCOM) का UIDAI के साथ समझौता ज्ञापन :** SITAA योजना के उद्देश्यों की व्यापकता के लिए अहम साझेदार रूप कार्य करेंगे।

### 'सीखो और कमाओ' पहल

- **शुरुआत :** सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPWD) द्वारा
- **उद्देश्य** – दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में **छात्रों की भागीदारी और समर्पण** को बढ़ावा देना ।

### 'फेयर से फुर्सत' पहल

- **शुरूआत :** 13 अक्टूबर, 2025 को।
- भारत की सरकारी स्वामित्व वाली क्षेत्रीय एयरलाइन, **एलायंस एयर** की पहल।
- **उद्देश्य:** यात्रियों को उतार-चढ़ाव वाले हवाई किराए के तनाव से मुक्ति दिलाना और देश में उड़ान को आसान बनाना
- इस पहल को 13 अक्टूबर से 31 दिसंबर, 2025 तक चुनिंदा मार्गों पर प्रायोगिक आधार पर लागू किया।

### 'महा MedTech' मिशन

- **पूरा नाम**–The Mission for Advancement in High&Impact Areas (MAHA)&Medical Technology
- **शुरूआत** – अनुसंधान राष्ट्रीय रिसर्च फाउण्डेशन (ANRF) ने।
- **सहयोग** – भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) और गेट्स फाउंडेशन।

- **उद्देश्य :** भारत के मेडटेक नवाचार को तेज करना; महंगे आयातों पर निर्भरता कम करना; किफायती, उच्च-गुणवत्ता और समावेशी चिकित्सा तकनीकों तक पहुँच बढ़ाना।
- मिशन नवीन चिकित्सा उपकरणों और इन-विट्रो डायग्नोस्टिक्स, शैक्षणिक और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों, अस्पतालों, स्टार्टअप्स, एमएसएमई, मेडटेक उद्योग और विभिन्न संस्थाओं के बीच सहयोग सहित विभिन्न संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।
- मिशन राष्ट्रीय पहलों जैसे पेटेंट मित्र, मेडटेक मित्र, क्लिनिकल ट्रायल नेटवर्क के माध्यम से मदद करेगा।

### एग्रीएनिक्स प्रोग्राम

- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) ने एग्रीएनिक्स प्रोग्राम के तहत प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की घोषणा की है।
- एग्रीएनिक्स प्रोग्राम MeitY का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है।
- यह **कृषि और पर्यावरण के क्षेत्र में** प्रौद्योगिकियों संबंधी अनुसंधान और विकास करने, तथा उसे लागू ,प्रदर्शन और व्यावसायिक उपयोग से संबंधित है।
- **नोडल एजेंसी** : सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (C-DAC), कोलकाता।

### 'आदर्श युवा ग्राम सभा' (MYGS) पहल

- **शुभारंभ : 30 अक्टूबर को नई दिल्ली से।**
- **भागीदार :** पंचायती राज मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय (स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग) और जनजातीय कार्य मंत्रालय की संयुक्त पहल।
- **उद्देश्य :** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता का विकास करना
- प्रशिक्षण और संवाद हेतु **MYGS Portal** का शुभारंभ किया।

### विकसित भारत बिल्डथॉन 2025

- **शुभारंभ :** 23 सितंबर, 2025 को **शिक्षा मंत्रालय** ने अटल नवाचार मिशन (नीति आयोग) के सहयोग से।
- **उद्देश्य :** युवाओं को नवाचार के लिए प्रोत्साहित करना तथा आत्मनिर्भर और विकसित भारत @ 2047 की भावना को मजबूत करना।
- कक्षा **6-12 तक** के विद्यार्थियों के लिए एक राष्ट्रव्यापी नवाचार अभियान ।
- भागीदार विद्यार्थी **चार विषयों** पर काम करेंगे : **आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, वोकल फॉर लोकल, समृद्धि ।**

### 'वी राइज' (We Rise)

- **We Rise -** वीमेन इंटरप्रेन्योर रीइमेजिनिंग इंक्लूसिव, एण्ड सस्टेनेबल एंटरप्राइजेज।
- नीति आयोग के **महिला उद्यमिता मंच और डीपी वर्ल्ड** की एक संयुक्त पहल।
- यह WEP के Award to Re-Ward (ATR) पहल के तहत संचालित।
- **उद्देश्य :** भारत में महिला उद्यमियों द्वारा संचालित व्यवसायों की वैश्विक पहुंच सुनिश्चित करना।
- **प्रमुख सुविधाएँ :**
  - DP World का वैश्विक लॉजिस्टिक्स नेटवर्क और व्यापार विशेषज्ञता को उपयोग में लाकर ऐसे हस्तक्षेप तैयार किए जाएँगे जो 100 महिला उद्यमियों की निर्यात-तैयारी बढ़ाएँगे।
  - चयनित उद्यमियों को दुबई के India MART (the Jebel Ali Free Zone -Jafza) में अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

**WEP (Women Entrepreneurship Platform)**

- **स्थापना :** 2018 में नीति आयोग में एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म के रूप में शुरू; 2022 में सार्वजनिक-निजी भागीदारी बन गया।
- **भूमिका :** राष्ट्रीय एग्रीगेटर के रूप में महिला उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाना।

### 'आपकी पुंजी, आपका अधिकार' अभियान

- **शुभारंभ :** केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा गुजरात के **गांधीनगर से।**
- अक्टूबर-दिसंबर 2025 के दौरान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आयोजित किया जाएगा।
- **उद्देश्य :** डिजिटल प्रदर्शन और हेल्पडेस्क नागरिकों को उनकी लावारिस वित्तीय संपत्तियों का आसानी से पता लगाने और उन पर दावा करने में सहायता करेंगे ।
- **संचालन : वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (DFS)** द्वारा।

### जन योजना अभियान (PPC) 2025-26

- 2 अक्टूबर को आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में इस अभियान की औपचारिक शुरुआत की।
- **मंत्रालय:** पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार।
- **उद्देश्य:** वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए पंचायत विकास योजना (PDP) तैयार करने की राष्ट्रव्यापी प्रक्रिया आरंभ करना।
- जन योजना अभियान की **शुरुआत 2 अक्टूबर 2018** को **'सबकी योजना, सबका विकास'** थीम के तहत हुई थी।

### वस्त्र मंत्रालय का स्वदेशी अभियान

- **Slogan - "स्वदेशी कपड़ा, देश की शान - यही है भारत की पहचान"**
- **उद्देश्य :** भारतीय वस्त्रों को युवाओं और शहरी उपभोक्ताओं के बीच गर्व, शैली और विरासत के प्रतीक के रूप में पुनः स्थापित करना।
- **लक्ष्य :** हथकरघा, हस्तशिल्प और वस्त्र उत्पादों की घरेलू मांग को बढ़ावा देना।

### प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग का विशेष अभियान 5.0

- **उद्देश्य :** सरकारी कार्यालयों में लंबित कार्यों को कम करना, स्वच्छता को संस्थागत रूप देना और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में दक्षता बढ़ाना।
- दो चरणों में क्रियान्वयन
  - प्रारंभिक चरण: 16-30 सितंबर 2025
  - **द्वितीय चरण : 2-31 अक्टूबर 2025**
- **मुख्य लक्ष्य**
  - लोक शिकायतों, अपीलों और अंतर-मंत्रालयी संदर्भों का शीघ्र निपटान।
  - लंबित भौतिक एवं ई-फाइलों की समीक्षा कर उन्हें बंद करना।
  - कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों में स्वच्छता को बढ़ावा देना।
  - वैज्ञानिक तरीके से **ई-अपशिष्ट** का निपटान (ई-अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2022 के अंतर्गत)।
- **LIMBS-PFMS एकीकरण :** विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत, विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधि कार्य विभाग (DLA) ने विधिक सूचना प्रबंधन एवं ब्रीफिंग प्रणाली (LIMBS) को सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) के साथ एकीकृत किया है।

### तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 (TFYC 3.0)

- **शुभारंभ :** 9 अक्टूबर, 2025 (60 दिन तक संचालित)।
- **संचालन :** शिक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय आदि।
- **छह उन्नत रणनीतियों को प्राथमिकता देता है** - जन जागरूकता अभियान, तंबाकू नियंत्रण कानूनों का क्रियान्वयन, तंबाकू मुक्त गांवों की पहल का विस्तार करना, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ाना आदि।

## आयोजन/सम्मेलन/बैठक

### 9वां इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC) 2025

- **आयोजन :** 8-11 अक्टूबर, 2025 तक नई दिल्ली में।
- **आयोजक :** दूरसंचार विभाग (DOT) और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (COAI) द्वारा।
- **थीम : इनोवेट टू ट्रांसफॉर्म**
- एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी आयोजन।
- **छह प्रमुख वैश्विक शिखर सम्मेलन का आयोजन :** अंतर्राष्ट्रीय भारत 6G संगोष्ठी, अंतर्राष्ट्रीय एआई शिखर सम्मेलन, साइबर सुरक्षा शिखर सम्मेलन, सैटकॉम शिखर सम्मेलन (भारत में उपग्रह आधारित संचार सेवाओं पर विचार-विमर्श), आईएमसी एस्पायर कार्यक्रम,ग्लोबल स्टार्टअप वर्ल्ड कप।
- दूरसंचार विभाग, राष्ट्रीय संचार अकादमी और GSMA ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

### 23वाँ भारत दूरसंचार 2025

- **आयोजक:** दूरसंचार उपकरण एवं सेवा निर्यात संवर्धन परिषद (TEPC)
- **इंडिया मोबाइल कांग्रेस (IMC)** के साथ-साथ आयोजित।

### "समर्थ" इनक्यूबेशन कार्यक्रम

- सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DOT) द्वारा मार्च 2025 में शुरूआत।

- **कार्य क्षेत्र :** स्टार्टअप और दूरसंचार के विभिन्न अनुप्रयोग, साइबर सुरक्षा, 5G/6G, AI, IoT, क्वांटम तथा विविध टेलीकॉम अनुप्रयोग।
- **क्रियान्वयन भागीदार :** सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (STPI) और द इंडस एंटरप्रेन्योर्स (TiE)
- कोहोर्ट संरचना : दो कोहोर्ट, प्रत्येक 6-6 महीने अवधि के दो समूहों में, प्रति कोहोर्ट में 18 स्टार्टअप को सहायता (अधिकतम 36 स्टार्टअप) ।
  - IMC 25 के दौरान कोहोर्ट-II चयनित 18 स्टार्टअप Aspire Startup को पहली अनुदान किश्त सौंपी गई।

## चौथा कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन (KEC 2025)

- **आयोजन :** 3 अक्टूबर को **नई दिल्ली** में।
- **उद्घाटन :** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने ।
- आयोजक : आर्थिक विकास संस्थान (IEG) ने वित्त मंत्रालय के साथ साझेदारी से।
- **विषय– 'अशांत समय में समृद्धि की तलाश'** (Seeking Prosperity in Turbulent Times)

## 'आदि कर्मयोगी अभियान' पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन :** 17 अक्टूबर, 2025 को नई दिल्ली में।
- **आयोजक :** जनजातीय कार्य मंत्रालय।
- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (PMJANMAN) - पुरस्कार
  - सम्मेलन में **महिला एवं बाल विकास मंत्रालय** को भारत के राष्ट्रपति द्वारा PMJANMAN के कार्यान्वयन में उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार प्रदान किया।
  - मंत्रालय ने PM जनमन योजना के अंतर्गत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) क्षेत्रों में 2000 से अधिक आंगनवाड़ी केन्द्रों को क्रियाशील बनाया।

- **जनजातीय व्यापार सम्मेलन 2025**
  - जनजातीय कार्य मंत्रालय ने सम्मेलन के दौरान घोषणा की।
  - 12 नवम्बर, 2025,को नई दिल्ली में आयोजन।
  - **संस्कृति मंत्रालय** और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के **उद्योग संवर्धन व आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) के सहयोग से।**

## द्विवार्षिक नौसेना कमांडर सम्मेलन 2025

- **आयोजन :** 22-24 अक्टूबर, **नई दिल्ली** में।
- **'निपुण' पोर्टल** (Naval Intellectual Portal for Unified Knowledge / नौसेना बौद्धिक कार्यों का ऑनलाइन एग्रीगेटर) का शुभारंभ : नौसेना के ज्ञान और संसाधनों का एकीकृत मंच।
- सम्मेलन के दौरान 22 अक्टूबर को **'सागर मंथन'** कार्यक्रम आयोजित हुआ।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025

- **शुरुआत :** केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा **नई दिल्ली में**
- **अवधि :** 27 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2025 तक
- **विषय : 'सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी'**
- इसके तहत् 31 अक्टूबर को "AI and Emerging Technologies for Ethical Governance" विषय पर कार्यशाला का आयोजन

## दूसरा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर राष्ट्रीय सम्मेलन (NCCSR -2025)

- **आयोजन :** 6-7 अक्टूबर को **नई दिल्ली** में
- **विषय - ''जनजातीय विकास के लिए सीएसआर उत्कृष्टता का लाभ उठाना।''** (Leveraging CSR Excellence for Tribal Development.)
- **उद्देश्य** - समावेशी और सतत विकास के लिए अभिनव सीएसआर मॉडल प्रदर्शित करना ।
- **आयोजक संस्थान** - भारतीय कॉरपोरेट मामलों के संस्थान (IICA) द्वारा।
- सम्मेलन IICA CSR दिवस (2 अक्टूबर)के अवलोकन पर आधारित ।

## 6वां ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (GFF) 2025

- **आयोजन :** 7 से 9 अक्टूबर तक **मुंबई** में।
- **थीम : "AI द्वारा संचालित एक बेहतर दुनिया के लिए वित्त का सशक्तिकरण"**
- **आयोजक संस्थाएँ :** भारतीय भुगतान परिषद् (PCI), भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI), और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल (FCC)।

### वन्यजीव सप्ताह समारोह 2025

- **आयोजन :** 6 अक्टूबर को **वन अनुसंधान संस्थान** (FRI) परिसर, देहरादून (उत्तराखण्ड) में।
- **विषय – 'मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व'**
- **आयोजक** – केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा।
- **पाँच राष्ट्रीय स्तर की परियोजनाओं की शुरूआत :** प्रोजेक्ट डॉल्फिन (चरण-II) की कार्य योजना का कार्यान्वयन, प्रोजेक्ट स्लॉथ बियर, प्रोजेक्ट घड़ियाल, एसएसीओएन में मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई-एचडब्ल्यूसी),टाइगर रिजर्व के बाहर बाघों के लिए एक अभियान।

### CCSCH (मसाले व पाक कला जड़ी-बूटियों पर कोडेक्स समिति) सत्र

- **उद्घाटन: 8वें सत्र** का उद्घाटन **गुवाहाटी** में असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने किया।
- सम्मेलन में **वेनिला, धनिया और बड़ी इलायची** नए मानकों को अंतिम रूप दिया गया
- समिति ने अब तक 19 मसालों के मानकों को अंतिम रूप दिया।

### राष्ट्रीय दत्तक ग्रहण जागरूकता माह

- प्रतिवर्ष नवंबर माह में।
- **केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण** (महिला एवं बाल विकास मंत्रालय) द्वारा।
- **थीम – दिव्यांग बच्चों का गैर संस्थागत पुनर्वास** [Non-Institutionalized Rehabili tation of children with special needs (Divyaang Children)]

### 'देश में रक्षा विनिर्माण के अवसर' पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन :** 7 अक्टूबर को नई दिल्ली में।
- **उद्देश्य** – सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उद्योग विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ लाना और देश के रक्षा विनिर्माण ईकोसिस्टम को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा करना है।
- **डिफेंस एक्जिम पोर्टल, डिजिटल संग्रह सृजन-DEEP** (डिफेंस इस्टेब्लिशमेंटस एंड इंटरप्रेन्योरस प्लेटफार्म) पोर्टल का शुभारम्भ।
- **दो प्रमुख प्रकाशनों का विमोचन** –
  - 'एयरोस्पेस एंड डिफेंस सेक्टर पॉलिसी कम्पेन्डीअम ऑफ स्टेट्स एंड यूनियन टेरेटरीज'
  - आईडीईएक्स कॉफी टेबल बुक 'शेयर्ड हॉरिजन्स ऑफ इनोवेशन'

### तीसरा राष्ट्रीय ई-विधान एप्लीकेशन (NeVA) पर राष्ट्रीय सम्मेलन

- **आयोजन :** 30 अक्टूबर, 2025 को **नई दिल्ली** में।
- **आयोजक :** संसदीय कार्य मंत्रालय
- NeVA भारत सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत 44 मिशन मोड परियोजनाओं में से एक।

### 7वाँ इंडो-पैसिफिक क्षेत्रीय वार्ता 2025

- **आयोजन :** 28 अक्टूबर को **नई दिल्ली** में।
- **विषय : 'समग्र समुद्री सुरक्षा और विकास को बढ़ावा: क्षेत्रीय क्षमता निर्माण और क्षमता संवर्धन'**
- भारतीय नौसेना के शीर्ष-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक आउटरीच वार्ता ।
- भारतीय सेना ने सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (CLWS) के सहयोग से 31 अक्टूबर, 2025 को मानेकशॉ सेंटर, नई दिल्ली में यंग लीडर्स फोरम -'वीर युवा: भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और विकास के लिए युवाओं का सशक्तिकरण' का आयोजन किया।

### चौथा भारत समुद्री सप्ताह 2025 (IMW 2025)

- **आयोजन :** 27 से 31 अक्टूबर, 2025, **मुंबई में।**
- **उद्घाटन :** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा।
- **आयोजक :** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय।
- **विषय: "महासागरों का एकीकरण, एक समुद्री दृष्टिकोण"**
- इस दौरान **ग्लोबल मैरिटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव** का आयोजन हुआ।

## तीसरा भारत शोध यात्रा 2025

- भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR), नई दिल्ली से औपचारिक शुरूआत।
- **आयोजक:** स्प्रिंगर नेचर, सहयोग: शिक्षा मंत्रालय।
- **उद्देश्य:** अनुसंधान में समग्रता, समावेशिता और नवाचार को बढ़ावा देना।
- **कवरेज :** 15 शहर, 7 राज्य, 29 संस्थान का दौरा।
  - **प्रमुख संस्थान :** IIT-खड़गपुर, कानपुर, गुवाहाटी ; IIM: कलकत्ता, लखनऊ, बोधगया; और मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (नई दिल्ली)।
- **प्रमुख स्तंभ** –
  - ओपन एक्सेस (OA) को बढ़ावा; वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन (ONOS) पर जागरूकता।
  - अनुसंधान समग्रता (Research Integrity) और प्रकाशन में AI की भूमिका की पड़ताल
  - विविधता व समावेशन – "हर रिसर्च, अवर फ्यूचर" जैसी पहलें
  - ज्ञान तक सर्वसुलभ पहुँच से यूएन SDGs में योगदान

## भारत-एआई इम्पैक्ट समिट 2026

- भारत सरकार ने समिट का आधिकारिक लोगो जारी किया **(डिजाइनर – अजित पी. सुरेश)**
- **आयोजन :** 19-20 फरवरी, 2026, भारत मंडपम, नई दिल्ली में।
- सम्मेलन के साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उसके प्रभाव पर 18 फरवरी, 2026 को शोध संगोष्ठी आयोजित की जाएगी।

AI IMPACT SUMMIT
भारत 2026 INDIA
सर्वजन हिताय | सर्वजन सुखाय
WELFARE FOR ALL | HAPPINESS OF ALL

◆ **उत्तराखंड एआई इम्पैक्ट समिट 2025 :**

- 17 अक्टूबर, 2025 को **देहरादून में** आयोजन
- उत्तराखंड सरकार, भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इंडिया एआई मिशन के सहयोग से
- इंडिया-एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का एक प्री-समिट कार्यक्रम है।

## भाषिनी राज्यम् कार्यशाला: केरल

- **आयोजक:** डिजिटल इंडिया भाषिनी (BHASHINI) विभाग (DIBD), इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्रालय; सहयोग: केरल स्टेट आईटी मिशन।
- **विषय:** "वॉयस-फर्स्ट डिजिटल गवर्नेंस और मलयालम का भाषाई सशक्तिकरण"
- **समझौता ज्ञापन (MoU):** केरल सरकार और DIBD के बीच।
  - **उद्देश्य :** मलयालम भाषा के लिए मजबूत एआई मॉडल, वाक् पहचान प्रणालियां और बहुभाषी अनुप्रयोग विकसित करना।

## चौथा 'मौन संवाद: हाशिये से केंद्र तक' कार्यक्रम

- आदिवासी कला प्रदर्शनी
- **उद्घाटन:** 9 अक्टूबर 2025, नई **दिल्ली में** पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने ।
- **आयोजक:** संकला फाउंडेशन
- **सहयोग:** राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) और International Big Cat Alliance (IBCA)
- **उद्देश्य :** वनों, विशेषकर भारत के बाघ अभयारण्यों में आसपास रहने वाले आदिवासी समुदायों व वनवासियों के संरक्षण-सिद्धांतों पर जागरूकता बढ़ाना।

**"आदिवासी कलाएं और भारत का संरक्षण लोकाचार: जीवंत ज्ञान" पर राष्ट्रीय सम्मेलन**

- **आयोजन :** संकला फाउंडेशन द्वारा 10 अक्टूबर को।
- **सहयोग :** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल व CII, नई दिल्ली ।
- **उद्घाटन:** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ।

### राष्ट्रीय होम्योपैथी सम्मेलन

- 10-11 अक्टूबर 2025, कोट्टायम (केरल) में।
- **आयोजक संस्थान:** राष्ट्रीय होम्योपैथी मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (NHRIMH), कोट्टायम द्वारा।
- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 के अवसर
- **थीम :** "सेवाओं तक पहुँच: आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य" ('Access to Services - Mental Health in Catastrophes and Emergencies')

### FICCI HEAL 2025 (19वाँ संस्करण)

- **आयोजन :** फिक्की द्वारा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और नीति आयोग के सहयोग से ।
- **थीम/विषय :** "Care@25 - स्वास्थ्य सेवा में निर्णायक क्षण"

### 'स्वनिधि संकल्प अभियान'

- **अवधि :** 3 नवंबर से 2 दिसंबर 2025 तक
- **उद्देश्य :** यूएलबी और बैंकों द्वारा रेहड़ी-पटरी वालों तक पहुंच में सुधार और आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने में तेजी लाना है।

### एकता नगर भारत पर्व

- **आयोजन :** 1-15 नवम्बर, 2025 एकता नगर (गुजरात) में।
- विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक प्रदर्शन और एक खान-पान महोत्सव (Food Festival)।
- महोत्सव का समापन 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती से जुड़े विशेष कार्यक्रमों के साथ होगा।
- **उद्देश्य :** जनजातीय समुदायों की गौरवशाली संस्कृति पर प्रकाश डालना।

### तीसरा 'पर्पल फेस्ट'

- **आयोजन :** पणजी, गोवा में, गोवा सरकार द्वारा।
- **सहयोगी संस्थान :** सामाजिक न्याय मंत्रालय व संयुक्त राष्ट्र ।
- देश में दिव्यांगजन को अपनी कलात्मक और रचनात्मक प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**नया 'सुगम्य भारत ऐप':** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने पर्पल फेस्ट में लॉन्च किया।

- ऐप को उपयोगकर्ता-पहले और सुगमता-प्रथम सोच के साथ पुन: डिजाइन किया गया।
- भारत के डिजिटल सुगम्यता केंद्र के रूप में परिकल्पित है-जो जानकारी, योजनाएँ और सेवाएँ सीधे दिव्यांगजनों तक पहुँचाएगा।
- एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से विकसित
- **विशेषताएँ :** स्क्रीन रीडर, वॉइस नेविगेशन, बहुभाषी, सहज इंटरफेस।

- **IELTS प्रशिक्षण पुस्तिका :** बिलीव इन द इनविजिबल (बीआईटीआई) ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPWD)के सहयोग से विकसित।

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- भारतीय नौसेना 16 अक्टूबर 2025 को **नई दिल्ली** में 'समुद्री क्षेत्र पर साइबर हमलों का प्रभाव और राष्ट्रीय सुरक्षा एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंधों पर इसके प्रभाव' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया ।
- नई दिल्ली में CBI द्वारा Conference on Eñtradition of Fugitives : Challenges and Strategies विषय पर सम्मेलन आयोजित किया गयाप
- आठवें राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का समापन समारोह 17 OCT 2025 को देहरादून में आयोजित किया गया।
- 'ट्रीट-डीएम 2025- ट्रांसलेशनल रिसर्च, एडिपोसोपैथी, टेक्नोलॉजी फॉर डायबिटीज एंड मेटाबॉलिक डिजीजेस" नामक डायबिटीज कॉन्फ्रेंस : बेंगलुरु में

## महत्त्वपूर्ण समझौते

- **उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) का थर्मो फिशर साइंटिफिक (TFS) के साथ:**
  - **उद्देश्य :** भारत के जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देना और उच्च-विकासशील स्टार्टअप्स की एक प्रभावी प्रक्रिया को बढ़ावा देना ।
  - **बायोवर्स चौलेंज :** TFS, डीपीआईआईटी की पहल भारत स्टार्टअप ग्रैंड चौलेंज (BSGC) के साथ मिलकर शुरू करेगा।

**राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान, कुंडली (निफ्टेम–के)खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने नौ रणनीतिक समझौता ज्ञापनों (MOU) पर हस्ताक्षर**

- विश्व खाद्य भारत-2025 के दौरान ।
- सहयोगात्मक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया, द गुड फूड इंस्टीट्यूट, आलमंड बोर्ड कैलिफोर्निया, डैनोन इंडिया, क्लियर मीट प्राइवेट लिमिटेड, गवर्नमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (ग्रेटर नोएडा), इंस्टीट्यूट ऑफ बायोरिसोर्सेज एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट (इम्फाल), रेजुवोम थेरेप्यूटिक्स (बेंगलोर) और इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (नई दिल्ली) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- संस्थान द्वारा विकसित सात नवीन तकनीकों का हस्तांतरण:

| कम्पनी | हस्तान्तरित तकनीक |
|---|---|
| आरडीज बेकरी | • इंस्टेंट कम्पोजिट बाजरा–आधारित खीर प्रीमिक्स |
| हेक्सागन न्यूट्रिशन लिमिटेड | • उच्च ऊंचाई वाले पोषक तत्व मेटाबोलिक डिसऑर्डर और प्रोबायोटिक उत्पादों के आहार प्रबंधन के लिए उच्च पोषक तत्व वाले रेडी–टू–ईट बार। |
| एआरएफ लाइफ साइंसेज | • रैपिड कैटल प्रेगनेंसी किट और रैपिड पनीर मिलावट किट। |
| क्रॉप प्योर प्राइवेट लिमिटेड | • एगलेस केक प्रीमिक्स तकनीक। |
| यस बी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | • मिलेट पफ्स |
| इंटरलिंक फूड्स प्राइवेट लिमिटेड | • सक्षम आंगनवाड़ी और मिशन पोषण 2.0 पहल |
| जीवनमित्र न्यूट्रास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड | • अकिण्वित मेयो |

**खुले बाजार बिक्री योजना (घरेलू)/ OMSS (D) आधारित एफसीआई स्टॉल :**

- भारतीय खाद्य निगम ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2025, नई दिल्ली में।
- **विषयवस्तु** – ''सबके लिए भोजन, सबके लिए जीवन''
- पहल खुले बाजार में खाद्यान्नों की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित करने, कीमतों को नियंत्रित करने और पूरे देश में छोटे/थोक उपभोक्ताओं और विक्रेताओं तक सीधी पहुंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**रेलवे सुरक्षा बल (RPF), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF), भारतीय रेलवे आपदा प्रबंधन संस्थान (IRIDM), बेंगलुरु के मध्य त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन**

- **उद्देश्य:** रेलवे दुर्घटनाओं में एकीकृत राहत कार्यों और क्षमता निर्माण के लिए संस्थागत ढाँचा तैयार करना गोल्डन ऑवर में जीवन–रक्षा पर विशेष बल।
- **प्रमुख भूमिकाएँ :** RPF (नोडल केंद्र), NDRF(बटालियन-स्तरीय संवेदीकरण की मेजबानी, IRIDM के संयुक्त पाठ्यक्रमों में भागीदारी) IRIDM (उन्नत, परिदृश्य-आधारित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का डिजाइन, नियमित अपडेशन और दस्तावेजीकरण)

**फिक्की + भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (IICT) + नेटफ्लिक्स इंडिया साझेदारी –**

- **घोषणा :** 25वें फिक्की फ्रेम्स में
- **उद्देश्य :** भारत की AVGC-XR (एनीमेशन, VFX, गेमिंग, कॉमिक्स, एक्सटेंडेड रियलिटी) प्रतिभाओं को निखारना/सशक्त करना।
- Netflx Fund for Creative Equity के माध्यम से चुनिंदा छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करेगा।

**बीपीसीएल–ऑयल इंडिया–नुमालीगढ़ रिफाइनरी (NRL) के मध्य समझौता ज्ञापन**

- **उद्देश्य:** NRL के 3 MTPA से 9 MTPA विस्तार के बाद पेट्रोलियम उत्पादों की निकासी को सुगम बनाना।
- सिलीगुड़ी से मुगलसराय तक 700 किमी लंबी पाइपलाइन का संयुक्त निर्माण शामिल है

- **हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और रूसी कंपनी यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन (UAC) समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**
  - **नागरिक कम्यूटर विमान SJ-100** के उत्पादन के लिए
  - SJ-100 एक दोहरे इंजन वाला विमान है।
    - भारत में कम दूरी की कनेक्टिविटी के लिए उड़ान योजना में उपयोगी।
    - SJ-100 देश में बनने वाला पहला पूर्ण यात्री विमान होगा
- **राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (NeGD), डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन और सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड (ब्रांड: भारत टैक्सी) के मध्य समझौता ज्ञापन**
  - **उद्देश्य :** प्लेटफॉर्म एकीकरण, साइबर सुरक्षा, गोपनीयता, अनुपालन और शासन के क्षेत्रों में रणनीतिक सलाह और तकनीकी सहायता प्रदान करना ।

**भारत टैक्सी** – सहकारी-संचालित राष्ट्रीय राइड-हेलिंग पहल; दिसंबर 2025 में लॉन्च होगी।
- प्रमोटिंग संस्थान (संयुक्त रूप से): NCDC, IFFCO, Amul, KRIBHCO, NAFED, NABARD, NDDB, NCEL

- दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत अटल बिहारी वाजपेई दिव्यांगजन खेल प्रशिक्षण केंद्र (ABVT-CDS), ग्वालियर ने फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PEFI) और इक्विबीइंग फाउंडेशन, बैंगलोर के साथ दो समझौते – भारत को समावेशी खेलों में वैश्विक रूप से अग्रणी बनाने ।
- **डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन (सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय) ने तीन विश्वविद्यालयों;** मुंबई विश्वविद्यालय, जयपुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय और जीबी पंथ तकनीकी और कृषि विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन : तीन नई डॉ. अंबेडकर पीठों की स्थापना के लिए।

| MoUs | उद्देश्य/अन्य विशेषता |
|---|---|
| 1. पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण **(PFRDA)** और नाबार्ड के मध्य | • 45,000 किसान उत्पादक संगठनों (FPO) के माध्यम से किसान सदस्यों में जागरूकता और क्षमता निर्माण करना तथा कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच बढ़ाना |
| 2. पेयजल एवं स्वच्छता विभाग **(DDWS)** और भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग एवं भू–सूचना विज्ञान संस्थान **BISAG-N (MEITY)** के मध्य | • जल जीवन मिशन (JJM) व स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) [SBM(G)], के लिए GIS-एकीकृत निर्णय–समर्थन प्लेटफॉर्म विकसित करना |
| 3. भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और आईआईटी पलक्कड़ (केरल, पलक्कड़) के बीच समझौता | • प्रधानमंत्री विरासत का संवर्धन (PM–विकास) योजना के तहत कौशल विकास परियोजना के लिये। |
| 4. श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने जोमैटो के साथ समझौता ज्ञापन | • राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) प्लेटफॉर्म के माध्यम से फ्लेक्सिबल और प्रौद्योगिकी–सक्षम आजीविका अवसरों तक पहुंच बढ़ाने के लिए। |
| 5. कोल इंडिया लिमिटेड **(CIL)** ने **IIT** मद्रास के साथ समझौता ज्ञापन | • आईआईटी मद्रास में 'सतत ऊर्जा केंद्र' स्थापित करने के लिए।<br>• यह केंद्र सतत ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास तथा क्षमता निर्माण पहलों के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करेगा। |
| 6. उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग **(DPIIT)** ने प्राइमस पार्टनर्स प्राइवेट | • भारत के स्टार्टअप और नवाचार इको–सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में सहयोग बढ़ाने के लिए । |
| 7. उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग **(DPIIT)** ने कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के साथ | • देश में स्टार्टअप्स के लिए वित्तीय और गैर–वित्तीय सहायता बढ़ाने के लिए। |

| | |
|---|---|
| 8. दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (TEC) ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद (IIT हैदराबाद) के साथ | • उन्नत दूरसंचार प्रौद्योगिकियों और वैश्विक मानकीकरण गतिविधियों में संयुक्त अध्ययन, अनुसंधान और तकनीकी योगदान पर सहयोग करने के लिए |
| 9. स्टार्टअप एक्सेलेरेटर वेवएक्स ने टी–हब के साथ | • भारत के क्रिएटिव, कंटेंट और मीडिया–प्रौद्योगिकी स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए |
| 10. भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (OIL) समझौता ज्ञापन | • आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के सहयोग लिए |
| 11. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने मेसर्स पर्सोलकेली इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ | • अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग समुदायों के उम्मीदवारों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु। |
| 12. Centre for Development of Advanced Computing (C-DAC) और इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (ICAT) के मध्य MoU | • ऑटोमोटिव क्षेत्र में तकनीकी मजबूती को स्वदेशी नवाचार के आधार पर आगे बढ़ाना। |
| 13. दूरसंचार इंजीनियरिंग केंद्र (TEC) का अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (IIIT) नया रायपुर के मध्य MOU | • अगली पीढ़ी की दूरसंचार प्रौद्योगिकियों में शोध, नवाचार और मानकीकरण को संयुक्त रूप से आगे बढ़ाना। |

# पुरस्कार

## अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (ISSA) पुरस्कार

- भारत को 'सामाजिक सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि' के लिए सम्मानित किया गया है।
- मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित विश्व सामाजिक सुरक्षा मंच (WSSF) 2025 में।
- भारत को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इंटरनेशनल सोशल सिक्योरिटी एसोसिएशन (ISSA) द्वारा दिया गया।
- **उपलब्धियाँ :** सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में 19% से बढ़कर 2025 में 64.3% हो गया है।
  - ई–श्रम पोर्टल, राष्ट्रीय करियर सेवा (NCS) पोर्टल की शुरूआत।

## राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

- वर्ष 2024–25 के संबंध में
- राजभाषा हिंदी में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा।
- **राजभाषा कीर्ति (प्रथम) पुरस्कार**–प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग को। (लगातार दूसरे वर्ष)
- **राजभाषा कीर्ति ( तृतीय ) पुरस्कार :** पेंशन एवं पेंशन भोगी कल्याण विभाग को।

**माई भारत – राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार :** राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 6 अक्टूबर को वर्ष 2022–23 के लिए प्रदान किए।

| क्र. स. | श्रेणियां | पुरस्कारों की संख्या | पुरस्कार का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | एनएसएस इकाइयां और उनके कार्यक्रम अधिकारी | 10–10 | • प्रत्येक एनएसएस इकाई को ट्रॉफी के साथ 2,00,000/– रूपये (एनएसएस कार्यक्रम विकास के लिए) • प्रत्येक कार्यक्रम अधिकारी को प्रमाण पत्र और रजत पदक के साथ 1,50,000/– रूपये |
| 2. | एनएसएस स्वयंसेवक | 30 | • प्रत्येक स्वयंसेवक को 1,00,000/– रूपये, एक प्रमाण पत्र और एक रजत पदक। |

- युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा 1993–94 में स्थापित
- **उद्देश्य** – समाज सेवा, सामुदायिक विकास और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित करना।

- राजस्थान के **ललित तिवारी** (विवेकानन्द ग्लोबल यूनिवर्सिटी) को सम्मानित किया गया।

- **माई भारत-राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) :** 1969 में महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी समारोह के दौरान शुरू की गई थी
  - **आदर्श वाक्य :** ''मैं नहीं, बल्कि आप'' (स्वयं से पहले आप)।
  - **उद्देश्य :** स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना।

## फॉर्च्यून लीडरशिप अवार्ड्स 2025

- **टेलीकम्युनिकेशंस कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (TCIL)** को मानव संसाधन उत्कृष्टता पुरस्कार दिया गया।

## 70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025:

- 70वें हुंडई फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन 11 अक्टूबर, 2025 को अहमदाबाद, गुजरात में किया गया।
- **सर्वाधिक अवॉर्ड:** किरण राव द्वारा निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज'।
  - इस फिल्म ने 13 अवॉर्ड जीते, जो 2020 में 'गली बॉय' द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड की बराबरी है।
- **प्रमुख विजेता:**
  - **सर्वश्रेष्ठ फिल्म:** लापता लेडीज।
  - **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता:** कार्तिक आर्यन ('चंदू चौंपियन' के लिए) और अभिषेक बच्चन ('मैं बात करना चाहता हूँ' के लिए) संयुक्त विजेता।
  - **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री:** आलिया भट्ट ('जिगरा' के लिए)।
  - **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक:** किरण राव (लापता लेडीज)।
  - **सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता:** रवि किशन (लापता लेडीज)।
- **क्रिटिक्स अवॉर्ड्स**
  - **सर्वश्रेष्ठ फिल्म:** आई वांट टू टॉक - शूजित सरकार।
  - **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता:** राजकुमार राव (श्रीकांत के लिए)।
- **लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड:**
  - जीनत अमान।
  - श्याम बेनेगल (मरणोपरांत)

## राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025

- भारत सरकार द्वारा अग्रणी अनुसंधान और प्रेरक उपलब्धियों को मान्यता देने और प्रोत्साहित करने के लिए स्थापित
- चार श्रेणियों और 13 क्षेत्रों में प्रदान किया जाता है:

| | | |
|---|---|---|
| **विज्ञान रत्न (VR):** | विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में आजीवन उपलब्धियों के लिए। | प्रो. जयंत विष्णु नार्लीकर (भौतिकी) – मरणोपरांत |
| **विज्ञान श्री (VS):** | विशिष्ट योगदान के लिए। | डॉ. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह (कृषि विज्ञान), डॉ. यूसुफ मोहम्मद शेख (परमाणु ऊर्जा), डॉ. के थंगराज (जैविक विज्ञान), प्रो. प्रदीप थलप्पिल (रसायन विज्ञान), प्रो. अनिरुद्ध भालचंद्र पंडित (इंजीनियरिंग विज्ञान), डॉ. एस वेंकट मोहन (पर्यावरण विज्ञान), प्रो. महान एमजे (गणित और कंप्यूटर विज्ञान), श्री जयन एन (अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी) |
| **विज्ञान युवा-शांति स्वरूप भटनागर (VY-SSB):** | 45 वर्ष तक के युवा वैज्ञानिकों के असाधारण योगदान के लिए। | डॉ. जगदीस गुप्ता कपुगंती (कृषि विज्ञान), डॉ. सतेन्द्र कुमार मंगरौठिया (कृषि विज्ञान), श्री देबार्का सेनगुप्ता (जैविक विज्ञान), डॉ. दीपा अगाशे (जैविक विज्ञान), डॉ. दिब्येंदु दास (रसायन विज्ञान), डॉ. वलीउर रहमान (पृथ्वी विज्ञान), प्रो. अर्कप्रवा बसु (इंजीनियरिंग विज्ञान), प्रो. सब्यसाची मुखर्जी (गणित और कंप्यूटर विज्ञान), प्रो. श्वेता प्रेम अग्रवाल (गणित और कंप्यूटर विज्ञान), डॉ. सुरेश कुमार (चिकित्सा), प्रो. अमित कुमार अग्रवाल (भौतिकी), प्रो. सुरहुद श्रीकांत मोरे (भौतिकी), श्री अंकुर गर्ग (अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी), प्रो. मोहनशंकर शिवप्रकाशम (प्रौद्योगिकी एवं नवाचार) |
| **विज्ञान टीम (VT)** | तीन या अधिक सदस्यों वाली टीमों के असाधारण योगदान के लिए। | अरोमा मिशन सीएसआईआर (कृषि विज्ञान) |

# पर्यावरण

## 'ब्रीदेबल आर्ट'

- पर्यावरण शिक्षा, जागरूकता, अनुसंधान एवं कौशल विकास (ईईएआरएसडी) योजना के तहत **नई दिल्ली** में विकसित।
- "Breath of Change – स्वच्छ वायु, नीला आकाश" अभियान का एक हिस्सा है।
- वायु-शुद्धिकरण करने वाले पौधों और टिकाऊ सामग्रियों से निर्मित जीवंत संरचना।

## ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP)

- वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) में GRAP के चरण-I & II को लागू किया है।
- NCR में GRAP चरण-II (बहुत-खराब स्थिति) के अनुरूप 12-सूत्रीय कार्ययोजना लागू की
- **उद्देश्य :** वायु गुणवत्ता में और गिरावट रोकना तथा नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये त्वरित, समन्वित और सख्त उपाय लागू करना।

## कुरिंजी पुष्प का पुनरुत्थान

- तमिलनाडु के गुडालुर (नीलगिरी जिले) में **आठ वर्षों** बाद **स्टोबिलैंथेस सेसिलिस (कुरिंजी)** के बैंगनी पुष्प फिर खिले हैं।
- यह प्रजाति 8 वर्ष में एक बार खिलती है, जबकि Strobilanthes kunthiana **(नीलकुरिंजी) 12 वर्ष** में एक बार खिलती।
- दोनों प्रजातियाँ पश्चिमी घाट के घास के मैदानों में पाई जाती हैं
  - **नीलकुरिंजी:** 1300 मीटर से अधिक ऊँचाई पर।
  - **सेसिलिस:** अपेक्षाकृत कम ऊँचाई वाले क्षेत्रों में।

## लोकटक झील (मणिपुर)

- नागालैंड विश्वविद्यालय अध्ययन रिपोर्ट - भूमि उपयोग में परिवर्तन झील को पानी देने वाली नदियों के जल की गुणवत्ता को खराब कर रहे हैं, जिससे इसकी जैव विविध ता और स्थानीय समुदायों की आजीविका को खतरा है।

# पोर्टल/एप

## जनसमर्थ (JanSamarth) पोर्टल

- प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना ऋण देने की पूरी प्रक्रिया जनसमर्थ पोर्टल के जरिए सम्पन्न होती है।
- जनसमर्थ पोर्टल राष्ट्रीय पोर्टल (pmsuryaghar-gov-in) से जुड़ा हुआ है।

## कोयला शक्ति एवं CLAMP पोर्टल

- कोयला मंत्रालय वाणिज्यिक कोयला खदान नीलामी के 14वें दौर में शुरूआत।
- **कोयला भूमि अधिग्रहण, प्रबंधन और भुगतान (CLAMP) पोर्टल :** एक एकीकृत डिजिटल मंच है, जिसे कोयला क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, पुनर्वास और पुनर्स्थापन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित व पारदर्शी बनाने के लिए विकसित किया गया है।
- **कोयला शक्ति डैशबोर्ड :** कोयला क्षेत्र में संपूर्ण मूल्य श्रृंखला का एकीकरण करना व डेटा-संचालित शासन को बढ़ावा देना।

## ई-नाम प्लेटफॉर्म

- कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने 9 अतिरिक्त वस्तुओं को शामिल कर ई-नाम के दायरे का विस्तार किया।
- वर्तमान में ई-नाम पर व्यापार योग्य वस्तुओं की कुल संख्या 247 हो गई।
- **विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय** को ई-नाम पर व्यापार होने वाली वस्तुओं के लिए व्यापार योग्य मापदण्ड तैयार करने का दायित्व।

## "DRAVYA" Portal

- Digitised Retrieval Application for Versatile Yardstick of Ayush (DRAVYA) / आयुष पदार्थों के बहुमुखी मानदंड के लिए डिजिटाइज्ड पुनर्प्राप्ति अनुप्रयोग (द्रव्य)
- केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (CCRAS) की पहल ।
- **उद्देश्य (पहला चरण):** 100 प्रमुख औषधीय पदार्थों की जानकारी सूचीबद्ध करना ।

- **लॉन्च:** आयुष मंत्रालय द्वारा 23 सितंबर को, गोवा में आयोजित 10वें आयुर्वेद दिवस समारोह के दौरान।

# विविध

## ईएफएससी कोड पंजीकरण हेतु प्रणाली सिस्टम-आधारित स्वचालित अनुमोदन

- केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (CBIC) द्वारा शुरूआत।
- **उद्देश्य:** सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और व्यापार सुविधा (Ease of Doing Business) बढ़ाना।

## नामचिक-नामफुक कोयला ब्लॉक

- केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी.कृष्ण रेड्डी ने उद्घाटन किया।
- **अरुणाचल प्रदेश** के चांगलांग जिले में स्थित राज्य की पहली वाणिज्यिक कोयला खदान ।
- कोयले का भंडार = लगभग 1.5 करोड़ टन

## सहकारी मल्टी-फीड कंप्रेस्ड बायोगैस (CBG) प्लांट

- **महर्षि शंकरराव कोल्हे सहकारी साखर कारखाना** कोपरगांव, अहिल्यानगर जिले, **महाराष्ट्र** में शुरुआत।
- देश का **पहला कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट** और पोटाश ग्रैन्यूल निर्माण इकाई ।
- भारत का पहला गन्ना-आधारित इथेनॉल संयंत्र भी यहीं स्थापित किया गया था।

## डायथिलीन ग्लाइकॉल (DEG) प्रकरण

- हाल ही में डायथिलीन ग्लाइकॉल (DEG) और एथिलीन ग्लाइकॉल (EG) युक्त दूषित कफ सिरप के सेवन से 22 बच्चों की मौत हुई।
- श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स (तमिलनाडु) द्वारा निर्मित सिरप कोल्ड्रिफ में 48.6% विषैले संदूषक डाइएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया, जबकि अधिकतम स्वीकार्य सीमा 0.1% है।

## भारत की कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता

- 30 सितंबर 2025 तक, कुल स्थापित ऊर्जा क्षमता 500 GW को पार कर 500.89 GW हो गई है।
- **ऊर्जा क्षमता का विवरण**

| स्त्रोत | स्थापित ऊर्जा क्षमता |
|---|---|
| गैर-जीवाश्म ईंधन (नवीकरणीय ऊर्जा, जलविद्युत और परमाणु ऊर्जा) | 256.09 Gw (कुल ऊर्जा का 51% से अधिक) |
| जीवाश्म ईंधन | 244.80 Gw (कुल का लगभग 49%) |
| **नोट :** नवीकरणीय ऊर्जा में : सौर ऊर्जा – 127.33 गीगावाट पवन ऊर्जा – 53.12 Gw | |

## जनजातीय ग्राम दृष्टिकोण 2030

- 2 अक्टूबर 2025 को आदिवासी गांवों द्वारा विशेष ग्राम सभाओं के दौरान औपचारिक रूप से जारी ।
- **मुख्य विशेषताएं :** समुदाय-नेतृत्व विकास, ग्राम-स्तरीय प्राथमिकताओं का निर्धारण, सरकारी योजनाओं के साथ एकीकरण, आदि सेवा केंद्र स्थापना, प्रौद्योगिकी-सक्षम शासन(एआई -संचालित आदि वाणी ऐप)।

- **आदि सेवा केंद्र** – प्रत्येक गांव में एकल खिड़की नागरिक सेवा केंद्र के रूप में स्थापित। जिसमें ग्रामीण प्रति सप्ताह 1 घंटे स्वैच्छिक सेवा (आदि सेवा समय) का योगदान देंगे ।

## मखाना महोत्सव 2025

- **आयोजन – पटना, बिहार**
- मखाना संस्कृति से समृद्धि रिपोर्ट का विमोचन
- **मखाना बोर्ड :** केंद्र सरकार द्वारा बजट 2025-26 में घोषणा ।

## दूसरा विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR)

- **शुरूआत :** भारत निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा।
- **उद्देश्य :** मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण करना।
- **अवधि :** नवंबर 2025 से 7 फरवरी, 2026 के बीच होगा
- 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में लगभग 51 करोड़ मतदाताओं को कवर करेगा ।
  - राज्य: छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, **राजस्थान,** तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल।

- केंद्र शासित प्रदेश: अंडमान निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, पुडुचेरी

- पहला चरण बिहार में आयोजित किया गया।

> - *भारत के संविधान के अनुच्छेद 324, खंड 21 के तहत अपनी संवैधानिक शक्तियों*
> - *जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत SIR का आदेश जारी किया*

## भुगतान विनियामक बोर्ड (PRB)

- **गठन :** भुगतान और निपटान प्रणाली (PSS) अधिनियम, 2007 की धारा 3(2) के अंतर्गत।
- पूर्ववर्ती भुगतान और निपटान प्रणाली विनियमन और पर्यवेक्षण बोर्ड ( BPSS) को प्रतिस्थापित किया ।
- यह भारत में भुगतान और निपटान प्रणाली के विनियमन, पर्यवेक्षण एवं विकास के लिए उत्तरदायी निकाय है।
- **संरचना:** 6 सदस्यीय बोर्ड में अध्यक्ष, RBI के दो अतिरिक्त प्रतिनिधि , केंद्र सरकार द्वारा नामित तीन सदस्य शामिल हैं ।
  - **अध्यक्ष**–RBI गवर्नर
  - **RBI के दो प्रतिनिधि** – डिप्टी गवर्नर और भुगतान एवं निपटान प्रणालियों के प्रभारी कार्यकारी निदेशक।
  - **सरकार द्वारा नामित सदस्य** – वित्तीय सेवा विभाग के सचिव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव और पूर्व दूरसंचार **सचिव अरुणा सुंदरराजन।**

## मौद्रिक नीति रिपोर्ट

- भारतीय रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की 57वीं बैठक में जारी ।
- RBI ने तटस्थ रुख के साथ रेपो दर को 5.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा।
- RBI द्वारा वित्त वर्ष 2025-26 के लिए किये गये परिवर्तन
  - भारत के सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5% से बढ़ाकर 6.8%।
  - सीपीआई मुद्रास्फीति पूर्वानुमान को 3.1% से घटाकर 2.6%।

## ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए एक विशेष समिति

- सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की अध्यक्षता वाली दो-न्यायाधीशों की पीठ ने समान अवसर नीति (Equal Opportunity Policy) तैयार करने के लिए गठन किया है
- **समिति अध्यक्ष** - आशा मेनन (दिल्ली हाईकोर्ट की पूर्व न्यायाधीश)
- **सदस्य**– संजय शर्मा, अकाई पद्मशाली, ग्रेस बानू, वैजयंती वसंत मोगली, गौरव मंडल ,नित्या राजशेखर

## NH-715 (पुराना NH-37)

- आर्थिक कार्य की मंत्रिमण्डल समिति ने इसके कालीबोर नुमालीगढ़ सेक्शन के विस्तृतीकरण व एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण की मंजूरी दी।
- काजीरंगा नेशनल पार्क से गुजरता है।
- NH-127 और NH-129 को जोड़ता।

## सीमा सड़क संगठन की अवसंरचना परियोजना

| | प्रोजेक्ट स्वास्तिक | प्रोजेक्ट अरुणांक |
|---|---|---|
| राज्य | सिक्किम | अरुणाचल प्रदेश |
| चर्चा | 1 अक्टूबर को **65वां स्थापना दिवस** मनाया। | 24 अक्टूबर, 2025 को नहरलागुन में 18वां स्थापना दिवस मनाया। |
| शुरूआत | वर्ष 1961 में | वर्ष 2008 में। |
| उद्देश्य | राज्यों के सुदूर घाटियों और अग्रिम क्षेत्रों तक वर्ष भर सम्पर्क सुनिश्चित करना तथा सशस्त्र बलों की परिचालन आवश्यकताओं को पूर्ण करना। | |

## नीति आयोग द्वारा जारी कार्यपत्र व रिपोर्ट

- **"Towards India Transformation : Decriminalization and Trust&Based Governance" :** कर नीति कार्य पत्र श्रृंखला का **दूसरा** दस्तावेज।
  - **प्रथम :** "भारत में विदेशी निवेशकों के लिए स्थायी प्रतिष्ठान और लाभ आवंटन में सुनिश्चितता, पारदर्शिता और एकरूपता को बढ़ाना".
- 'रोडमैप फॉर जॉब क्रिएशन इन एआई इकॉनमी'

- **"इंडिया ब्लू इकोनॉमी :** स्ट्रेटेजी फॉर हार्नेसिंग डीप सी एंड ऑफशोर फिशरीज" रिपोर्ट
- **'भारत का सेवा क्षेत्र:** जीवीए रुझानों और राज्य-स्तरीय गतिशीलता से अंतर्दृष्टि'
- **'भारत का सेवा क्षेत्र:** रोजगार रुझानों और राज्य-स्तरीय गतिशीलता से अंतर्दृष्टि'
- **'विनिर्माण की पुनर्कल्पना:** उन्नत विनिर्माण में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारत का रोडमैप' (फ्रंटियर टेक हब द्वारा )

## नक्सलवाद (वामपंथी उग्रवाद)

- सबसे अधिक प्रभावित जिले **6 से घटकर 3** [बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर (छत्तीसगढ़)] रह गये।
- प्रभावित जिलों की संख्या भी 18 से घटाकर मात्र 11 रह गई।
- सरकार का लक्ष्य **31 मार्च, 2026** तक नक्सलवाद का पूर्ण उन्मूलन करना है।

## 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (IREE)-2025

- केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में उद्घाटन किया।
- **थीम:** 'भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार रेलवे'
- एशिया की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी रेलवे प्रदर्शनी।

## राज्य खनन तत्परता सूचकांक (SMRI)

- **उद्देश्य :** खनन क्षेत्र में राज्यों के सुधारों को प्रोत्साहित करने हेतु **खान मंत्रालय** द्वारा SMRI व राज्य रैंकिंग जारी।
- केंद्रीय बजट 2025-26 की घोषणा के अनुरूप।
- **मुख्य संकेतक :** नीलामी प्रदर्शन, शीघ्र खदान परिचालन, अन्वेषण पर जोर, गैर-कोयला खनिजों में सतत खनन।
- **शीर्ष राज्य** (खनिज भंडार के आधार पर वर्गीकरण)

| श्रेणी | राज्य (टॉप-3) |
|---|---|
| श्रेणी A | मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात |
| श्रेणी B | गोवा, उत्तर प्रदेश, असम |
| श्रेणी C | पंजाब, उत्तराखंड, त्रिपुरा |

## NMDC स्टील लिमिटेड (NSL) और IS 18384: 2023 प्रमाणन

- NMDC स्टील लिमिटेड (NSL) भारत की पहली कंपनी है जिसे "पाइपलाइन परिवहन प्रणालियों के लिए वेल्डेड स्टील पाइप हेतु हॉट रोल्ड स्टील स्ट्रिप, शीट और प्लेट्स - सामान्य अपेक्षाएँ (IS 18384:2023)" के लिए भारतीय मानक (IS) लाइसेंस प्राप्त हुआ।
- यह प्रमाणन भारतीय मानक ब्यूरो (BIS), रायपुर द्वारा वर्ल्ड स्टैंडर्ड्स डे 2025 समारोह में प्रदान किया गया
- **मानक का दायरा:** IS 18384:2023 का उपयोग पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस उद्योग में पाइपलाइन परिवहन प्रणालियों हेतु डिजाइन किए गए इस्पात उत्पादों के लिए गुणवत्ता और अपेक्षाओं को परिभाषित करने हेतु होता है।

## जम्मू-कश्मीर में राज्यसभा चुनाव :

- सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस (NC) ने तीन सीटें और भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने एक सीट जीती।
- **निर्वाचित सांसद:** NC के. चौधरी मोहम्मद रमजान और सज्जाद अहमद किचलू, और गुरविंदर सिंह ओबेरॉय।
- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सत शर्मा ने एनसी उम्मीदवार इमरान नबी डार को हराकर चौथी सीट जीती।

## चक्रवाती तूफान मोन्था

- **उत्पत्ति :** बंगाल की खाड़ी से (उष्ण कटिबंधीय चक्रवात)
- **नाम** - थाईलैंड द्वारा (अर्थ : सुगंधित फूल)
- **लैंडफॉल** : आन्ध्र प्रदेश में

## मिग ला दर्रे

- सीमा सड़क संगठन (BRO) द्वारा ने लद्दाख में समुद्र तल से 19,400 फीट ऊपर मिग ला दर्रे पर दुनिया की सबसे ऊँची मोटर योग्य सड़क का निर्माण **प्रोजेक्ट हिमांक** के तहत् किया।
- इसने 2021 में उमलिंग ला (19,024 फीट) में बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा।

## 8वाँ केन्द्रीय वेतन आयोग

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के विचारार्थ विषयों को स्वीकृति दी है।

- **उद्देश्य :** आयोग केंद्र सरकार के कर्मचारियों के वेतन, सेवा शर्तों और सेवानिवृत्ति लाभों में बदलाव की सिफारिश करेगा।
- वेतन आयोग का गठन हर 10 वर्ष में किया जाता है।
- **सिफारिशें लागू** : 1 जनवरी 2026 से ।
- आयोग में अध्यक्ष के अलावा एक सदस्य (अंशकालिक) और एक सदस्य-सचिव होंगे।
    - **अध्यक्ष :** न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई
    - **सदस्य (अंशकालिक) :** प्रोफेसर पुलक घोष
    - **सदस्य-सचिव :** पंकज जैन

## बालोद, छतीसगढ़

- बालोद जिला भारत का **पहला आधिकारिक रूप से बाल विवाह मुक्त जिला** बन गया है।
- यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 27 अगस्त, 2024 को आरंभ किए गए 'बाल विवाह-मुक्त भारत अभियान' के तहत् हासिल की है।

## सबरीमाला मंदिर

- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 22 अक्टूबर, 2025 को केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला स्थित भगवान अयप्पा मंदिर में पूजा-अर्चना की ।
- सबरीमाला मंदिर में पूजा-अर्चना करने वाली पहली महिला राष्ट्रपति बनीं।
- मंदिर के दर्शन करने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्रपति हैं। (प्रथम - राष्ट्रपति वी.वी. गिरि)

## राष्ट्रपति की राफेल विमान में उड़ान

- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 29 अक्टूबर, 2025 हरियाणा में अंबाला वायु सेना स्टेशन से राफेल विमान में उड़ान भरी।
- राष्ट्रपति मुर्मू, राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरने वाली भारत की पहली राष्ट्रपति बन गई हैं।
- श्रीमती मुर्मू भारतीय वायु सेना के दो लड़ाकू विमानों में उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति हैं।
- इससे पहले, उन्होंने 2023 में सुखोई 30 MKI में उड़ान भरी थी।

## रासायनिक आपात स्थितियाँ: जन स्वास्थ्य प्रबंधन मॉड्यूल

- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत् राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (NCDC) द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA)और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO India) के तकनीकी सहयोग से विकसित।
- **मॉड्यूल की संरचना**
    - **मॉड्यूल 1:** जन स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए तैयारी, निगरानी और रिस्पॉन्स।
    - **मॉड्यूल 2:** अस्पताल-पूर्व प्रबंधन।
    - **मॉड्यूल 3:** चिकित्सा प्रबंधन।

## संघ लोक सेवा आयोग (UPSC)

- UPSC ने 1 अक्टूबर, 2025 को अपना 99 वां स्थापना दिवस मनाया तथा शताब्दी वर्ष में प्रवेश किया।
- "माई यूपीएससी इंटरव्यू" पोर्टल व UPSC तथा शताब्दी प्रतीक चिह्न का अनावरण।
- **माई यूपीएससी इंटरव्यू पोर्टल**
    - **शीर्षक** - माई यूपीएससी इंटरव्यू : स्वप्न से वास्तविकता तक।
    - सेवानिवृत और सेवारत सिविल सेवक अपने UPSC साक्षात्कार का अनुभव साझा कर सकेंगे।

## भारत की पहली DNA आधारित हाथी गणना

- **रिपोर्ट का शीर्षक :** Status of Elephants in India : DNA - based Synchronous All-India Population Estimation of Elephants (SAIEE 2021-25)
- **अनुमानित संख्या :** 22,446 हाथी
- वर्ष 2017 में देश में हाथियों की संख्या 29,964 थी
- **सर्वाधिक हाथी आबादी वाले राज्य (शीर्ष 3)**
    - कर्नाटक: 6,013 हाथी (देश में सबसे अधिक)
    - असम: 4,159 हाथी
    - तमिलनाडु: 3,136 हाथी
- नई गणना के अनुसार विगत 8 वर्ष (2017-2025) में हाथियों की संख्या लगभग 25% तक घट गई है।
- मध्य भारत और पूर्वी घाट में हाथियों की संख्या में सबसे तेज गिरावट देखी गई।
- झारखण्ड में 2017 के अनुमान की तुलना में लगभग 68% की गिरावट दर्ज की गई है।

# महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- 56वाँ भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) 20-28 नवंबर, 2025 तक गोवा के पणजी में आयोजित किया जाएगा।
- **सोनिक एकीकृत लॉजिस्टिक्स हब के रूप में रेलवे गुड्स शेड (सोनिक, लखनऊ मंडल) :** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने 14 अक्टूबर 2025 वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया ।
- केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मझगांव डॉक, मुंबई में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत **'गहन सागरीय मत्स्य नौकाओं'** का लोकार्पण किया
- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूसा परिसर, नई दिल्ली में राष्ट्रीय बीज निगम (NSC) के नव-स्थापित अत्याधुनिक सब्जी एवं पुष्प बीज प्रसंस्करण संयंत्र और पैकिंग इकाई का उद्घाटन किया।
- संयुक्त राष्ट्र सैनिक योगदानकर्ता देशों के प्रमुखों का सम्मेलन 2025 नई दिल्ली में आयोजित हुआ।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 अक्टूबर, 2025 को नवी मुंबई अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (NMIA) उल्वे, नवी मुंबई, महाराष्ट्र के पहले चरण का उद्घाटन किया।
- मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ ने 1 अक्टूबर, 2025 को 25 वाँ स्थापना दिवस मनाया। (स्थापना-2001)

❒❒❒

# 03 अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

## मंगोलिया राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा

- **कब :** 13-16 अक्टूबर, 2025 तक राष्ट्रपति खुरेलसुख उखना भारत की राजकीय यात्रा पर रहे।
- **उपलक्ष्य :** राजनीतिक संबंधों की 70 वीं वर्षगाँठ (भारत द्वारा डाक टिकट जारी) और रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर।
- **समझौता** – 10 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर (खनिज संसाधनों, विरासत संरक्षण, डिजीटल समाधान, मानवीय सहयोग)
- **रक्षा समझौता** – भारत-मंगोलिया सीमा सुरक्षा बल हेतु क्षमता निर्माण कार्यक्रम शुरू करेगा।
- **सांस्कृतिक** – प्रधानमंत्री मोदी ने मंगोलियाई नागरिकों के लिए मुक्त ई-वीजा देने की घोषणा।
- आगामी वर्षों में भगवान बुद्ध के शिष्यों, सारिपुत्र और मौद्गल्यायन के पवित्र अवशेष मंगोलिया भेजेंगे।
- **भारत मंगोलिया संबंधों को संज्ञा** – रणनीतिक भागीदार, तीसरे पड़ौसी, आध्यात्मिक पड़ोसी

## श्रीलंकाई प्रधानमंत्री की भारत यात्रा –

- **कब** – 16-18 अक्टूबर, 2025 तक प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमर सूर्या भारत की राजकीय यात्रा पर रही।
- प्रधानमंत्री का पदभार सँभालने के पश्चात प्रथम बार भारत आगमन तथा दिल्ली विश्व विद्यालय के हिंदू कॉलेज की पूर्व छात्रा भी रही है।
- **प्रमुख घटनाक्रम** –
  - **मछुआरों के मुद्दों पर चर्चा** – कच्चातिवु द्वीप की पुन:प्राप्ति, गिरफ्तार किए गए मछुआरों और नौकाओं को रिहा किया जाए।
  - **शैक्षणिक सहयोग** – शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार हेतु IIT दिल्ली एवं नीति आयोग का दौरा।

## ब्रिटेन प्रधानमंत्री की भारत यात्रा

- **कब :** 8-9 अक्टूबर, 2025 तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर भारत की राजकीय यात्रा पर रहे।
- प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर की भारत की प्रथम अधिकारिक यात्रा थी।
- भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (CETA) को लागू करना और विजन-2035 के अनुरूप कार्य करना।
- **प्रमुख समझौते एवं साझेदारी**

| | |
|---|---|
| शिक्षा | • ब्रिटेन के 9 विश्वविद्यालय के कैम्पस खोलेंगे।<br>▪ क्वीन्स, कोवेंट्री, ब्रिस्टल, सरे वि.वि.–गिफ्ट सिटी, गाँधीनगर गुजरात<br>▪ यॉर्क और एवरडीन वि.वि.–मुम्बई<br>▪ लिवरपुल और लैंकेस्टर वि.वि.–बैंगलुरू<br>▪ साउथेम्प्टन वि.वि. – दिल्ली, गुरूग्राम<br>• बैंगलुरू–लैंकेस्टर विश्वविद्यालय } सैद्धांतिक मंजूरी<br>• गिफ्टसिटी–सरे विश्वविद्यालय } सैद्धांतिक मंजूरी |
| सुरक्षा | • मिसाइल आपूर्ति समझौता – दोनो देशों के मध्य 350 मिलियन पाउंड का इसके तहत इंग्लैण्ड में निर्मित लाइटवेट मल्टीरोल मिसाइल (LMM) भारतीय सेना को मिलेगी |
| जलवायु स्वास्थ्य अनुसंधान | • जैव चिकित्सा अनुसंधान कैरियर प्रोग्राम के तसरे चरण का शुभारंभ<br>• स्वास्थ्य अनुसंधान पर आईसीएमआर और एनआईएचआर, यूके के मध्य आशय पत्र<br>• अपतटीय पवन कार्यबल की स्थापना |
| व्यापार एवं निवेश | • भारत–यू.के. संयुक्त आर्थिक व्यापार समिति (JETCO) का पुनर्गठन<br>• जलवायु प्रौद्योगिकी स्टार्टअप फंड में एक नया निवेश (यूके–भारतीय स्टेट बैंक को मध्य समझौता) |

## हितेश कुमार एस. मकवाना

- भारत को एशिया और प्रशांत क्षेत्र संयुक्त राष्ट्र वैश्विक भू-स्थानिक सूचना प्रबंधन (UN-GGIM-A) की क्षेत्रीय समिति का सह-अध्यक्ष चुना गया।
- **निर्वाचित व्यक्ति** - महासर्वेक्षक हितेश कुमार एस. मकवाना
- **कार्यकाल** - तीन वर्ष (2025-2028)
- **निर्वाचन** - कोरिया के गोयांग सी में 24-26 सितम्बर 2025 को आयोजित UN-GGIM-AP की 14 वीं बैठक के दौरान

## नोबेल पुरस्कार विजेता- 2025

| श्रेणी | विजेता | योगदान |
|---|---|---|
| भौतिकी | 1. जॉन क्लार्क (UK)<br>2. मिशेल एच. डेवोरेट (फ्रांस)<br>3. जॉन एम. मार्टिनिस (USA)<br>इनाम का हिस्सा = 1/3 प्रत्येक | एक इलेक्ट्रिक सर्किट में मैक्रोस्कोपिक क्वांटम मैकेनिकल टनलिंग और एनर्जी क्वांटाइजेशन की खोज। |
| रसायन विज्ञान | 1. सुसुमु कितागावा (जापान)<br>2. रिचर्ड रॉबसन (UK)<br>3. उमर एम. याघी (जॉर्डन)<br>इनाम का हिस्सा = 1/3 प्रत्येक | मेटल–ऑर्गेनिक फ्रेमवर्क का विकास जो गैस भंडारण और सतत् विकास में उपयोगी। |
| शरीर विज्ञान या चिकित्सा | 1. मैरी ई. ब्रून्को (USA)<br>2. फ्रेड रैम्सडेल (USA)<br>3. शिमोन साकागुची (जापान)<br>इनाम का हिस्सा = 1/3 प्रत्येक | परिधीय प्रतिरक्षा सहिष्णुता से संबंधित उनकी खोजों के लिए। |
| साहित्य | 1. लास्ज़्लो क्रास्जनाहोरकाई (हंगरी) | उनके दूरदर्शी साहित्यिक काम के लिए, जो भयानक आतंक के बीच कला की ताकत को फिर से साबित करता है। |
| शांति | 1. मारिया कोरिना मचाडो (वेनेजुएला) | वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए उनके अथक काम और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर एक शांतिपूर्ण बदलाव लाने के लिए उनके संघर्ष के लिए। |
| अर्थशास्त्र | 1. जोएल मोकिर (नीदरलैंड्स)<br>2. फिलिप एगियन (फ्रांस)<br>3. पीटर हॉविट (USA) | रचनात्मक विनाश के माध्यम से निरंतर विकास के सिद्धांत के लिए |

## गाजा में युद्ध विराम लागू

- इजराइल एण्ड हमास के मध्य पिछले दो वर्षों से चल रहे हिसंक संघर्ष की समाप्ति हेतु 10 अक्टूबर, 2025 को युद्धविराम समझौता लागू हुआ।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 20 सूत्रीय शांति योजना का प्रथम चरण है।
- **प्रथम चरण** - ट्रंप की 20 सूत्रीय शांति योजना
  - तत्काल युद्ध विराम लागू
  - कैदियों की अदला-बदली हमास ने बंधक इजराइली लोगों को रिहा किया तथा इजराइल ने लगभग 1900 फिलिस्तानी लोगों को रिहा किया।
  - **मानवीय सहायता**- सेना की वापसी - इजराइली सेना गाजा के शहरी क्षेत्रों से पुनः येलो लाइन तक लौटी।

### शर्म अल-शेख शिखर सम्मेलन

- **कब :** 13 अक्टूबर, 2025 को मिस्त्र में
- **भाग :** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सहित कई नेताओं ने 'ट्रंप डिक्लेरेशन फॉर एड्योरिंग पीस एंड प्रॉस्पेरिटी' पर हस्ताक्षर किए।

## पलाऊ द्वीपीय देश

- प्रशांत महासागर के द्वीपीय देश पलाऊ ने अक्टूबर, 2025 में दुनिया का प्रथम लाइव अंडरवाटर इंटरव्यू आयोजित किया।

- **पलाऊ के राष्ट्रपति :** सुरैंगल व्हिप्स जूनियर का इंटरव्यू एस्टोनियाई ओलम्पिक तैराक व महासागर कार्यकर्त्ता मेले लीवैंड के साथ पानी के नीचे लिया गया।
- **प्रयुक्त तकनीकी**– LiFi (लाईफाई टॉकिग मास्क): यह तकनीक पानी के भीतर ध्वनि संचालित हेतु प्रकाश का उपयोग करती है।

## संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद् और भारत

- **निर्विरोध सदस्य** – भारत को वर्ष 2026-2028 तक तीन वर्षों के कार्यकाल हेतु UNHRC (संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद्) का निर्विरोध सदस्य चुना गया।
- **चयन**– संयुक्त राष्ट्र महासभा (UN General Assembly) में 14 अक्टूबर 2025 को सम्पन्न चुनाव में भारत ने एशिया प्रशांत समूह के तहत सीट सुरक्षित की।

| | |
|---|---|
| एशिया–प्रशांत समूह से अन्य निर्वाचित सदस्य | • पाकिस्तान, वियतनाम, इराक |
| सेवानिवृत देश (31 दिसम्बर, 2025 को) | • किर्गिस्तान, बांग्लादेश, मालदीव, वियतनाम |
| भारत तीन वर्ष 2026–2028 कार्यकाल | • 1 जनवरी, 2026 से शुरू होगा<br>• इस बार भारत का सातवाँ कार्यकाल होगा<br>• पूर्व में 2006–2007, 2008–2010<br>• 2012–2014, 2015–17, 2019–21, 2022–2024 में भी सदस्य रह चुका |
| संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि | • पी. हरिश |

## हेनले पासपोर्ट इंडेक्स-2025

- **जारी** – हेनले एंड पार्टनर्स संस्था अक्टूबर, 2025 में
- **आधार** – इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (IATA) के डेटा का उपयोग करके जारी होता है कि कोई पासपोर्ट धारक बिना पूर्व बीजा के कितने गंतव्यों की यात्रा कर सकता है।
- **सूचकांक में शीर्ष स्थान वाले**–

| रैंक | पासपोर्ट देश | वीजा फ्री स्कोर |
|---|---|---|
| 1st | सिंगापुर | 193 |
| 2nd | दक्षिण कोरिया | 190 |
| 3rd | जापान | 189 |
| 4th | जर्मनी, इटली, लक्जमबर्ग, स्पेन | 188 |
| 5th | बेल्जियम, ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, फिनलैण्ड, फ्रांस, आयरलैण्ड, नीदरलैण्ड | 187 |

- **भारत की स्थिति (अक्टूबर, 2025 तक)**

| रैंकिंग | वीजा फ्री पहुँच |
|---|---|
| • भारत का स्थान 85वाँ रहा<br>• जनवरी 2024 में 80वें स्थान से 5 पायदान नीचे | • भारतीय पासपोर्ट धारक अब 57 देशो में वीजा मुक्त यात्रा कर सकते है। |

## IUCN विश्व संरक्षण कांग्रेस : 2025

- **आयोजन** – 9-15 अक्टूबर, 2025 तक
- **स्थल** – आबूधाबी राष्ट्रीय प्रदर्शनी केन्द्र
- **मेजबान देश** – संयुक्त अरब अमीरात (UAE)
- **थीम** – परिवर्तनकारी संरक्षण को शक्ति प्रदान करना
- **उद्देश्य** – प्रकृति संरक्षण एवं सतत् जलवायु परिवर्तन हेतु आगामी वैश्विक प्राथमिकताओं का निर्धारण
- **छह नए सदस्य देश शामिल :** आर्मेनिया, ताजिकिस्तान, मार्शल द्वीप समूह, गैवॉन, तुवालु, जिम्बावबे।
- **भारत का प्रतिनिधित्व** –
  1. केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह द्वारा
  2. भारत ने **'नेशनल रेड लिस्ट रोडमेप और विजन 2025-2030'** लॉन्च किया।
     - **संस्थाएँ:** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (ZSI), भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण (BSI),
     - **सहयोग:** IUCN-India एवं Centre for Species Survival, India।
  3. **लक्ष्य** – IUCN के वैश्विक मानकों के अनुरूप भारत की लगभग 11,000 प्रजातियों के नियुक्ति के जोखिम का आंकलन करना।
  4. **पाल्क खाड़ी तमिलनाडु** – भारत के प्रथम डूगोंग संरक्षण रिजर्व को वैश्विक मॉडल की मान्यता।
  5. **तनुज समद्धार** – कामरूप,असम के युवा पर्यावरणविद् IUCN विश्व संरक्षण कांग्रेस 2025 में भारत का प्रतिनिधितव हेतु चुने गए।
  6. **सोनाली घोष** – काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और टाइगर रिजर्व की निदेशक को राष्ट्रीय उद्यानों में नवाचारों हेतु 10 अक्टूबर, 2025 को प्रतिष्ठित WCPA कैंटन मिलर पुरस्कार दिया गया।

| | |
|---|---|
| अबूधाबी कॉल टू एक्शन | प्रकृति संरक्षण हेतु 20 वर्षीय विजन। |
| मोशन 42 | जीवाश्म ईंधन उत्पादन को प्रथम बार प्रकृति हेतु स्पष्ट खतरा बताया। |
| मोशन 108 | पालतू व्यापार पर विनियमन। |
| IUCN विश्व विरासत आउलुक : 2025 ↓ | विश्व के लगभग 43% प्राकृतिक स्थल जलवायु परिवर्तन से गंभीर प्रभावित है। |
| 1. चिंताग्रस्त श्रेणी → | मानस राष्ट्रीय उद्यान, सुंदरवन, पश्चिमीघाट |
| 2. अल्परूप चिंताग्रस्त + संतोषजनक → | ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क, काजीरंगा, नंदादेवी, केवलादेव, फूलों की घाटी |
| 3. संतोष जनक → | केवल कंचनजंघा राष्ट्रीय उद्यान (सकारात्मक रेटिंग) |

### वैश्विक वन संसाधन आंकलन (GFRA) रिपोर्ट

- **जारीकर्त्ता** - खाद्य और कृषि संगठन (FAO)
- **दिनांक** - 22 अक्टूबर, 2025
- **प्रथम स्थान** - रूस
- भारत ने कुल वन क्षेत्र मामले में वैश्विक स्तर पर 10वें से 9वें स्थान पर कदम रखा।
- भारत ने शुद्ध वार्षिक वन क्षेत्र वृद्धि के मामले में विश्वभर में तीसरा स्थान बनाए रखा।

### M3M हुरून इंडिया रिच लिस्ट : 2025

- **संस्करण** - 14 वाँ
- **जारी** - 1 अक्टूबर, 2025 को
- **उद्देश्य** – देश की बढ़ती संपत्ति एवं उद्यमशीलता के सफल मानक को दर्शाना, जिसमें रु. 1,000 करोड़ या उससे अधिक संपत्ति वाले लोगों को शामिल किया गया।

| | |
|---|---|
| शीर्ष स्थान | मुकेश अंबानी परिवार (रु. 9,55,410 करोड़ संपत्ति) |
| द्वितीय स्थान | गौतम अडानी (रु. 8,14,720 करोड़ संपत्ति) |
| सबसे अमीर महिला | रोशनी नादर मल्होत्रा (HCL) |
| सबसे युवा अरबपति | अरविंद श्री निवास (Preplexity AI) |

### भारत EFTA व्यापार समझौता

- **लागू** - 01 अक्टूबर, 2025 से।
- समझौता चार विकसित यूरोपीय देशों- आइसलैण्ड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैण्ड के साथ भारत का पहला मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है।
- समझौते पर 10 मार्च, 2024 को नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए थे।
- **निवेश और रोजगार** – टीईपीए के अनुच्छेद 7.1 के अनुसार 15 वर्षों में भारत में +100 बिलियन का निवेश और 1 मिलियन प्रत्यक्ष रोजगारों के सृजन की प्रतिबद्धता शामिल है, जो कि एक बाध्यकारी संकल्प है।
- **बाजार तक पहुँच** – समझौता ईएफटीए की आधिकारिक सीमा शुल्क सूची की 92.2% उत्पाद प्रविष्टियों को कवर करता है, जो भारतीय निर्यात के 99% का प्रतिनिधित्व करता है।

### 48वाँ यूनिवर्स-2025 खिताब

- **आयोजन** – मनीला, फिलीपींस में, 1-9 अक्टूबर, 2025 तक
- **विजेता** – भारत की शेरी सिंह, नोएडा, उत्तरप्रदेश निवासी शेरी सिंह फैशन डिजायनिंग में मास्टर्स है।

### 47 वाँ आसियान शिखर सम्मेलन

- **आयोजन :** 26-28 अक्टूबर, 2025 तक कुआलालंपुर, मलेशिया में।
- **भारत का प्रतिनिधित्व** – विदेश मंत्री एस. जयशंकर
- **थीम : 'समावेशीयन और स्थिरता'**
- वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष घोषित किया।'
- तिमोर लेस्ते देश आसियान का 11वाँ सदस्य बना।

## युद्धाभ्यास/ऑपरेशन

### भारत-इंडोनोशिया

- 5वाँ समुद्री शक्ति नौसैनिक अभ्यास
- **अवधि** - 14-17 अक्टूबर, 2025

- **स्थान** - विशाखापत्तनम, आंध्रप्रदेश
- **भारतीय नौसेना** - पनडुब्बी रोधी युद्धक (ASW), INS कवरत्ती, एकीकृत हेलीकॉप्टर
- **इंडोनेशियाई नौसेना** - KRI जॉन लाई नामक कॉर्वेट जहाज।

### 4th ऑस्ट्रा-हिंद 2025

- **आयोजन** - 13-26 अक्टूबर, 2025
- **मेजबान देश** - पर्थ, ऑस्ट्रेलिया
- **भारत** - गोरखा राइफल्स ने नेतृत्व किया
- **उद्देश्य** - आतंकवाद रोधी अभियान

### JAIMEX-25

- अवधि - 16-18 अक्टूबर, 2025
- भारत-जापान समुद्री अभ्यास

### प्रथम IN-RoKN-2025

- भारत और दक्षिण कोरिया की नौसेनाओं के मध्य।
- **शुरूआत** - 13 अक्टूबर, 2025 को बुसान नौसेना बेस, दक्षिण कोरिया से।
- **उद्देश्य**- दोनों देशों के मध्य समुद्री सहयोग, अंतर-संचालनीयता बढ़ाना।

### कोंकण-2025

- भारत और ब्रिटेन की नौसेनाओं के मध्य भारत में।
- **अवधि** - 5-12 अक्टूबर, 2025
- **विशेष** - प्रथम बार भारत के स्वदेशी विमानवाहक पोत INS विक्रांत और ब्रिटेन के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप जिसका नेतृत्व नेतृत्व विमानवाहक पोत HMS प्रिंस ऑफ वेल्स ने किया, दोनों ने एक साथ भाग लिया।

### 10वाँ NATPOLREX अभ्यास

- भारतीय तटरक्षक बल (ICG) द्वारा चेन्नई में आयोजित।
- **अवधि** - 5-6 अक्टूबर, 2025 तक
- **शीर्षक** - राष्ट्रीय प्रदूषण प्रतिक्रिया अभ्यास (NATPOLREX-X)
- **उद्देश्य** - समुद्री तेल रिसाव को आपदा के समाधान हेतु भारतीय रक्षा एजेंसियों को त्वरित दक्षता, सुरक्षा हेतु तैयार करना।

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- **रूस देश को काल्मिक स्टेट यूनिवर्सिटी** ने दुनिया के सबसे प्राचीन शिक्षण केन्द्रों में से एक **नालंदा विश्वविद्यालय,** बिहार के साथ अक्टूबर-2025 में समझौता किया है।
- **ऊरूग्वे :** इच्छा मृत्यु को कानूनी मंजूरी - दक्षिण अमेरिकी देश ऊरूग्वे की सीनेट ने इच्छा मृत्यु को अपराधमुक्त करने वाला कानून पारित कर इच्छा मृत्यु को कानूनी तौर पर मान्यता दी।

❒❒❒

# 04 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

### ASW शैलो वॉटर क्राफ्ट 'माहे'

- आठ पनडुब्बी रोधी युद्ध शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW SWC) की श्रृंखला का 1st पोत।
- भारतीय नौसेना को 23 अक्टूबर, 2025 को सौंपा गया।
- **डिजाइन व निर्माण:** कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL)
- **नामकरण:** केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के बंदरगाह शहर 'माहे' के नाम पर।
- **हथियार व सेंसर :** उन्नत रडार व सोनार, टॉरपीडो/ASW रॉकेट से युक्त।
- यह डीजल इंजन-वॉटरजेट के संयोजन से संचालित सबसे बड़ा युद्धपोत है।
- पानी के भीतर क्षेत्रीय जागरूकता, पनडुब्बी-रोधी युद्धक क्षमता और बारूदी सुरंग बिछाने की दक्षता बढ़ाने में उपयोगी।

### BY 528 'मगदाला'

- आठ पनडुब्बी रोधी युद्ध शैलो वाटर क्राफ्ट (ASW SWC) की श्रृंखला का **6वाँ पोत।**
- 18 अक्टूबर, 2025 को कोच्चि में जलावतरण।
- **डिजाइन व निर्माण :** कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL) द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन व निर्मित।
- **प्रणोदन:** तीन डीजल इंजन संचालित जल-जेट प्रणालियाँ का उपयोग।
- **सेंसर एवं हथियार :** लो-फ्रीक्वेंसी वेरिएबल डेप्थ सोनार (LFVDS); टॉरपीडो, पनडुब्बी-रोधी रॉकेट; NSG-30 गन और 12.7 मिमी स्थिरी रिमोट-कंट्रोल गन (SRGC) से लैस।

### ICGS अजीत व अपराजित

- भारतीय तटरक्षक बल को दो तीव्र गति गश्ती नौकाएँ का जलावतरण 24 अक्टूबर, 2025 को गोवा में।
- **डिजाइन व निर्माण : गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL)** द्वारा पूर्णत: स्वदेशी तौर पर निर्मित।
- आठ गश्ती पोतों की श्रृंखला में **7वाँ और 8वाँ** पोत हैं।
- **लंबाई :** लगभग 52 मीटर।
- **प्रणोदन :** भारत में इसी श्रेणी की पहली नौकाएँ जिनमें **नियंत्रणीय पिच प्रोपेलर** (Controllable Pitch Propeller-CPP) लगे हैं ।
- **उपयोग :** नौका मछुआरों के संरक्षण, तटीय गश्त, तस्करी-रोधी, समुद्री डकैती-रोधी और खोज एवं बचाव अभियानों में।

### भारतीय तटरक्षक जहाज 'अक्षर'

- **कमीशनिंग :** 4 अक्टूबर 2025, कराईकल (पुदुचेरी) में।
- **नामार्थ:** 'अक्षर' = स्थायी
- **'अदम्य'** श्रेणी के तीव्र गश्ती पोत (FPV) श्रृंखला का **दूसरा जहाज ।**
- **निर्माता:** गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (GSL),
- **लंबाई :** 51 मीटर, गति : अधिकतम 27 नॉट्स
- **प्रणोदन:** दो 3,000 kW डीजल इंजन
- 30 मिमी CRN-91 तोप तथा दो 12.7 मिमी स्थिर रिमोट-नियंत्रित गन (SRCG) से लैस।
- पोत एकीकृत ब्रिज प्रणाली (IBS), स्वचालित विद्युत प्रबंधन प्रणाली (APMS), इन्टीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम (IPMS) जैसी आधुनिक प्रणालियों से युक्त।

### नमो सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला

- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्थापना की मंजूरी दी है।
- **आईआईटी भुवनेश्वर** में स्थापित कि जायेगी।
- **वित्तपोषण :** MP-LAD योजना के तहत।

### गूगल एआई हब

- **स्थापना :** विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)
- **निवेश :** पाँच वर्षों (2026-2030) में लगभग 15 बिलियन डॉलर का।

- भारत में गूगल का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है
- गीगावॉट-स्तरीय कंप्यूटिंग क्षमता वाला डेटा सेंटर परिसर होगा।

**चंद्रयान-2 (चंद्र बहिर्मंडल का प्रथम प्रत्यक्ष अवलोकन)**

- यह अवलोकन चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर में लगे CHACE-2 पेलोड (Chandra's Atmospheric Composition Explorer-2) ने किया
- यह चंद्र बहिर्मंडल पर सूर्य के कोरोनल मास इजेक्शन (CME) के प्रभावों का पहला प्रत्यक्ष अवलोकन था
- अवलोकन के अनुसार, जब सूर्य के कोरोनल मास इजेक्शन (CME) चंद्र सतह से टकराया, तो दिन के समय चंद्र बाह्यमंडल के कुल दाब (Pressure) में वृद्धि हुई।

**IRSA 1.0 (Indian Radio Software Architecture)**

- 7 अक्टूबर, को जारी।
- DRDO एकीकृत रक्षा स्टाफ (IDS) और तीनों सेनाओं के सहयोग
- **उद्देश्य:** सैन्य संचार में अंतर-संचालन (Interoperability) सक्षम करना।
- IRSA, सॉफ्टवेयर-नियंत्रित रेडियो (SDR) के लिए व्यापक सॉफ्टवेयर विनिर्देश।
  - मानकीकृत इंटरफेस, API, Execution Environment और Waveform Portability तंत्र को परिभाषित करता है।
- सॉफ्टवेयर युक्त रेडियो के लिए एक मानकीकृत सॉफ्टवेयर आर्किटेक्चर परिभाषित करने वाला भारत का पहला राष्ट्रीय विनिर्देश बना।

**LSAM 25 (यार्ड 135)**

- 11वाँ गोला-बारूद सह टॉरपीडो सह मिसाइल (ACTCM) बार्ज, की डिलीवरी।
- मेसर्स सूर्यादिप्ता प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, ठाणे (एक MSME शिपयार्ड) द्वारा निर्मित ।
- **लाभ :** जेटी व बाहरी बंदरगाहों पर नौसेना प्लेटफार्मों तक वस्तुओं/गोला-बारूद के परिवहन, लादना-उतारना सुगम बनेगा।

**INS अभय एवं INFAC T-82 सेवामुक्त**

| आधार | आईएनएस अभय | आईएनएफएसी T-82 |
|---|---|---|
| | सोवियत पाउक II श्रेणी का पनडुब्बी रोधी कोरवेट | इजराइली सुपर ड्वोरा एमके II श्रेणी |
| कमीशन | 1989, Poti (तत्कालीन सोवियत संघ, जॉर्जिया)। | 2003, नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई। |
| भूमिका/सेवा | पनडुब्बी-रोधी निगरानी/गश्त, तटीय रक्षा अभियान; एएसडब्ल्यू सेंसर व हथियार सूट का प्रभावी उपयोग। | खोज व बचाव में प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता, पनडुब्बी अनुरक्षण, तटीय अवरोधन अभियानों में सक्रिय। |

**स्वदेशी कस्टमाइज्ड TMJ प्रत्यारोपण**

- **मौलाना आजाद दंत विज्ञान संस्थान (MAIDS), नई दिल्ली** की नैदानिक टीम ने 4 रोगियों पर अनुकूलित TMJ (**Temporo&Mandibular Joint**) प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया।
- MAIDS, भारतीय अनुसंधान परिषद् के उन्नत अनुसंधान केन्द्र के रूप में कार्य करता है।
- TMJ प्रत्यारोपण को आईसीएमआर- डीएचआर-मेडटेक उत्पाद विकास त्वरण गेटवे ऑफ इंडिया (m-**PRAGATI**) में स्वदेशी रूप से विकसित किया गया था- जो IIT दिल्ली में MAIDS द्वारा समन्वित एक अत्याधुनिक सुविधा है।

**NCMM में दो नवीन CoE को मान्यता**

- दो नए संस्थानों को नेशनल क्रीटिकल मिनरल मिशन NCMM के अंतर्गत उत्कृष्टता केंद्र (CoE) के रूप में मान्यता दी।
  - **भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बैंगलोर**
  - **सेंटर फॉर मैटेरियल्स फॉर इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी (C-MET), हैदराबाद**
- प्रत्येक CoE हब एंड स्पोक मॉडल पर कार्य करेगा।

- कुल मान्यता प्राप्त केंद्रों की संख्या 9 हो गई।

## त्रिनेत्र

- नौसेना हथियार प्रणालियों के परीक्षण के लिए **अत्याधुनिक स्टेटिक फायरिंग सुविधा केंद्र।**
- नौसेना स्टेशन भीमुनिपट्टनम, विशाखापट्टनम के पास उद्घाटन किया।

## मिलिट्री कॉम्बैट पैराशूट सिस्टम (MCPS)

- DRDO द्वारा MCPS का 32,000 फीट की ऊंचाई से सफलतापूर्वक लड़ाकू फ्रीफॉल जंप परीक्षण किया गया।
- **विकास :** DRDO के **एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (ADRDE)**, आगरा ।
  - **डिफेंस बायोइंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रोमेडिकल लैबोरेटरी** (DEBEL), बेंगलुरु द्वारा ।
- यह भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा परिचालन में उपयोग की जाने वाली एकमात्र पैराशूट प्रणाली है जो 25,000 फीट से अधिक ऊँचाई पर कार्य करने में सक्षम है।

## उन्नत नाइट विजन फैक्टरी : निम्मलुरु, आंध्र प्रदेश

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 16 अक्टूबर को फैक्टरी राष्ट्र को समर्पित की।
- यह नाइट विजन उपकरण, मिसाइल सेंसर और ड्रोन गार्ड सिस्टम बनाने में भारत की क्षमता को बढ़ाएगी ।
- **स्थापना :** भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) द्वारा।

## 'नैफिथ्रोमाइसिन'

- पहला स्वदेशी एंटीबायोटिक
- भारत के **जैव प्रौद्योगिकी विभाग** ने निजी फार्मा कंपनी **वॉकहार्ट** के सहयोग से विकसित।
- प्रतिरोधी श्वसन संक्रमणों के विरुद्ध प्रभावी- विशेषकर कैंसर रोगियों और खराब नियंत्रित मधुमेह वाले रोगियों में उपयोगी।

## स्वदेशी 7 एनएम प्रोसेसर

- **IIT मद्रास** (शक्ति परियोजना के अंतर्गत) द्वारा विकसित किया जा रहा।
- **ओपन-सोर्स RISC-V आर्किटेक्चर** पर आधारित।
- भारत ने 7 नैनोमीटर प्रोसेसर के विकास से उन्नत सेमीकंडक्टर डिजाइन में कदम रखा है।

## LCA तेजस Mk-1A

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL), नासिक उत्पादन इकाई में पहले LCA तेजस Mk-1A लड़ाकू विमान का अनावरण किया।
- LCA तेजस Mk-1A की तीसरी और हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर-40 (HTT-40) की दूसरी उत्पादन लाइन का भी उद्घाटन किया।

## गगनयान मिशन

- **मानवरहित परीक्षण उड़ान (G-1):** दिसंबर 2025 के पहले सप्ताह में प्रक्षेपण प्रस्तावित ।
  - व्योममित्र : मानवरहित गगनयान मिशन में भेजा जाएगा, पृथ्वी की निचली कक्षा में उड़ान भरेगा ।

## रक्षा खरीद नियमावली (DPM) 2025

- **विमोचन :** 23 अक्टूबर, 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा नई दिल्ली में।
- नियमावली 1 नवंबर, 2025 से प्रभावी हुई।
- तीनों सेनाओं और रक्षा मंत्रालय के प्रतिष्ठानों की लगभग रु. 1 लाख करोड़ मूल्य की खरीद को सुगम बनाएगी।
- **मुख्य विशेषताएँ**
  - केवल अत्यधिक देरी पर अधिकतम 10% LD
  - स्वदेशीकरण में LD मात्र 0.1% प्रति सप्ताह (अन्य मदों के लिए 0.5% था)
  - स्वदेशी विकसित वस्तुओं हेतु पांच वर्ष या उससे अधिक अवधि के आदेश प्राप्त हो सकते हैं।
  - 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' (NOC) आवश्यकता खत्म
  - PAC (Proprietary Article Certificate) आधारित खरीद की वैधता दो वर्ष तक होगी।

## रक्षा अधिग्रहण परिषद् की मंजूरी

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद् ने 23 अक्टूबर, 2025 को लगभग 79,000 करोड़ रुपये की कुल राशि के विभिन्न सैन्य सेवाओं के प्रस्तावों को मंजूरी दी।

- **भारतीय सेना :** नाग मिसाइल सिस्टम Mk-II (NAMIS), ग्राउंड बेस्ड मोबाइल ELINT सिस्टम (GBMES), हाई मोबिलिटी व्हीकल्स (HMV)
- **भारतीय नौसेना :** लैंडिंग प्लेटफॉर्म डॉक्स (LPD), 30 मिमी नेवल सरफेस गन (NSG), एडवांस्ड लाइट वेट टॉरपीडो (ALWT), इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रा-रेड सर्च एंड ट्रैक सिस्टम।
- **भारतीय वायु सेना :** सहयोगी लंबी दूरी लक्ष्य संतृप्ति/विनाश प्रणाली (CLRTS/DS)

### भारत का पहला सेमीकंडक्टर नवाचार संग्रहालय

- **अवस्थिति :** हैदराबाद, तेलंगाना में स्थापित।
- **उद्घाटन :** 12 अक्टूबर, 2025
- **स्थापना :** Technology Chip Innovation Programme (T-Chip) द्वारा
- **उद्देश्य :** चिप निर्माण में हुई क्रांतिकारी शोध और तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करना।

### स्वदेशी एंटी-ड्रोन ग्रिड 'सक्षम' का अनावरण

- भारतीय सेना ने दुश्मन के ड्रोनों को रोकने के लिए एक नई, स्वदेशी ड्रोन रोधी ग्रिड सक्षम (SAKSHAM) लॉन्च की है।
- **SAKSHAM :** Situational Awareness for Kinetic Soft and Hard Kill Assets Management
- **विकास :** भारतीय सेना और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, गाजियाबाद द्वारा संयुक्त रूप से विकसित ।
- **परास :** टैक्टिकल बैटलफील्ड स्पेस (TBS) में 3,000 मीटर (10,000 फीट) तक का हवाई क्षेत्र कवर करता है।

### 'बुरेवेस्टनिक' क्रूज मिसाइल

- रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने असीमित दूरी तक मार करने वाली परमाणु ऊर्जा चालित 'बुरेवेस्टनिक' क्रूज मिसाइल के सफल परीक्षण की घोषणा की
- '9M730 बुरेवेस्टनिक' (Burevestnik)को 'स्टॉर्म पेट्रेल' तथा नाटो द्वारा इसे 'SSC-X-9 Skyfall' भी कहा जाता है।

## महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

- **INS सह्याद्रि :** दक्षिण चीन सागर और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में परिचालन तैनाती के तहत् 02 अक्टूबर, 2025 को मलेशिया के **केमामन बंदरगाह** पहुंचा।
- **INS सतलुज :** भारतीय नौसेना का विशेष हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण पोत INS सतलुज ने मॉरीशस में 18वाँ संयुक्त हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण पूर्ण किया।
- **टाइटेनियम और सुपरलॉय मैटेरियल्स प्लांट :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पीटीसी इंडस्ट्रीज प्लांट को राष्ट्र को समर्पित किया ।
- **भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन :**
  - प्रथम बेस मॉड्यूल 2028 तक लॉन्च किया जाएगा
  - ISRO का लक्ष्य: वर्ष 2035 तक स्थापित करना

❑❑❑

# 05 खेल-कूद

## मीराबाई चानू

- विश्व वेट लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ द्वारा 2-11 अक्टूबर, 2025 तक नार्वे के फोर्डे शहर में हुआ।
- भारतीय वेट लिफ्टर मीराबाई चानू ने 48 किलो ग्राम वर्ग में रजत पदक जीता।
  - कुल 199 किलोग्राम (स्नैच में 84 किग्रा एवं क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा भार उठाया)
  - 2017 में स्वर्ण पदक, 2022 में रजत पदक जीता था।

## अभिनव बिंद्रा

- भारतीय ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को मिलोना कॉर्टिना, 2026 शीतकालीन ओलंपिक खेलो हेतु मशालवाहक (Torchbearer) के रूप में चुना गया।
- पूर्व में पेरिस 2024 ओलम्पिक में भी मशालवाहक थे।
- 2008 बीजिंग ओलंपिक पुरूषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्द्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले प्रथम भारतीय पहले व्यक्तिगत एथलीट है।

- **शीतकालीन ओलम्पिक खेल**
  - **अवधि** – 6-22 फरवरी, 2026 तक
  - **कहाँ** – मिलान, कॉर्टिना डी अमपेत्जो (इटली)
  - **मशाल** – 26 नवम्बर, 2025 को ओलंपिया (ग्रीस) में प्रज्वलित होगी।

## ज्योति सुरेखा वेन्नम

- नानजिंग (चीन) में हुए तीरंदाजी वर्ल्ड कप-2025 के फाइनल में कांस्य पदक जीता।
- प्रथम भारतीय महिला कपाउंड तीरंदाज बन गई।

## जोशना चिनप्पा

- भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी जोशन चिनप्पा ने 13 अक्टूबर, 2025 को योकोहामा (जापान) में आयोजित ओपन 2025 स्क्वैश टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता।
- कैरियर का 11वाँ PSA (प्रोफेशनल स्कवैश एसोसिएशन) टूर खिताब था।

## नीरज चोपड़ा

- ओलम्पिक पदक विजेता एवं भाला फेंक एथलीट
- प्रादेशिक सेना (Territorial Army) में लेफ्टिनेंट कर्नल की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

## मैग्नस कार्लसन

- **देश** – नार्वे, **खेल** – शतरंज
- 30 अक्टूबर, 2025 को सेंट लुइस, USA में आयोजित क्लब शतरंज चैपियंस-शोडाउन का खिताब जीता।
  - IInd विजेता - फेबियाना कारूआना – 16.5 अंक
  - IIIrd विजेता – हिकारा नाकामुरा – 14 अंक
  - IVth विजेता – डी. गुकेश (भारत - 10 अंक)

## सुल्तान जोहोर कप : 2025

- **आयोजन** – 11-18 अक्टूबर, 2025 तक।
- **मेजबान शहर** – जोहोर बाटन (मलेशिया)
- **प्रतिभागी टीमें** – कुल 6 (भारत, ऑस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन, मलेशिया न्यूजीलैंड, पाकिस्तान)
- **विजेता** – ऑस्ट्रेलिया (तीसरी बार खिताब जीता)
- **उप-विजेता** –भारत जूनियर पुरुष हॉकी टीम (फाइनल में 8वीं बार रिकॉर्ड प्रदर्शन)
- **फाइनल स्कोर** – ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 2-1 से पराजित किया।

## भारत-वेस्टंडीज टेस्ट शृंखला

- **आयोजन** – 2-14 अक्टूबर, 2025 तक भारत में।
- **प्रथम टेस्ट (अहमदाबाद)** – भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रन से हराया।
  प्लेयर ऑफ द मैंच (रवीन्द्र जडेजा)
- **दूसरा टेस्ट (दिल्ली)**-भारत ने वेस्टइंडीज को 7 विकेट से हराया। प्लेयर ऑफ द मैच (कूलदीप यादव)
- **प्लेयर ऑफ द सीरीज** – रवीन्द्र जडेजा
- **भारतीय टीम कप्तान** – शुभमन गिल

## 30 वीं सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप

- **आयोजन** – रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्राउंड, नारायणपुर (छत्तीसगढ़)
- **अवधि** – 4 सितम्बर-15 अक्टूबर, 2025 तक
- **विजेता** – मणिपुर (23वीं बार यह खिताब जीता)
- **उप-विजेता** – पश्चिम बंगाल

## महिला क्रिकेटरो का सम्मान

- आन्ध्र क्रिकेट संघ (ACA) ने 12 अक्टूबर, 2025 को विशाखापत्तनम स्थित डॉ. वाई.एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में भारत की दो दिग्गज महिला क्रिकेटरो को सम्मानित किया-
  1. **रवि कल्पना** – पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज
     - 'रवि कल्पना गेट' स्थापित।
  2. **मिताली राज**
     - पूर्व भारतीय कप्तान 'मिताली राज स्टैंड'

## ISSA जूनियर शूटिंग वर्ल्ड कप : 2025

- **आयोजन** – 24 सितम्बर-2 अक्टूबर, 2025 तक
- **स्थल** – डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली
- **मेजबानी** – भारत (प्रथम बार)
- प्रतियोगिता में 19 देशों के 208 निशानेबाजों ने भाग लिया।
- **भारत का प्रदर्शन** –
  1. पदक तालिका में शीर्ष स्थान
  2. कुल पदक जीते-26 (8 स्वर्ण, 10 रजत, 8 कास्य)
  3. स्वर्ण पदक विजेता
     - **पुरुष जूनियर** –
       - हिमांशु (10 मी. एयर राइफल)
       - जोनाथन गेविन एंटनी (10 मी. एयर राइफल)
       - नेलवल्ली मुकेश – (25 मी. पिस्टल)
     - **महिला जूनियर**
       - ओजस्वी ठाकुर (10 मी. एयर राइफल)
       - अनुष्का ठाकुर (50 मी. राइफल 3 पॉजीशन)
       - अनुष्का ठाकुर (50 मी. राइफल प्रोन)
     - **मिश्रित टीम**
       - ईशा अनिल एवं हिमांशु (10 मी. एयर राइफल)
       - रश्मिका सहगल और कपिल (10 मी. एयर राइफल)

## 12 वीं विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

- **आयोजन** – प्रथम बार भारत में 27 सितम्बर-5 अक्टूबर, 2025 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में।
- **भागीदारी** – 104 देशों के 1000 से अधिक एथलीटों ने 186 स्पर्द्धाओं में भाग लिया।
- **भारतीय टीम** – 73 सदस्य (54 पुरूष + 19 महिलाएँ)
- **परिणाम** –
  - **शीर्ष स्थान :** ब्राजील (15 स्वर्ण, 20 रजत, 9 कांस्य)
  - **द्वितीय स्थान :** चीन (13 स्वर्ण, 22 रजत, 17 कांस्य)
- **भारत का प्रदर्शन :** पदक तालिका में स्थान : 10 वाँ
  - अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन
  - कुल पदक जीते : 22(6स्वर्ण, 9 रजत, 7 कांस्य )
- **पदक विजेता भारतीय खिलाड़ी**

| | |
|---|---|
| स्वर्ण पदक | पुरुष :<br>• निषाद कुमार – ऊँची कूद T47<br>• शैलेश कुमार – ऊँची कूद T63<br>• संदीप संजय सर्गर – भाला फेंक F44<br>• रिंकू हूड्डा – भालाफेंक F46<br>• सुमित अंतिल – भाला फेंक F46<br>महिला<br>• सिमरन शर्मा – (100 मी. रेस T12) |
| रजत पदक | पुरूष<br>• योगेश कथूनिया – डिस्कस थ्रो F56<br>• नवदीप सिंह – भाला फेंक थ्रो F41<br>• संदीप चौधरी – भाला फेंक थ्रो F44<br>• सुंदर सिंह गुर्जर – भाला फेंक थ्रो F46<br>• धर्मवीर नैन (क्लब थ्रो F51 )<br>महिला<br>• प्रीतिपाल (100 मी. रेस T35)<br>• सिमरन शर्मा (200 मी. रेस T12)<br>• दीप्ती जीवांजी (400 मी. रेस T20)<br>• एकता भयान (क्लब थ्रो T51 ) |
| कांस्य पदक | पुरुष<br>• संदीप – 200 मी. T44<br>• वरूण कुमार भाटी – ऊँची कूद T63<br>• प्रवीण कुमार – ऊँची कूद T64<br>• सोमन राणा – शॉटपुट F57<br>• अतुल कौशिक – डिसकस थ्रो F57<br>• परदीप कुमार – डिस्कस थ्रो F64<br>महिला<br>• प्रीतिपाल (200 मी. रेस T35) |

## BWF वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2025

- **आयोजन** – गुवाहाटी, असम (भारत में दूसरी बार-प्रथम 2008)
- **दिनाँक** – 6-11 अक्टूबर (मिश्रिम टीम)
  13-19 अक्टूबर (व्यक्तिगत टीम)
- **भारतीय प्रदर्शन**
  - **मिश्रित टीम (सुहांडिनाता कप)** – भारत को जूनियर टीम ने प्रथम बार इस इवेंट में कांस्य पदक जीता।
  - **महिला एकल (रजत पदक)** – भारतीय युवा शटलर तन्वी शर्मा ने रजत पदक जीता।

## 3rd यूथ एशियन गेम्स : 2025

- **आयोजन :** मनामा, बहरीन
- **अवधि :** 22-31 अक्टूबर, 2025 तक
- **शीर्ष स्थान :** चीन (147 पदक)
- **भारत का प्रदर्शन :** पदक तालिका में 6वाँ स्थान
  - **कुल पदक :** 48 जीते
  - (13 स्वर्ण, 18 रजत, 17 कांस्य)

| स्वर्ण पदक विजेता | |
|---|---|
| **समुद्र तट कुश्ती** | फूलमाली सैनी सुभाष – 60 किग्रा<br>रूहील अर्जुन – 90 किग्रा<br>अंजलि – 55 किग्रा |
| **मुक्केबाजी** | खुशी चंद – 46 किग्रा<br>अहाना शर्मा – 50किग्रा<br>अंशिका – +80 किग्रा |
| **कबड्डी** | भारतीय लड़कों की टीम – स्वर्ण<br>भारतीय लड़कियों की टीम – स्वर्ण<br>**नोट : भारतीय टीम में शामिल राजस्थानी खिलाड़ी – निकिता देवन्दा, लक्षिता गुर्जर, अक्षिता देवन्दा, कृष्णा, सचिन चौधरी** |
| भारोत्तोलन | भोई प्रीतिस्मिता – 44 किग्रा क्लीन एंड जर्क |

❒❒❒

# 06 महत्त्वपूर्ण–दिवस

| दिनांक | दिवस | विषय |
|---|---|---|
| 1 अक्टूबर | अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस | |
| 1 अक्टूबर | एनपीएस दिवस 2025 | **थीम** : 'समावेशी पेंशन, अभिनव समाधान : भारत में सेवानिवृत्ति सुरक्षा को मजबूत करना' |
| 2 अक्टूबर | गाँधी जयंती | राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 156 वी जयंती मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 121 वीं जयंती |
| 4 अक्टूबर | विश्व पशु दिवस | |
| 5 अक्टूबर | विश्व शिक्षक दिवस | |
| 6 अक्टूबर | विश्व सेरेबल पाल्सी दिवस | **थीम** : 'संकट में शहरी समाधान है'। |
| 7 अक्टूबर | विश्व कपास दिवस | **थीम** : 'कपास, हमारे जीवन का तानाबाना। |
| | | |
| 8 अक्टूबर | भारतीय वायु सेना दिवस | भारतीय वायु सेना ने वर्ष 2025 में अपनी 93वीं वर्षगाँठ मनाई<br>**थीम** : 'भारतीय वायु सेना : अचूक, अभेद्य व सटीक' |
| 10 अक्टूबर | विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 | **थीम** : 'सेवाओं तक पहुँच–आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य'। |
| 11 अक्टूबर | अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस | |
| 12 अक्टूबर | विश्व अर्थराइटिस दिवस (विश्व गठिया दिवस) | |
| 13 अक्टूबर | अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस | **थीम** : 'आपदाओं के लिए नहीं, बल्कि लचीलेपन के लिए धन जुटाएँ' है। |
| 15 अक्टूबर | विश्व छात्र दिवस | |
| 16 अक्टूबर | विश्व खाद्य दिवस | **थीम** : 'बेहतर भोजन और बेहतर भविष्य के लिए हाथ में हाथ डालें'। |
| 21 अक्टूबर | पुलिस स्मृति दिवस | 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में भारी हथियारों से लैस चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में शहीद होने वाले 10 बहादुर पुलिसकर्मियों की याद में मनाया जाता है। |
| 24 अक्टूबर | विश्व पोलियो दिवस | **थीम** : 'पोलियो का अभी अंत करें: हर बच्चे की रक्षा करें' |
| 24 अक्टूबर | संयुक्त राष्ट्र दिवस | |
| 31 अक्टूबर | राष्ट्रीय एकता दिवस | सरदार पटेल जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता<br>31 अक्टूबर, 2025 को 150वीं जयंती मनाई गई।<br>सरदार पटेल ने 562 रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। |

# 07 महत्त्वपूर्ण–पुस्तकें

| क्र.सं. | पुस्तक का शीर्षक | लेखक |
|---|---|---|
| 1. | **द बर्निंग अर्थ** : एन एनवायर्नमेंटल हिस्ट्री ऑफ द लास्ट 500 इयर्स<br>(ब्रिटिश अकादमी बुक अवॉर्ड–2025 की विजेता) | सुनील अमृत |
| 2. | **द आउटसाईडर** : ए`ममोयर फॉर मिसफिट्स | वीर दास |
| 3. | **द विल शूट यू, मैडम** : माई लाइफ थ्रो कंफिलक्ट | हरिन्दर बवेजा |
| 4. | 'रेडी, रिलेवेंट एंड रिसर्जेंट II शेपिंग ए फ्यूचर रेडी फोर्स<br>• **लेखक** – चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान<br>• **विमोचन** – रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 14 अक्टूबर, 2025 | |
| 5. | डिफरेंट बट नो लेस | अनुपम खेर |
| 6. | द चोला टाइगर्स : एवेंजर्स ऑफ सोमनाथ | अमीश त्रिपाठी |
| 7. | भारत हेतु कृत्रिम बुद्धिमता 2030पहल के अंतर्गत तीन पुस्तिकाओं का विमोचन ($4^{th}$ औद्योगिक क्रांति केन्द्र द्वारा संचालित)<br>• भारत में भविष्य की खेती : कृषि के लिए AI प्लेबुक<br>• छोटे व्यवस्थाओं का रूपांतरण : भारत में MSME के लिए एक AI प्लेबुक<br>• इंटेली जेंट एज के लिए AI सैंडबॉक्स इको–सिस्टम को आकार देना : श्वेत पत्र | प्रो. अजय कुमार |
| 8. | पुस्तक : 'जनसत्ता के प्रभाष जोशी'<br>• **लोकार्पण** : इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA)<br>• **संपादन** : IGNCA के अध्यक्ष राम बहादुर राय | |
| 9. | प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों पर आधारित पुस्तकें<br>1. सबका साथ 2. सबका विकास<br>3. सबका विश्वास 4. सबका प्रयास | |
| 10. | मैनें कैंसर को जीत लिया | डॉ. पलवगेंडा रेड्डी |
| 11. | अबव एंड बियॉन्ड : एविएशन की अद्भुत दुनिया की खोज | शिव कुमार मोहनका |
| 12. | मोदी का मिशन | बर्जिस देसाई |
| 13. | डॉ. के.सी. कंधारी पुस्तक पुरस्कार : 2024<br>• जयपुर के डॉ. आयुष जैन को दिया गया | |

# अति महत्त्वपूर्ण संभावित वस्तुनिष्ठ-प्रश्न

**1. पंडित छन्नूलाल मिश्र किस शास्त्रीय संगीत घराने से संबंधित थे?**

[a] पटियाला [b] बनारस
[c] आगरा [d] ग्वालियर

**2. दलहन आत्मनिर्भरता मिशन से संबंधित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. इसकी शुरूआत 11 अक्टूबर, 2025 को की गई।
2. इसका लक्ष्य 2030-31 तक दलहन उत्पादन को 350 लाख टन बढ़ाना है।
3. मिशन की घोषणा केन्द्रीय बजट 2024-25 में की गई।

**उचित विकल्प का चयन कीजिए-**

[a] 1 व 2 दोनों कथन सत्य
[b] 2 व 3 दोनों कथन असत्य
[c] 1 व 3 दोनों कथन असत्य
[d] केवल कथन 1 सत्य

**3. P.M. सेतु योजना संबंधित असत्य कथन/कथनों का चयन कीजिए-**

1. इसके तहत 1000 सरकारी ITI का चयन किया जायेगा।
2. प्रथम चरण में ITI भरतपुर को स्पोक संस्थान के रूप में विकसित किया जायेगा।
3. 6 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थाओं को उत्कृष्टता केन्द्र रूप में विकसित किया जायेगा।
4. इसमें 800 ITI स्पोक से जुडेंगे।

**उचित विकल्प का चयन कीजिए-**

[a] 1 व 2 [b] 2 व 3
[c] 3 व 4 [d] 1 व 4

**4. निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के लिये लक्षित जिलों के चयन का आधार नहीं है-**

[a] कम कृषि उत्पादकता
[b] ऋण भुगतान की निम्न दर
[c] कम सिंचित क्षेत्र
[d] कम फसल सघनता

**5. ''आदर्श युवा ग्राम सभा पहल का उद्देश्य हैं''**

[a] ग्राम सभाओं में युवाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाना।
[b] प्रत्येक उपखण्ड में एक आदर्श ग्राम सभा बनाना।
[c] राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप, युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना।
[d] उपरोक्त में से कोई नहीं।

**6. 2025 का राष्ट्रीय विज्ञान रत्न पुरस्कार किसे प्रदान किया गया-**

[a] प्रो. जयंत विष्णु नार्लीकार (भौतिकी)
[b] प्रो. प्रदीप थलप्पिल (रसायन विज्ञान)
[c] प्रो जयंत विष्णु नार्लीकार (रसायन विज्ञान)
[d] प्रो. प्रदीप थलप्पिल (भौतिकी)

**7. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पर राष्ट्रीय सम्मेलन 2025 का विषय था?**

[a] स्वास्थ्य सुधार के लिए - सी.एस.आर उत्कृष्टता का लाभ उठाना
[b] जनजातीय विकास के लिए - सी.एस.आर उत्कृष्टता का लाभ उठाना
[c] पर्यावरण संरक्षण के लिए - सी.एस.आर उत्कृष्टता का लाभ उठाना
[d] ग्रामीण विकास के लिए - सी.एस.आर उत्कृष्टता का लाभ उठाना

**8. हाल ही में जारी IUCN की वर्ल्ड हेरिटेज आउटलुक-4 रिपोर्ट से संबंधित कथनों पर विचार कीजिए-**

1. सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान व पश्चिम घाट गंभीर चिंता श्रेणी में शामिल।
2. कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान व काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान गुड विद सम कंसर्न श्रेणी में शामिल है।

**असत्य कथन/कथनों का चयन कीजिए-**

[a] केवल 1 [b] केवल 2
[c] 1 और 2 दोनों [d] न तो 1 न 2

**9. ''पीएम गतिशक्ति'' पहल की चौथी वर्षगांठ पर कौनसी पहल का शुभारंभ नहीं किया गया?**

[a] लॉजिस्टिक्स एक्सीलेंस, एडवांसमेंट एंड परफॉर्मेस शील्ड-2025
[b] पीएम गतिशक्ति पब्लिक प्लेट फॉर्म
[c] पीएम गतिशक्ति ऑफशोर पहल
[d] पीएम गतिशक्ति शक्ति जिला मास्टर प्लान

**10. केन्द्रीय वित्त मंत्री द्वारा ''आपकी पुंजी, आपका अधिकार अभियान'' की शुरूआत कहाँ से की गई-**

[a] गाँधीनगर, गुजरात [b] गया, बिहार
[c] मुम्बई, महाराष्ट्र [d] जयपुर, राजस्थान

**11. सहकारी मल्टी फीड कंप्रेस्ड-बायोगैस प्लांट किस राज्य में स्थापित किया गया-**

[a] मध्यप्रदेश [b] महाराष्ट्र

[c] उत्तर प्रदेश [d] कर्नाटक

**12. ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए गठित एक विशेष समिति का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया-**

[a] पूर्व न्यायाधीश आशा मेनन

[b] पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई

[c] नित्या राजशेखर

[d] मुख्य न्यायाधीश बी.आर.गवई

**13. हाल ही में शुरू की गई नामचिक-नामफुक कोयला खदान किस राज्य में अवस्थित है-**

[a] अरूणाचल प्रदेश [b] असम

[c] उड़ीसा [d] छत्तीसगढ़

**14. हाल ही में गठित भुगतान विनियामक बोर्ड संबंधित असत्य कथन की पहचान कीजिए-**

[a] इसके द्वारा भुगतान और निपटान प्रणाली विनियमन, पर्यवेक्षण बोर्ड को प्रतिस्थापित किया गया।

[b] इसका गठन भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम 2007 के तहत किया गया।

[c] अध्यक्षता RBI उपगर्वनर द्वारा कि जायेगी।

[d] 6 सदस्यीय बोर्ड में सरकार द्वारा तीन सदस्य नामित किये जायेंगे।

**15. "Ready Relevant and Resurgent II : Shaping a Future Ready Force" नामक पुस्तक के लेखक है-**

[a] CDS अनिल चौहान

[b] एयर चीफ मार्शल एपी सिंह

[c] एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी

[d] जनरल उपेन्द्र द्विवेदी

**16. भारतीय तटरक्षक जहाज ''अक्षर'' से संबंधित सत्य कथन/कथनों का चयन कीजिए-**

1. अदम्य श्रेणी के तीव्र गश्ती पोत श्रृंखला का प्रथम जहाज है।
2. इसका निर्माण गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया।
3. इसका जलावरतण माहे (पुदुचेरी) में किया गया।

**उचित विकल्प का चयन कीजिए-**

[a] 1 व 2 [b] 2 व 3

[c] केवल 2 [d] केवल 1

**17. नमो सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला स्थापित कि जायेगी-**

[a] IIT भुवनेश्वर [b] IIT मुम्बई

[c] IIT गुहावाटी [d] IIT हैदराबाद

**18. स्वदेशी ''7 एनएम प्रोसेसर'' निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा विकसित किया जा रहा है?**

[a] IIT जोधपुर [b] IIT मद्रास

[c] IIT खड़गपुर [d] IIT कानपुर

**19. हाल ही में जलावतरित तीव्र गश्ती नौकाएँ आईसीजीएस ''अजीत व अपराजित'' से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**

1. इनका निर्माण कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया।
2. इनका जलावतरण गोवा में किया गया।
3. इनमें नियंत्रणीय पिच प्रोपेलर लगे।

**सत्य कथन/कथनों का चयन कीजिए-**

[a] 1 व 3 [b] केवल 3

[c] केवल 2 [d] 2 व 3

**20. पनडुब्बी रोधी युद्ध शैलो वाटर क्राफ्ट 'मगदाला' से संबंधित असत्य कथनों का चयन कीजिए-**

1. यह आठ पनडुब्बी रोधी युद्ध शैलो वाटर क्राफ्ट श्रृंखला का पहला पोत है।
2. निर्माण कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया गया।
3. इसमें दो डीजल इंजन संचालित वाटर-जेट प्रणालियों का उपयोग किया।

**उचित विकल्प का चयन कीजिए-**

[a] 1 व 2 [b] 2 व 3

[c] 1 व 3 [d] उपरोक्त सभी

**21. राजीविका द्वारा 4 अक्टूबर, 2025 को किस संस्थान के साथ विपणन सशक्तिकरण हेतु MoU किया गया है?**

[a] भारतीय खादी बोर्ड

[b] भारतीय शिल्प एवं डिजाइन संस्थान

[c] भारतीय हथकरघा संघ

[d] भारतीय प्रबंधन संस्थान

**22. धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु 17 अक्टूबर, 2025 को राष्ट्रपति ने राजस्थान के किस लोकसेवक को पुरस्कृत किया है?**

[a] किरोड़ीलाल मीणा

[b] डॉ. मनीष वर्मा

[c] मुख्य सचिव - सुधांशु पंत

[d] कुंजीलाल मीणा

**23. 11 अक्टूबर, 2025 को प्रधानमंत्री द्वारा पी.एम.धान्य कृषि योजना में शामिल राजस्थान के जिलों का सही कूट वालो का कथन का चयन कीजिए–**

1. बाड़मेर, जैसलमेर, नागौर, जोधपुर
2. बीकानेर, पाली, जालौर, चुरू
3. सीकर, गंगानगर, भरतपुर, बीकानेर

कूट :

[a] 1 व 2 दोनों सही
[b] 2 व 3 दोनों सही
[c] 1 व 3 सही
[d] इनमें से कोई नहीं

**24. विकसित राजस्थान @2047 विजन के संदर्भ में सत्य कथनों का चयन कीजिए–**

1. विमोचन–13 अक्टूबर, 2025 को केन्द्रीय गृहमंत्री अमितशाह द्वारा
2. प्रारूप तैयार – रीति एवं नीति आयोग
3. चार थीम के साथ 13 सेक्टर्स पर आधारित है।
4. प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाना
5. जीवन प्रत्याशा दर 77 वर्ष का लक्ष्य

**कूट :**

[a] 1, 2, 3 सही [b] 1, 3 सही
[c] केवल 2 सही [d] सभी कथन सत्य

**25. पी.एम सूर्यघर मुख्यमंत्री नि:शुल्क बिजली योजना के संदर्भ में सही कथनों का समूह है–**

1. योजना में रजिस्ट्रेशन का प्रारंभ गृहमंत्री अमितशाह ने 13 अक्टूबर, 2025 को किया।
2. 150 यूनिट में मुक्ति बिजली हेतु सोलर रूफ टॉप लगाए जाएँगे।
3. घरेलू उपभोक्ताओं को 1.1 KW क्षमता के सोलर पैनल लगेंगे।
4. केन्द्र सरकार की सब्सिडी के अलावा राज्य सरकार 17,000 रूपए प्रति उपभोक्ता की सब्सिड़ी प्रदान करेगी।

**कूट :**

[a] 1 व 2 सही [b] 1 व 3 सही
[c] 2 व 3 सही [d] सभी कथन सत्य

**26. राजस्थान में प्रथम बार 'कम्यूनिटी रेडियो स्टेशन' शुरू करने वाली संस्था कौनसी है?**

[a] जयनारायण व्यास वि.वि. जोधपुर
[b] श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि वि.वि. जोबनेर
[c] महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि.वि उदयपुर
[d] राधाकृष्णन आयुर्वेद वि.वि. जोधपुर

**27. 'इन्द्र 2025' युद्धाभ्यास के संदर्भ में असत्य कथन का चयन कीजिए–**

[a] आयोजन – पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज, जैसलमेर
[b] अवधि – 7-15 अक्टूबर, 2025 तक
[c] भारत एवं रूस का संयुक्त युद्धाभ्यास है।
[d] लक्ष्य – आतंकवादी रोधी अभियान

**28. केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव (पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री) द्वारा राजस्थान के प्रथम नमो जैव विविधता पार्क का उद्घाटन कहाँ किया गया?**

[a] धोनिया ग्राम, बाड़मेर
[b] प्रताप बांध, अलवर
[c] बोरानाडा, जोधपुर
[d] कालवाड़, जयपुर

**29. नई दिल्ली में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय रैंकिंग जूडो टूर्नामेंट 2025 में राजस्थान के विष्णु शर्मा ने 100 किग्रा भार वर्ग में कौनसा पदक जीता।**

[a] स्वर्ण पदक [b] रजत पदक
[c] कांस्य पदक [d] स्वर्ण+रजत पदक

**30. जयपुर की प्रसिद्ध लेखिका भाविनी भार्गव की पुस्तक का नाम बताइए, जिसमें अनकही या अनसुनी मार्मिक बातों का उल्लेख है–**

[a] अग्निपथ नहीं जनपथ [b] ए व्यू फ्रॉम विदिन
[c] अन्हर्ड [d] मैला आँचल

# ANSWER KEY

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| B | A | B | C | C | A | B | B | D | A | B | A | A | C | A |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| C | A | B | D | C | B | D | A | D | D | C | A | B | B | C |

# टॉपर्स-टॉक



Rank - 03
(RAS-2023)

## परमेश्वर चौधरी

| | | |
|---|---|---|
| पिता | - | श्री हरिराम चौधरी |
| माता | - | श्रीमती भूली देवी |
| 10th | - | ग्रीन रोज एकेडमी उ.मा.विद्यालय सांवतसर, किशनगढ़ |
| 12th | - | राजकीय उ.मा.विद्यालय, किशनगढ़ |
| स्नातक | - | सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय कॉलेज, अजमेर |

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में आपकी उपलब्धि पर बधाई!**

**परमेश्वर चौधरी :** धन्यवाद ! बहुत-बहुत आभार आपका।

**प्रश्न : आपकी पारिवारिक और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के बारे में बताइये आपकी तैयारी में इनकी क्या भूमिका रही?**

**परमेश्वर चौधरी :** माता-पिता किसान है। मेरी तैयारी में मेरी मौसी का योगदान महत्त्वपूर्ण रहा क्योंकि मैंने 10th कक्षा से ही उनके पास रहकर ही तैयारी की थी। परिवार में चाचा जी रेलवे पुलिस में है तो वे प्रेरित करते थे।

**प्रश्न : आपने आर.ए.एस. परीक्षा की तैयारी कब से शुरू की और आपके अनुसार इस परीक्षा की तैयारी के लिए कितना समय पर्याप्त है?**

**परमेश्वर चौधरी :** मैंने शुरूआती तैयारी वर्ष 2017-18 से शुरू कर दी थी लेकिन एक RAS परीक्षा के अभ्यर्थी की भांति तैयारी वर्ष 2021 से शुरू की थी। बेसिक ज्ञान एवं कोचिंग करने के पश्चात्त 6-8 माह का समय काफी होता है।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान आपने कौनसी अध्ययन सामग्री का उपयोग किया ?**

**परमेश्वर चौधरी : RAS की तैयारी की प्रक्रिया लंबी है और पाठ्यक्रम विस्तृत है कोचिंग इसमें सारे पाठ्यक्रम की समझ विकसित करने, उससे संबंधित सामग्री प्रदान करने, परीक्षा पैटर्न के अनुसार तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है मैंने स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी के प्रामाणिक एवं सारगर्भित क्लासरूम नोट्स के साथ-साथ पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों का तुलनात्मक अध्ययन किया था।**

**प्रश्न : क्या प्रारंभ से ही आपका लक्ष्य सिविल सेवा में जाना था तथा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए आपके प्रेरणा स्रोत कौन रहे?**

**परमेश्वर चौधरी :** स्कूली शिक्षा के दौरान ही महापुरुषों की जयंती पर कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित होते थे। उसमें गुरूजन अलग-अलग क्षेत्र की जानकारी साझा करते थे और उस क्षेत्र में काम करने वाले गणमान्य लोगों से मार्गदर्शन करवाते थे, तो वहीं से ही इसमें रूचि विकसित हुई कि सिविल सेवा में जाना है और गुरूजन समय-समय पर ईमानदार अधिकारियों की प्रेरणात्मक कहानियाँ और उनके नवाचारों को बताकर जोश भरते रहते थे।

**प्रश्न : आर.ए.एस. परीक्षा के लिए मासिक समसामयिकी पत्रिका की क्या उपयोगिता है ?**

**परमेश्वर चौधरी : मासिक समसामयिकी पत्रिका प्रारम्भिक, मुख्य और साक्षात्कार तीनों स्तरों पर बहुत लाभदायक है। वर्तमान में स्प्रिंगबोर्ड की मासिक-समसामयिकी पत्रिकाएँ RPSC के बदलते परीक्षा पैटर्न के अनुकूल है। उनका नियमित अध्ययन अवश्य किया जाना चाहिए।**

**प्रश्न : सिविल सेवा परीक्षा में कोचिंग की क्या भूमिका है? क्या स्वाध्याय से भी इस परीक्षा में सफलता पाई जा सकती है?**

**परमेश्वर चौधरी :** नि:संदेह स्वाध्याय से सफलता प्राप्त की जा सकती है क्योंकि बिना स्वाध्याय के कोई सफल नहीं होता है लेकिन समय थोड़ा ज्यादा लग सकता है और कोचिंग इस समय की बचत कर देती है। बाकी ऐसा कोई काम नहीं जो असंभव हो तो स्वाध्याय से सफलता पाना भी संभव है।

**प्रश्न : कोचिंग के लिए किसी संस्थान का चयन करने के लिए क्या मापदण्ड होने चाहिए। क्या आपने किसी कोचिंग संस्थान से तैयारी की है ?**

**परमेश्वर चौधरी :** उस संस्थान का पूर्व परिणाम, वहाँ की पाठ्यसामग्री और शिक्षक, किसी परीक्षा के प्रति उस संस्थान का समर्पण एवं **मैंने स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी से ऑनलाइन माध्यम कोचिंग की है और उपर्युक्त मापदण्डों पर किया गया मेरा चयन मेरे परिणाम से सही साबित हुआ है।**

**प्रश्न : परीक्षा में आपका भाषायी माध्यम क्या था ? सिविल सेवा में सफल होने के लिए भाषाई माध्यम की भूमिका के बारे में बताइये?**

**परमेश्वर चौधरी :** RAS परीक्षा में माध्यम की भूमिका केवल मुख्य परीक्षा में होती है और मुझे जहाँ तक ज्ञात है इस परीक्षा में ऐसा कोई मुद्दा नहीं है कि किसी विशेष माध्यम वाले अभ्यर्थियों के सफलता का प्रतिशत ज्यादा हो।

**प्रश्न : मुख्य परीक्षा में लेखन शैली को बेहतर बनाने के लिए आप क्या सुझाव देंगे?**

**परमेश्वर चौधरी :** जो भी प्रामाणिक पाठ्य सामग्री उपलब्ध है उसका दो-तीन बार रिवीजन होने के बाद परीक्षा पैटर्न आधारित लिखने का प्रयास करें और नियमित टेस्ट पेपर देने चाहिए।

**प्रश्न : प्रारम्भिक तथा मुख्य परीक्षा में शॉर्ट नोट्स की क्या नोट्स की क्या भूमिका रहती है ?**

**परमेश्वर चौधरी :** यह मेरी कमजोरी रही कि मैं शॉर्ट नोट्स बनाने में अपने-आप को सक्षम नहीं मानता था। लेकिन ये अंतिम समय के रिवीजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते है तो पर्याप्त समय हो तो बनाने चाहिए।

**प्रश्न : मॉक साक्षात्कार की भूमिका के बारे में बताइए तथा राजस्थान लोक सेवा आयोग में आपके साक्षात्कार का अनुभव कैसा रहा ?**

**परमेश्वर चौधरी :** RAS-2023 का मेरा RPSC में 4th साक्षात्कार था। इससे पहले मैं ACF/FRO, SI 2021 और RAS-2021 का साक्षात्कार दे चुका था इसलिए आत्मविश्वास अच्छा था और मेरे हिसाब से यह मेरा बेहतरीन साक्षात्कार रहा।

**प्रश्न : आपकी सफलता में शिक्षकों के योगदान के बारे में बताइये?**

**परमेश्वर चौधरी :** स्प्रिंगबोर्ड एकेडमी के **विजय शेखावत सर** का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। मैं उनके समझाने के तरीके से बहुत प्रभावित रहा। नीतिशास्त्र व अर्थशास्त्र जैसे विषय जो मुझे कठिन लगते थे। ये विषय इतने सरल और प्रभावी तरीके से पढाए कि ये बाद में मेरे सबसे रूचिकर विषय बन गए और मुख्य परीक्षा में मैंने इनमें बहुत अच्छा स्कोर किया।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान मित्रों की क्या भूमिका रही ?**

**परमेश्वर चौधरी :** मेरे मित्र मेरे साथ तैयारी करते थे लेकिन वे ऑनलाइन जुड़े हुए थे उन्होंने मुझे कभी यह जरूरत महसूस नहीं होने दी कि मुझे ऑफलाइन पढ़ना चाहिए या नहीं। उनकी बदौलत ही मैंने इस सफलता को प्राप्त किया।

**प्रश्न : प्लान-B के बारे में आपका क्या विचार है ?**

**परमेश्वर चौधरी :** मैं प्लान-B का समर्थक हूँ और यह प्रत्येक अभ्यर्थी की परिस्थितियों पर निर्भर करता है कि प्लान-B होना चाहिए या नहीं। मेरी पारिवारिक परिस्थितियाँ ऐसी नहीं थी कि मैं लंबे समय तक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकूँ, तो मैंने पहले एक स्थायी नौकरी प्राप्त की और फिर प्लान-A जो RAS बनने का था उसकी तरफ बढ़ गया।

**प्रश्न : एक अधिकारी के रूप में आप कौनसे बदलाव लाने के लिए काम करेंगे ?**

**परमेश्वर चौधरी :** मेरा प्रयास यहीं रहेगा कि मैं इस धारणा को तोड़ सकूँ जिसमें आम लोगों को लगता है कि अधिकारी से मिलना या काम करवाकर आसान नहीं है जनता का सेवक होने के नाते उनमें इस बात को महसूस करवाना है कि उनकी सेवा करना हमारा कर्त्तव्य है और हमसे हमारे अधिकार क्षेत्र में रहते हुए काम करवाना उनका अधिकार है।

**प्रश्न : आपकी सफलता का मूलमंत्र बताइये ?**

**परमेश्वर चौधरी :** दृढ़ निश्चय, ईमानदारी से प्रयास, अनुशासन, समय का उचित प्रबंधन, अपनी कमियों को स्वीकारना और उसमें सुधार करना।

**प्रश्न : तैयारी के दौरान समय प्रबंधन कैसे किया ?**

**परमेश्वर चौधरी :** मैं पूर्व में प्रयोगशाला सहायक के पद पर कार्यरत था तो विद्यालय समय के बाद को दक्षता से उपयोग करना पड़ता था और कार्यस्थल सहयोगी वातावरण वाला होने से समय प्रबंधन आसान हो जाता है। लेकिन पढ़ाई में निरंतरता, पढ़े गए घंटों से ज्यादा महत्त्वपूर्ण होती है, और मैंने ऐसे कोई भी ऐप्लीकेशन काम में नहीं लिए जो मेरी तैयारी में कोई विशेष भूमिका नहीं निभाते हो, तो सोशल मीडिया से पर्याप्त दूरी रखी थी।

**प्रश्न : प्रशासनिक अधिकारी के रूप में हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं!**

**परमेश्वर चौधरी :** धन्यवाद!, बहुत-बहुत आभार आपका।